हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

## कवर्धा हादसा

### वाहन चालक और मालिक गिरफ्तार गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज





*पंडरिया के अंतर्गत आने वाले ग्राम बाहपानी के पास सोमवार को हुए भीषण सड़क हादसे में मरने वाले 19 बैगा समाज के तेंदूपत्ता संग्राहकों में से 17 का अंतिम संस्कार मंगलवार को किया गया। ग्राम सैमरहा में जली एक साथ 17 चिताओं ने पूरे वातावरण को गमगीन कर दिया। वहीं हादसे में 2 मृत महिलाओं का अंतिम संस्कार उनके ससुराल के गांवों में किया गया।*

# साथ जलीं 17 चिताएं

## दस एक ही परिवार के, बच्चे हुए अनाथ किसी ने पुत्र तो किसी ने पिता खोया

### किसी को मायके बुला ली मौत, तो किसी के परिवार के 10 सगे सदस्यों की उठी अर्थी







हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

ग्राम सैमरहा की दो बेटियों का विवाह विकासखंड पंडरिया के ग्राम दलपी तथा विकासखण्ड बोड़ला के ग्राम सिंगारी में हुआ था। गर्मी की छुट्टी में ये दोनों अपने ससुराल से मायके आई थी और अपने माता पिता तथा परिवार के अन्य सदस्यों के साथ सोमवार को तेंदूपत्ता तोड़ने गई थीं, लेकिन सड़क हादसे में इनकी मौत हो गई। जिसके बाद दोनों ही बेटियों के शवों को उनके ससुराल वाले अपने-अपने घर ले गए, जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया।

सोमवार को ग्राम सैमरहा निवासी फूलचंद धुर्वे अपनी पत्नी रामप्यारी धुर्वे तथा बेटी सोनम ▶▶ शेष पेज 4 पर

### विधायक भावना ने मृतकों के बच्चों को लिया गोद

**जिम्मेदारी उठाने का दिया भरोसा**

बाहपानी में हुए भीषण सड़क हादसे में अपनी जान गंवाने वाले 19 आदिवासियों के परिवार के बच्चों को विधायक भावना बोहरा ने गोद लेने की घोषणा की है। विधायक भावना बोहरा ने मंगलवार को मृतकों के परिवारजनों से उनके निवास जाकर भेंट किया और उन्हें ढांढस बंधाया। भावना बोहरा ने कहा कि यह दुखद व पीड़ादायक घटना है। जब परिवार का एक सदस्य जाता है तो पीड़ा होती है और उसकी कमी कभी पूरी नहीं हो सकती। विगत वर्षों में कुकदुर क्षेत्र के आदिवासी भाई-बहनों ने हमेशा ही मुझे एक ▶▶ शेष पेज 4 पर



### मैंने अपने परिवार के सदस्यों को खोया है

मृतकों के अंतिम संस्कार के वक्त कवर्धा विधायक तथा प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा शोकाकुल परिवारों के साथ खड़े नजर आए। साथ जिला तथा पुलिस प्रशासन के आला अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे। विजय शर्मा ने शोक सभा में मृतकों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि यह समय बहुत पीड़ा दायक है। ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कहीं भी और कभी भी ऐसी घटना ▶▶ शेष पेज 4 पर

### मुख्यमंत्री साय ने कवर्धा हादसे के मृतकों के परिजनों से की फोन पर बात



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कबीरधाम जिले के कुकदूर के ग्राम बाहपाली में हुए दुःखद हादसे में मृतकों के परिजनों से फोन पर बात कर अपनी शोक संवेदना प्रकट की। उन्होंने परिजनों के साथ खड़े रहने की बात कही और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। श्री साय ने बात करते हुए कहा, बहुत ही दुःखद घटना ▶▶ शेष पेज 4 पर

---

## INDIAN PREMIER LEAGUE 2024 — स्कोर बोर्ड

हैदराबाद 159/10 VS केकेआर 164/2

केकेआर, 8 विकेट से जीता

मिचेल स्टार्क
प्लेयर ऑफ द मैच

**आज का मैच**

राजस्थान VS बेंगलुरु

समय : सायं 7.30 बजे से

## खबर संक्षेप

### केकेआर ने कटाया फाइनल का टिकट

**अहमदाबाद।** कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल के पहले क्वालीफायर मुकाबले में



सनराइजर्स हैदराबाद को 38 गेंद शेष रहते आठ विकेट से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। सनराइजर्स की पारी को 159 रन पर समेटने के बाद केकेआर ने 13.4 ओवर में दो विकेट पर 164 रन बना कर चौथी बार इस लीग में फाइनल का टिकट कटाया।

### रिटायर आईएएस रमेश के ठिकानों पर छापे मारे

**नई दिल्ली।** ईडी ने सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी और



डीपीआईआईटी के पूर्व सचिव रमेश अभिषेक के खिलाफ उनके ठिकानों पर छापे मारे। यह कार्रवाई आय से अधिक संपत्ति के मामले से जुड़ी धनशोधन जांच के तहत की गई। पूर्व सचिव अभिषेक के खिलाफ सीबीआई द्वारा हाल में दर्ज एक प्राथमिकी पर आधारित है।

### सिसोदिया को हाईकोर्ट से झटका, याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** शराब घोटाले से जुड़े मामले में हाईकोर्ट ने दिल्ली



के पूर्व उपमुख्यमंत्री और आप नेता मनीष सिसोदिया द्वारा दायर जमानत याचिका खारिज कर दी। सिसौदिया ने सीबीआई और ईडी द्वारा जांच किए जा रहे मामलों में जमानत मांगी थी। हालांकि, कोर्ट ने सिसोदिया को सप्ताह में एक बार अपनी बीमार पत्नी से मिलने की अनुमति दी है।

---

## टॉपर्स कांड की जांच...

### सचिव ने मंगलवार को ही दी थी शिक्षामंत्री को जांच रिपोर्ट, श्री अग्रवाल ने देर रात किया आदेश

# टॉपर्स कांड में शिक्षामंत्री का बड़ा एक्शन, सचिव हटाई गईं परीक्षा प्रभारी सस्पेंड, मेरिट लिस्ट बनाने वाले दो बर्खास्त

*छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्या मंडलम में हुए टॉपर्स कांड में सरकार ने बड़ी कार्रवाई की है। जांच रिपोर्ट मिलते ही शिक्षामंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने देर रात संस्कृत बोर्ड की सचिव को हटाकर मूल विभाग भेजने, परीक्षा प्रभारी को निलंबित करने और मेरिट लिस्ट बनाने वाले स्टेनो और डाटा आपरेटर को बर्खास्त करने का आदेश जारी कर दिया। शिक्षा सचिव ने आज शाम ही शिक्षामंत्री को जांच रिपोर्ट दी थी। उसके बाद देर रात आदेश जारी किया गया।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

**हरिभूमि फॉलोअप**

उल्लेखनीय है कि हरिभूमि ने तीन दिन पहले बड़ा खुलासा किया था। संस्कृत विद्या मंडलम ने जो टॉपर लिस्ट जारी कि उसमें एक ऐसी छात्रा भी थी जिसने परीक्षा ही नहीं दी थी।

उसके बाद प्रदेशभर में हड़कंप मच गया और सरकार ने सख्ती का संकेत दिया था। 24 घंटे में रिपोर्ट तलब की गई। आज शाम शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी ने रिपोर्ट शिक्षामंत्री बृजमोहन अग्रवाल को भेजी और श्री अग्रवाल ने तत्काल कार्रवाई करते हुए देर रात आदेश जारी कर दिया। आदेश के अनुसार छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्या मंडलम की सचिव श्रीमती अलका दानी को प्रतिनियुक्ति समाप्त करते हुए उनके मूल पदस्थापना में वापस भेज दिया गया है। वहीं परीक्षा प्रभारी रहे सहायक संचालक लक्ष्मण प्रसाद साहू को निलंबित कर उनका मुख्यालय सयुक्त संचालक कार्यालय बस्तर किया गया है। इसके साथ ही विद्या मंडलम के स्टेनो, डाटा एंट्री ऑपरेटर संतोष ठाकुर एवं लिपिक वर्ग 3 परमेश्वर दयाल चौबे को उनके पदों से बर्खास्त कर दिया गया है।



### एक और जांच कमेटी, सात दिन में रिपोर्ट तलब

इस संबंध में श्री अग्रवाल ने संस्कृत विद्यमंडल की परीक्षाओं में हुई गड़बड़ियों के संबंध एक उच्च स्तरीय कमेटी का गठन कर एक सप्ताह के भीतर जांच प्रतिवेदन मागा है। उसके आधार पर भी आगे की कार्रवाई की जाएगी। सूत्रों के अनुसार इस मामले में स्कूल स्तर पर की गई घपलेबाजी और परीक्षा ▶▶ शेष पेज 4 पर

### हरिभूमि की टीम ने किया था सनसनीखेज खुलासा, एक्शन में सरकार




#### परीक्षा सिस्टम पर सवाल

जांच रिपोर्ट में संस्कृत विद्यामंडलम की परीक्षा प्रक्रिया पर सवाल उठाए गए हैं। साथ ही यह सिफारिश की गई है कि संस्कृत की परीक्षाओं का जिम्मा किसी दूसरी संस्था को दिया जाए। संभव है कि भविष्य में जांच कमेटी की रिपोर्ट के बाद संस्कृत बोर्ड की परीक्षा का कार्य माध्यमिक शिक्षा मंडल के हवाले कर दिया जाए। सरकार अपने स्तर पर इस संदर्भ में फैसला लेगी।

#### संस्कृत बोर्ड ने अपने प्रतिवेदन में बताया टेक्निकल फाल्ट

जांच रिपोर्ट से पूर्व एक प्रतिवेदन संस्कृत शिक्षा विद्यामंडलम ने स्कूल शिक्षा सचिव को सौंपा। जिसमें उन्होंने स्वीकार किया कि मोहनमती नामक जिस छात्रा को टॉपर बताया गया उसने परीक्षा नहीं दी थी। हालांकि जांच प्रतिवेदन में इसे टेक्निकल फाल्ट बताया गया था। मंडल ने इसे मानवीय त्रुटि बताते हुए खेद व्यक्त किया था।

### प्राचार्य के बयान और प्रतिवेदन में विरोधाभास

दीपांशु संस्कृत स्कूल औरदा के प्राचार्य ने हरिभूमि के सहयोगी चैनल आईएनएच से साक्षात्कार में स्वीकार किया था कि मोहनमती ने परीक्षा दी थी और उसके टॉपर बनने पर उन्हें प्रसन्नता है। हालांकि संस्कृत विद्यामंडलम ने अपने प्रतिवेदन में कहा है कि मोहनमती ने परीक्षा ही नहीं दी और कंप्यूटर में उसका नाम गलती से दर्ज हो गया। हालांकि इसके बाद भी सरकार ने परीक्षा की विश्वसनीयता बनाए रखने और लापरवाही बर्दाश्त न करते हुए कड़ी कार्रवाई कर दी।

### उत्तर पुस्तिकाओं में अलग अलग हेंडराइटिंग पर चुप्पी

*हरिभूमि को संस्कृत बोर्ड का जांच प्रतिवेदन मिला है। उसमें केवल मोहन मती के बिना परीक्षा दिए टॉप करने पर खेद जताते हुए क्षमा याचना की गई है। उत्तर पुस्तिकाओं में अलग अलग लोगों की हेंडराइटिंग को लेकर किसी तरह की जांच किए जाने के संदर्भ में उल्लेख नहीं है। सूत्रों के अनुसार उत्तरपुस्तिकाओं की जांच करने एक दल मंगलवार को कार्यालय पहुंचा। जांच दल ने एक ही छात्र की उत्तरपुस्तिकाओं में भिन्न-भिन्न अंकों का होना पाया है लेकिन अधिक सवाल-जवाब किए जाने पर विवाद की स्थिति मंगलवार को विद्यामंडल में निर्मित हो गई। उसके बाद जांच दल लौट आया।*

---

## रईसजादे ने दो पर चढ़ाई कार बेटे को बेल, पिता गए जेल

एजेंसी ▶▶ पुणे

महाराष्ट्र के पुणे में रविवार को कल्याणी नगर इलाके में एक तेज रफ्तार पोर्श कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी थी। हादसे में बाइक पर सवार दो युवाओं की मौत हो गई थी। इसमें आरोपी एक नाबालिग है। कोर्ट ने उसे एक दिन पहले निबंध लिखाकर छोड़ दिया था। यह मामला सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। पुणे के पोर्श कार हादसा मामले में फजीहत होने के बाद महाराष्ट्र पुलिस अब एक्शन मोड में है। ▶▶ शेष पेज 4 पर



### चार दिन की रिमांड पर

पुणे पुलिस कोर्ट में कोजी बार के मालिक, मैनेजर और काउंटर मैनेजर को पेश किया और उनकी 5 दिन की रिमांड की मांग की. इस पर 4 दिन की कस्टडी कोर्ट ने मंजूर कर दी है। तीनों को 24 मई तक पुलिस रिमांड में भेज दिया गया है।

### कोजी बार सील

आबकारी अधिकरियों ने उस कोजी बार को सील कर दिया है, जहां आरोपी लड़के ने शराब पी थी। उनका कहना है कि कलेक्टर के कहने पर बार सील किया गया है। आबकारी विभाग ने बार में रखी शराब की बोतलें भी जब्त कर ली हैं। बार पर आरोप है कि यहां आरोपी की उम्र की पुष्टि किए बिना शराब परोसी गई।

---

### 26 को आईपीएल का फाइनल मैच, टिकटों की बिक्री शुरू

## 3500 रुपए का सबसे सस्ता टिकट

एजेंसी ▶▶ मुंबई

आईपीएल 2024 का प्लेऑफ चरण 21 मई से शुरू हो गया। सनराइजर्स हैदराबाद, कोलकाता नाइट राइडर्स, राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, प्लेऑफ में पहुंचने वाली चार टीम हैं। बता दें कि प्लेऑफ में भिड़ंत के बाद कोई 2 टीम ही फाइनल तक का सफर तय कर पाएंगी। सीजन का फाइनल 26 मई को चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में खेला जाएगा। क्रिकेट फैंस के लिए खुशखबरी यह है कि आईपीएल

- **प्लेऑफ में भिड़ंत के बाद 2 टीम पहुंचेगी फाइनल**




2024 फाइनल के टिकट की बिक्री शुरू हो गई है। फाइनल मैच का टिकट सबसे सस्ता 3500 रुपए का है। बता दें कि मंगलवार को ये टिकट रूपे कार्ड होल्ड करने वाले लोग ही खरीद सके। वहीं अन्य सभी लोगों के लिए टिकटों की बिक्री ▶▶ शेष पेज 4 पर

### चेन्नई ने जीता था आईपीएल 2023 का खिताब

गौरतलब है कि पिछले सीज़न यानी आईपीएल 2023 में चेन्नई सुपर किंग्स ने एमएस धोनी की कप्तानी में खिताब जीता था। चेन्नई अब तक पांच बार आईपीएल का खिताब जीत चुकी है। इस बार भी चेन्नई प्लेऑफ की रेस में बरकरार है।

---

### बालोद में हुई थी गड़बड़ी

## नीट में गलत प्रश्नपत्र, हाईकोर्ट ने तीन दिन में मांगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

नीट के प्रश्न पत्रों का गलत सेट वितरित करने के बाद उसे ठीक कराने में प्रतियोगियों का बहुत समय बर्बाद हुआ।



इस मामले में हाईकोर्ट ने सुनवाई करते हुए एनटीए के वकील से निर्देश लेकर जवाब देने को कहा है। अगली सुनवाई शुक्रवार 24 मई को निर्धारित की गई है।

शासकीय उमा विद्यालय बालोद में नीट आयोजित की गई थी। यहां करीब 200 प्रतियोगियों को परीक्षा ▶▶ शेष पेज 4 पर







*नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव 2024 के छठे चरण में 8 राज्यों/केन्द्र-शासित प्रदेशों के 889 उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे। इनमें जम्मू एवं कश्मीर के 3-अनंतनाग-राजौरी संसदीय क्षेत्र में स्थगित हुए चुनाव के लिए लड़ने वाले 20 उम्मीदवार भी शामिल हैं। इस चरण में 7 राज्यों/केन्द्र-शासित प्रदेशों की 57 संसदीय क्षेत्रों के लिए होने वाले मतदान हेतु कुल 1978 नामांकन-पत्र दाखिल किए गए। सभी 07 राज्यों/केन्द्र-शासित प्रदेशों (जम्मू-कश्मीर के संसदीय क्षेत्र 3- अनंतनाग-राजौरी में स्थगित हुए मतदान को छोड़कर) के लिए छठे चरण के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 06 मई, 2024 थी।*

**बीजेपी की दिग्गज लीडर मेनका गांधी के अलावा जगदंबिका पाल, दिनेश यादव निरहुआ की दांव पर लगी है प्रतिष्ठा**

# छठे चरण में मैदान पर हैं 8 राज्यों के 889 प्रत्याशी, 25 मई को वोटिंग

### 900 नामांकन पत्र मिले वैध

इस चरण के लिए कुल 1978 नामांकन-पत्र दाखिल किए गए थे। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि छह मई थी। जांच के बाद 900 नामांकन पत्र वैध मिले। वहीं अनंतनाग-राजौरी संसदीय क्षेत्र में तीसरे चरण में कुल 28 नामांकन दाखिल किए गए थे। इनमें 21 वैध मिले थे।

### यहां किए गए सर्वाधिक नामांकन

छठे चरण में, उत्तर प्रदेश के 14 संसदीय क्षेत्रों में अधिकतम 470 नामांकन-पत्र दाखिल किए गए। इसके बाद, हरियाणा के 10 संसदीय क्षेत्रों में 370 नामांकन-पत्र दाखिल किए गए। झारखंड के 8-रांची संसदीय क्षेत्र में सबसे अधिक 70 नामांकन-पत्र दाखिल किए गए। इसके बाद, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के 2-उत्तर पूर्वी दिल्ली संसदीय क्षेत्र में 69 नामांकन-पत्र दाखिल हुए। छठे चरण के लिए एक संसदीय क्षेत्र में चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों की औसत संख्या 15 है।




### कहां-कितनी सीटों पर वोटिंग?

*बिहार की आठ, हरियाणा की 10, दिल्ली की सात, जम्मू-कश्मीर की एक, झारखंड की चार, ओडिशा की छह, उत्तर प्रदेश की 14 और पश्चिम बंगाल की आठ लोकसभा सीटों पर इस चरण में मतदान है।*

### कहां-कितने प्रत्याशी?

बिहार में 86, हरियाणा में 223, जम्मू-कश्मीर में 20, झारखंड में 93, दिल्ली में 162, ओडिशा में 64, उत्तर प्रदेश में 162 और पश्चिम बंगाल 79 प्रत्याशी मैदान में हैं। इस फेज में उत्तर प्रदेश में 14 सीटों पर वोटिंग होगी। इस चरण में 162 उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में बंद होगी। इस चरण में सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, इलाहाबाद, फूलपुर, अंबेडकरनगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, संतकबीरनगर, लालगंज, जौनपुर, मछलीशहर, भदोही और आजमगढ़ में वोटिंग होगी। छठे फेज में बीजेपी की दिग्गज लीडर मेनका गांधी के अलावा जगदंबिका पाल और दिनेश लाल यादव निरहुआ, कृपाशंकर सिंह की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है।

## शोम्पेन जनजाति के लोगों ने किया पहली बार मतदान




अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में पहली बार शोम्पेन जनजाति के सात सदस्यों ने पिछले दिनों केंद्र शासित प्रदेश की एकमात्र लोकसभा सीट के लिए मतदान के अपने अधिकार का प्रयोग किया है। ये भारत की लोकतांत्रिक प्रक्रिया में आम जन की भागीदारी की तरफ एक बड़ा कदम है। प्रसिद्ध उद्योगपति महिंद्रा एंड महिंद्रा के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने इसकी एक तस्वीर शेयर करते हुए एक्स पर लिखा- 'ग्रेट निकोबार में शोम्पेन जनजाति के सात लोगों में से एक, जिन्होंने पहली बार मतदान किया.' उन्होंने इस तस्वीर को '2024 के चुनावों की सबसे अच्छी तस्वीर' बताया है।

## सोशल मीडिया

### संबित ने पहुंचाई ओड़िया अस्मिता को चोट : पटनायक



भाजपा नेता संबित पात्रा के 'मोदी, जगन्नाथ' वाले बयान पर उड़ीसा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने कड़ा विरोध जताया है। पटनायक ने कहा, महाप्रभु श्री जगन्नाथ ब्रह्मांड के भगवान हैं। महाप्रभु को किसी इंसान का भक्त कहना भगवान का अपमान है। भगवान जगन्नाथ ओड़िया अस्मिता के सबसे महान प्रतीक हैं। बीजेपी नेता ने ओड़िया अस्मिता को चोट पहुंचाई है। लोग इसे याद रखेंगे। बता दें, एक ओड़िया न्यूज चैनल से बात करते हुए संबित पात्रा ने कहा था कि भगवान जगन्नाथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भक्त हैं।

### पश्चाताप के लिए तीन दिन उपवास करूंगा : संबित



भाजपा नेता संबित पात्रा ने अपने विवादित बयान पर सफाई दी है। उन्होंने एक्स पर लिखा, पुरी में पीएम मोदी के रोड शो की सफलता के बाद मैंने कई मीडिया चैनलों को बयान दिया। हर जगह मैंने कहा कि मोदीजी महाप्रभु जगन्नाथ के भक्त हैं। एक जगह गलती से मैंने उलटा बोल दिया। हम सब की जुबान कभी-कभी फिसल जाती है। इसे मुद्दा न बनायें. महाप्रभु जगन्नाथ को लेकर मुझसे जो भूल हुई है, उसको लेकर मेरा मन दुखी है। मैं जगन्नाथजी के चरणों में शीश झुकाकर माफी मांगता हूं... मैं अपनी गलती को सुधारने, और पश्चाताप के लिए तीन दिन उपवास करूंगा।

## गंगोपाध्याय के चुनाव प्रचार पर रोक, ममता पर टिप्पणी की सजा



**नई दिल्ली।** कलकत्ता हाईकोर्ट के जज से भारतीय जनता पार्टी के नेता बने अभिजीत गंगोपाध्याय को पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी के खिलाफ विवादित बयान देना भारी पड़ गया। चुनाव आयोग ने गंगोपाध्याय के खिलाफ एक्शन लिया है। उन्हें अगले 24 घंटे के लिए चुनाव प्रचार करने से रोक दिया है। इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया ने बताया कि तामलुक सीट से बीजेपी के प्रत्याशी अभिजीत गंगोपाध्याय 21 मई की शाम 5 बजे से अगले 24 घंटे के लिए चुनाव प्रचार नहीं कर पाएंगे। ईसीआई ने कहा कि मौजूदा लोकसभा चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों को ऐसे बयान देने से परहेज करना चाहिए जो किसी के निजी जीवन पर हमला करने के समान हों।

### गंगोपाध्याय की टिप्पणी

बीजेपी के नेता गंगोपाध्याय ने 16 मई को हल्दिया में एक चुनावी रैली में कहा था कि तृणमूल कांग्रेस का आरोप है कि संदेशखाली की उम्मीदवार को 2 हजार रुपए में खरीदा गया था। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, आपकी कीमत क्या है? अगर आपको 8 लाख रुपये दिए जाते हैं तो आप एक नौकरी देती हैं। क्या आपकी कीमत 10 लाख रुपये है? क्या रेखा पात्रा को खरीदना आसान है, क्योंकि वह एक गरीब महिला हैं? अभिजीत ने कहा कि एक महिला दूसरे पर ऐसे आरोप कैसे लगा सकती है। क्या ममता बनर्जी एक महिला हैं?

## कलेक्टर के एक निर्णय ने कराया सौ फीसदी मतदान



**लखनऊ।** बीते पांचवें चरण के मतदान में यूपी के ललितपुर जिले के मड़ावरा ब्लॉक के सेल्दा गांव के लोगों ने शत प्रतिशत मतदान कर इतिहास बनाया है। इसके लिए अधिकारियों ने हर एक वोटर से संपर्क किया तब जाकर गांव ने ये उपलब्धि हासिल की। वोटिंग के दिन दोपहर 1 बजे तक ही गांव के सभी मतदाताओं ने वोटिंग समाप्त कर दिया। इसकी उपलब्धि को लेकर गांव के मतदाताओं के साथ ग्राम प्रधान और जिला प्रशासन ने काफी प्रयास किया। गांव के 31 मतदाता एमपी में ईंट भट्टे पर काम करते हैं उनको जिला प्रशासन ने बस बुक कर गांव बुलाकर वोटिंग कराया। एक वोटर शेर सिंह यादव बेंगलुरु में था। उसे कलेक्टर, अफसर सहित सेल्दा के ग्राम प्रधान व स्थानीय लोगों ने मिलकर अपने खर्च से फ्लाइट के जरिए पहले भोपाल बुलाया और फिर भोपाल से कैब के जरिये गांव लाया।

### हर एक वोटर से किया गया संपर्क

सेल्दा आदिवासी बाहुल्य गांव हैं जहां के प्राथमिक विद्यालय में बने बूथ संख्या 277 पर 375 मतदाता थे। दोपहर 12 बजे तक 374 मतदाताओं ने मतदान कर दिया था। शेरसिंह दोपहर 1 बजे मतदान केंद्र पर पहुंचकर मतदान किया। उसके मतदान के बाद बूथ पर शत-प्रतिशत मतदान हुआ।

**पूर्वांचल में 27 सीटों पर सियासी 'कद' की लड़ाई**

# 2019 में मोदी लहर में भी एकछत्र राज कायम नहीं कर सकी थी भाजपा

*उत्तर प्रदेश में पांच चरणों के लोकसभा चुनाव बीत जाने के बाद अब अगले दो चरणों का चुनाव पूर्वांचल के इलाके में होना है। छठे और सातवें चरण में 27 लोकसभा सीटों पर सियासी दलों का इम्तिहान होना है। पीएम मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी से सीएम योगी आदित्यनाथ के गृह क्षेत्र गोरखपुर तक में आखिरी चरण में सियासी कद के जरिए पूर्वांचल के जातीय सरहद को तोड़ने का लिटमस टेस्ट होगा तो सपा प्रमुख अखिलेश यादव के सामने आजमगढ़ सीट को वापस सपा की झोली में डालने के साथ-साथ उनके पीडीए फॉर्मूले का भी लिटमस टेस्ट भी इसी इलाके में होना है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

बसपा प्रमुख मायावती के लिए सबसे बड़ी चुनौती अपनी पार्टी के सियासी आधार को बचाए रखने की है। बीजेपी 2019 में मोदी लहर में भी पूर्वांचल के इलाके में अपना एकछत्र राज कायम नहीं कर सकी थी। सपा-बसपा गठबंधन के चलते पूर्वांचल इलाके की आधा दर्जन सीटों पर बीजेपी को मात खानी पड़ गई थी। पूर्वांचल क्षेत्र की 27 लोकसभा सीटों में से बीजेपी 18 सीटें ही जीत सकी थी, जबकि 2 सीटें सहयोगी अपना दल (एस) को मिली थी। सपा-बसपा गठबंधन 7 सीटें जीतने में कामयाब रही थी, जिसमें 6 सीटें बसपा और एक सीट सपा को मिली थी। हालांकि, सपा ने बाद में जीती आजमगढ़ सीट को गंवा दिया था। पिछली बार सपा-बसपा साथ थे, लेकिन इस बार दोनों अलग-अलग चुनाव लड़ रहे हैं। सपा-कांग्रेस मिलकर मैदान में उतरी हैं तो बीजेपी ने ओम प्रकाश राजभर की सुभासपा, अनुप्रिया पटेल की अपना दल (एस) और संजय निषाद की निषाद पार्टी से हाथ मिला रखा है। ऐसे में अब पूर्वांचल की सियासी लड़ाई में देखना है कि किसका किला बचता है और किसका नहीं?

### जातीय 'सरहद' तोड़ने का लिटमस टेस्ट

**छठे चरण में यूपी की 14 और 7वें में 13 सीटों पर मतदान**



लोकसभा चुनाव के छठे चरण में उत्तर प्रदेश की 14 सीटों पर 25 मई को मतदान है तो सातवें चरण में 13 सीटों पर एक जून को वोटिंग है। छठे चरण में सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, फूलपुर, प्रयागराज, अंबेडकरनगर, श्रावस्ती, डुमरियागंज, बस्ती, संत कबीरनगर, लालगंज, आजमगढ़, जौनपुर, मछली शहर, भदोही में चुनाव है। सातवें चरण में वाराणसी, गोरखपुर, मिर्जापुर, चंदौली, घोसी, गाजीपुर, महराजगंज, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, सलेमपुर, बलिया और रॉबर्ट्सगंज सीट पर एक जून को मतदान है।

### टीएमसी भी लड़ रही एक सीट पर

*यूपी में अंतिम दो चरणों में जिन 27 लोकसभा सीटों पर चुनाव होना है, उसमें से 24 सीट पर बीजेपी और दो सीट पर अपना दल (एस) और एक सीट पर राजभर की पार्टी के प्रत्याशी मैदान में है। वहीं, सपा 22 सीट पर उम्मीदवार उतार रखे हैं तो चार सीटों पर कांग्रेस के प्रत्याशी किस्मत आजमा रहे हैं। इसके अलावा एक सीट पर टीएमसी चुनाव लड़ रही है। पूर्वांचल में ओबीसी, दलित और सवर्ण वोटर काफी अहम भूमिका में है, जिसके आधार पर ही राजनीतिक दलों ने अपनी-अपनी सियासी बिसात बिछा रखी है।*

### ओबीसी के इर्द-गिर्द सिमटी है सियासत

पूर्वांचल की सियासत ओबीसी के इर्द-गिर्द सिमटी हुई है। माना जाता है कि इस पूरे इलाके में करीब 50 फीसदी से ज्यादा ओबीसी वोट बैंक जिस भी पार्टी के खाते में गया, जीत उसकी तय हुई. 2017-2022 के विधानसभा और 2014 व 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी को पिछड़ा वर्ग का अच्छा समर्थन मिला। नतीजतन केंद्र और राज्य की सत्ता पर मजबूती से काबिज हुई। ऐसे में बीजेपी और सपा दोनों ही पार्टियां ओबीसी वोटों का साधने के लिए तमाम जतन इस बार किए हैं। ऐसे में बसपा ने भी पूर्वांचल के सियासी समीकरण को देखकर अपने उम्मीदवार उतारे हैं।

### सपा की सियासी बिसात

सपा ने अपने कोटे की 22 लोकसभा सीटों में से 14 सीट पर गैर-यादव ओबीसी के प्रत्याशी उतार रखा है तो चार सीट पर दलित उम्मीदवार हैं। इसके अलावा एक यादव, एक मुस्लिम और एक ब्राह्मण और एक राजपूत प्रत्याशी मैदान में है। कांग्रेस ने अपने कोटे की चार सीटों में दलित-ओबीसी-भूमिहार और ठाकुर एक-एक उम्मीदवार है। इस तरह सपा प्रमुख अखिलेश यादव पीडीए फॉर्मूले को तहत सियासी बिसात पूर्वांचल में बिछाया है। मायावती के सियासी कमजोरी का पूरा फायदा इंडिया गठबंधन उठाने की कोशिश में है।

### लगातार तीसरी बार जीत पर पीएम मोदी की निगाहें

वहीं, पूर्वांचल में बीजेपी ने ओबीसी जातीय आधार वाले दलों के साथ हाथ मिलाकर सियासी समीकरण दुरुस्त करने की दांव चला है। पीएम मोदी खुद काशी के रणक्षेत्र में हैट्रिक लगाने के लिए उतरे हैं तो सीएम योगी का गृह जनपद गोरखपुर है। बीजेपी अपने दिग्गज चेहरों के साथ सहयोगी दलों की भी जमीन परखी जाएगी। मिर्जापुर और रॉबर्ट्सगंज से अपना दल (S) चुनाव लड़ रही है। वहीं, घोसी में सुभासपा प्रमुख ओम प्रकाश राजभर अपने बेटे अरविंद राजभर को चुनाव लड़ा रहे हैं। ऐसे में देखना है कि जातीय बिसात पर खड़ी पूर्वांचल की सियासी जमीन पर किसका पलड़ा भारी रहता है।

## 'माफिया के महलों को ढहाकर गरीबों के लिए मकान बनवा रहे'

**प्रधानमंत्री मोदी ने प्रयागराज की चुनावी सभा में कहा**

एजेंसी ▶▶| प्रयागराज



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को परेड ग्राउंड में जनसभा को संबोधित किया। इलाहाबाद से भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी और फूलपुर से प्रत्याशी प्रवीण पटेल को जिताने की अपील करते हुए मोदी ने कहा कि सपा शासन काल में इलाहाबाद में दिन दहाड़े गोली और बम चलते थे। व्यापारी असुरक्षित महसूस करते थे। आज भाजपा सरकार माफिया के महलों को ढहाकर वहां गरीबों के लिए मकान बनवा रही है। उन्होंने कहा कि सपा शासन काल में जाति देखकर नौकरी मिलती थी। यूपीपीएससी का नाम बदलकर परिवार सर्विस कमीशन रख दिया गया था।

### अब डिजिटल इंडिया से होती है भारत की पहचान

पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत तेजी से बदल रहा है। विश्व पटल पर भारती की पहचान अब एक्सप्रेस वे से होती है। इंफ्रास्ट्रक्चर से होती है। भारत की डिजिटल टैक्नोलॉजी लेने के लिए विदेशी भी लालायित हैं। भारत आज भारत दुनिया में अपनी आवाज बुलंद कर रहा है। यहां की टी-ट्वेंटी से दुनिया हैरान है।

## पंजाब में आप को झटका, पूर्व एमएलए बीजेपी में शामिल

**चंडीगढ़।** नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के बीच पंजाब में सत्तारूढ़ दल आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका लगा है। जालंधर कैंट से पूर्व विधायक रहे जगबीर सिंह बराड़ आप छोड़ भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए हैं। इसकी संभावना काफी दिनों से थी। जगबीर सिंह बराड़ काफी समय से पार्टी से नाराज बताए जा रहे थे। बराड़ की नाराजगी को लेकर बताया जा रहा है कि बीते दिनों हुए उपचुनाव के दौरान वह शिरोमणि अकाली दल (शिअद) छोड़कर आम आदमी पार्टी ज्वाइन किए थे। ज्वाइनिंग के बाद बराड़ को पार्टी ने कोई जिम्मेदारी नहीं दी थी। जो मुख्य वजह बताया जा रहा है।

## 'मोदी खुद को होशियार समझते हैं पर देश की जनता ज्यादा चतुर'

**मैं मोदी के नहीं बल्कि उनकी विचारधारा के खिलाफ हूं**

एजेंसी ▶▶| यमुनानगर (हरियाणा)



हरियाणा के यमुनानगर में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने चुनावी सभा की। यहां उन्होंने कहा, मैं नरेंद्र मोदी के खिलाफ नहीं हूं। मैं मोदी और आरएसएस की विचाराधारा के खिलाफ हूं। हम विचारधारा के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं। मोदी खुद को होशियार समझते हैं। परंतु मोदी से ज्यादा देश की जनता होशियार है। यह लड़ाई जनता और नरेंद्र मोदी व भाजपा के बीच है। मल्लिकार्जुन खड़गे ने नरेंद्र मोदी को झूठों का सरदार भी कहा। पहले मोदी कहते थे कि कांग्रेस ने 70 साल में देश के लिए किया क्या है?

### सबका साथ लेकर किया सत्यानाश

खड़गे ने कहा कि नरेंद्र मोदी नारा देते हैं कि सबका साथ-सबका विकास। सबका साथ लेकर मोदी ने सबका सत्यानाश कर दिया। मोदी देश के किसानों पर कभी कुछ नहीं बोलते। कांग्रेस के चुनाव घोषणा पत्र को मोदी मुस्लिम लीग का घोषणा पत्र बताते हैं। वह कहते हैं कि कांग्रेस सरकार बनी तो लोगों का हक मुसलमानों को दें देंगे। मोदी को पढ़ना नहीं आता है। वह बताएं की कांग्रेस के घोषणा पत्र में यह सब कहां लिखा है।

**कुल 31 प्रत्याशी, 9 पर आपराधिक धाराओं में मामले दर्ज**

# दिल्ली में कन्हैया कुमार पर हैं सबसे ज्यादा क्रिमिनल केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली में इस बार बीजेपी को हराने के लिए इंडिया गठबंधन के दो अहम राजनीतिक दल यानी आम आदमी पार्टी और कांग्रेस ने गठबंधन किया है। आप 4 सीटों पर चुनाव लड़ रही है, तो दूसरी ओर कांग्रेस 3 सीटों पर सभी के प्रत्याशी घोषित हो चुके हैं और कन्हैया कुमार के सामने बीजेपी के दिग्गज नेता मनोज तिवारी हैं। देश की राजधानी दिल्ली की सातों लोक सभाओं में कुल मिलाकर 162 प्रत्याशी उतरे हैं। बीजेपी, बसपा, आप-कांग्रेस के कुल 31 प्रत्याशी हैं, जिनमें से 9 पर आपराधिक धाराओं में मामले दर्ज हैं। गौर करने वाली बात यह है कि जेएनयूएसयू के पूर्व छात्र नेता कन्हैया कुमार पर सबसे ज्यादा क्रिमिनल केस दर्ज हैं।



### कन्हैया पर अन्य राज्यों में भी मामले

जानकारी के मुताबिक कन्हैया के खिलाफ केवल दिल्ली में ही नहीं बल्कि,बिहार में भी मुकदमे दर्ज हैं। इसमें एक मामला असम के कामरूप जिले का है तो दूसरी मामला बिहार के बेगूसराय का भी है। इसके अलावा पटना से लेकर दिल्ली तक में कन्हैया के खिलाफ केस दर्ज हैं। आपराधिक मामलों की बात करें तो कांग्रेस के प्रत्याशी तीन लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ रहें हैं। इनमें उत्तर पश्चिम लोकसभा सीट पर उम्मीदवार उदित राज के खिलाफ भी दो मामले दर्ज हैं, जबकि चांदनी चौक से चुनाव लड़ रहे कांग्रेस नेता जेपी अग्रवाल पर कोई भी मामला दर्ज नहीं है।

### बीजेपी के इन प्रत्याशियों पर हैं क्रिमिनल केस

| | | |
|---|---|---|
| हर्षदीप मलहोत्रा | पूर्वी लोकसभा | कोई केस नहीं केस |
| बांसुरी स्वराज | नई दिल्ली सीट | कोई भी केस नहीं |
| मनोज तिवारी | उत्तर पूर्वी दिल्ली | 2 केस |
| योग्रेंद्र चंदोलिया | बीजेपी-उप-दिल्ली | 2 केस |
| रामबिधूड़ी सिंह | बीजेपी – दक्षिणी दिल्ली | 2 केस |
| प्रवीण कुमार | बीजेपी-चांदनी चौक – | कोई केस नहीं |
| हर्षदीप मल्होत्रा | बीजेपी – पूर्वी दिल्ली – | कोई केस नहीं |

बता दें कि इन सभी केसों का ब्यौरा बीजेपी प्रत्याशियों द्वारा नामांकन के लिए दिए गए एफिडेविट के जरिए मिला है, साथ ही प्रत्याशियों ने अपने इसी एफिडेविट में ही अपना सारा निजी ब्यौरा भी दिया है। बता दें कि लोकसभा चुनाव के लिए बीजेपी द्वारा खड़े किए गए सात में से 3 प्रत्याशियों पर आपराधिक दाग हैं। अन्य चार पर कोई आपराधिक दाग नहीं हैं।

### दिल्ली में मुकाबला दिलचस्प

दिल्ली में लोकसभा चुनावों को लेकर सरगर्मियां चरम पर हैं। कांग्रेस-आप गठबंधन और भारतीय जनता पार्टी के बीच-बीच सीधा-सीधा मुकाबला है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के जमानत पर रिहा होने के बाद चुनाव प्रचार में एकाएक उफान आ गया है। वैसे तो सभी सातों सीटों पर मुकाबला बेहद दिलचस्प है, लेकिन उत्तर-पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं। क्योंकि इस सीट पर पूर्वांचल के दो दिग्गजों में महा दंगल हो रहा है। एक तरफ बीजेपी के मौजूदा सांसद मनोज तिवारी जीत की हैट्रिक लगाने का भरपूर प्रयास कर रहे हैं, वहीं कांग्रेस प्रत्याशी कन्हैया कुमार किसी बड़े उलट-फेर की कवायद में जुटे हैं। इस सीट पर दिल्ली में सबसे अधिक 28 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं।

रायपुर, बुधवार 22 मई 2024 | वैशाख शुक्ल पक्ष चतुर्दशी | वर्ष : 22, अंक: 304 | पृष्ठ : 12+4+4 = 20, मूल्य: 5.00** | haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



पांच बरस में लागत बढ़ी, धान की कीमत ज्यादा मिल रही, इसलिए किसान खर्च करने में पीछे नहीं



## ट्रैक्टर 500 की जगह 1000 रुपए घंटा, मजदूरी 400 और खाद-बीज महंगे, खेती का खर्च पहुंचा 25 हजार रुपए एकड़

सचिन अग्रहरि ▶▶| राजनांदगांव

अलग खबर

देश में बढ़ती महंगाई का असर खेती-किसानी पर भी पड़ता दिखाई दे रहा है। पिछले पांच साल में खाद, बीज, डीजल और मजदूरी की रेट में दोगुना इजाफा होने के चलते किसानों को अब प्रति एकड़ 25 हजार रुपए खर्च करने पड़ रहे हैं। किसानों का कहना है कि राज्य सरकार द्वारा धान पर दिए जाने वाले बोनस से राहत मिलने के आसार थे, लेकिन इस साल बीज और मजदूरों के दाम में हुई बढ़ोत्तरी से उन पर अतिरिक्त बोझ पड़ सकता है। केंद्र और राज्य सरकार द्वारा किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत करने की दिशा में भले ही कई घोषणाएं ▶▶|शेष पेज 4 पर

### बैलों से जुताई से तौबा

*एक समय में किसान अपने खेतों में बुआई के लिए बैलों का उपयोग करते थे, लेकिन अब अधिकांश किसान ट्रैक्टर का सहारा ले रहे हैं। यही कारण है कि पिछले पांच साल में ट्रैक्टर से बुआई कराने के दामों में भी बढ़ोत्तरी देखी गई है। पहले किसानों को प्रति घंटे पांच सौ रुपए में ट्रैक्टर मिल जाते थे, लेकिन अब एक हजार रुपए घंटे में बुआई हो रही है।*

### मजदूरों का संकट

*गांवों में खेती-किसानी करने के लिए मजदूरों का संकट भी देखा जा रहा है। किसानों का कहना है कि पहले महिला मजदूर 80 रुपए से 100 रुपए प्रतिदिन की रोजी में मिल जाती थी, लेकिन अब 250 रुपए देने पड़ते हैं। वही हाल पुरूष मजदूरों का है। इस सीजन में किसानों को 400 रुपए प्रतिदिन पर मजदूर मिल रहे हैं।*



### कटाई के लिए हार्वेस्टर सस्ता

*खेती-किसानी में महंगाई का असर सिर्फ हार्वेस्टर पर नहीं पड़ा है। फसल की कटाई के लिए अधिकांश किसान हार्वेस्टर का ही उपयोग करते हैं। हार्वेस्टर के जरिये पहले प्रति एकड़ छह हजार रुपए खर्च होता था, लेकिन राज्य में अब गांव-गांव में हार्वेस्टर उपलब्ध हो जाने के चलते अब 3000 रुपए प्रति एकड़ में कटाई और मिंजाई हो जाती है।*

### कर्ज की लिमिट बढ़े

*स्टेट बैंक सहित कुछ बैंकों में किसानों को प्रति एकड़ 50 हजार रुपए तक का कर्ज मिलता है, लेकिन सोसायटियों में सिर्फ खाद-बीज सहित 28 हजार रुपए का कर्ज मिलता है। सरकार को सोसायटियों में कर्ज की लिमिट को बढ़ना चाहिए।*

*- **रामकुमार गुप्ता,** किसान, डोंगरगांव*

### महंगी हुई किसानी

*वर्तमान में खेती-किसानी बेहद महंगी हो गई है। हालांकि राज्य सरकार द्वारा दिए जाने वाले धान पर बोनस से किसानों को काफी राहत भी मिल रही है।*

*- **अशोक चौधरी,** किसान नेता, राजनांदगांव*

### घाटे में खेती-किसानी

*जिस हिसाब से खेती में उत्पादन की लागत बढ़ी है, उसकी तुलना में कीमतों में वृद्धि काफी कम है। खेती-किसानी अब घाटे का सौदा हो रही है।*

*- **सुदेश टीकम,** अध्यक्ष, जिला किसान संघ*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### बेलतरा के ग्रामीण बैंक में चोरों का धावा

**बेलतरा।** बीती रात ग्रामीण बैंक में चोरों ने धावा बोलकर लॉकर तोड़ने की भरपूर कोशिश की। लॉकर के नहीं टूटने पर चोर कम्प्यूटर तोड़कर वाईफाई का राउटर चोरी कर भाग निकले। पुलिस चोरों का सुराग नहीं लगा पाई है। रतनपुर पुलिस के अनुसार, सोमवार को बेलतरा छत्तीसढ़ राज्य ग्रामीण बैंक शाखा के अधिकारी कर्मचारी शाम को बैंक बंद करने बाद अपने अपने घर चले गए। देर रात चोरों ने बैंक का ताला तोड़कर अंदर घुस गए।

### मोबाइल पर विवाद मां ने बेटी को मार डाला



**जयपुर।** जयपुर में मोबाइल फोन के इस्तेमाल को लेकर हुए विवाद के बाद मां ने कथित तौर पर बेटी के सिर पर रॉड से वार कर दिया जिससे उसकी मौत हो गई। घटना बिंदायका थाना क्षेत्र की है। युवती की मां के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है।

*मुंबई में कथित तौर पर अमीरात एयरलाइन के विमान की चपेट में आने के बाद 35 से अधिक फ्लेमिंगो (राजहंस) की मौत हो गई है। पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) से इसकी जांच कराने की मांग की है और दावा किया है कि शहरी योजनाकर्ताओं ने ऐसे आपदाओं के बारे में चेतावनियों को नजरअंदाज किया है। पुलिस ने बताया कि अभी तक घोटकोपर इलाके से 32 फ्लेमिंगो के शव बरामद किए गए हैं।*

- घोटकोपर इलाके से पक्षियों के शव बरामद के बाद पता चला
- पर्यावरण कार्यकर्ताओं ने डीजीसीए से की जांच कराने की मांग

मुंबई से गुजरात लौट रहे थे राजहंस, अमीरात का पायलट रडार पर नहीं देख पाया पक्षी

## हवा में पक्षियों से टकराया विमान, 32 राजहंस की मौत, बाल-बाल बचे यात्री

एजेंसी ▶▶| मुंबई

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि ये पक्षी एक विमान की चपेट में आए थे जो सोमवार रात को यहां उतरा था। 'रेस्किंग एसोसिएशन फॉर वाइल्डलाइफ वेलफेयर' (आरएडब्ल्यूडब्ल्यू) के संस्थापक और वन विभाग में मानद वन्यजीव वार्डन पवन शर्मा ने बताया कि घाटकोपर में कुछ स्थानों पर मृत पक्षी देखे जाने के बारे में कई लोगों के फोन आ रहे थे। उन्होंने बताया कि वन विभाग के मैंग्रोव प्रकोष्ठ के साथ ही आरएडब्ल्यूडब्ल्यू दलों ने एक तलाश अभियान के दौरान सोमवार रात को इलाके में 29 मृत फ्लेमिंगो बरामद किए। उन्होंने बताया कि मंगलवार को तीन और शव पाए गए। शर्मा ने बताया कि कुछ पक्षियों के जमीन पर गिरने के बाद आवारा कुत्तों ने उन्हें नोंच डाला। उन्होंने बताया कि मृत पक्षियों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया और प्रोटोकॉल के अनुसार, उनके शवों का बाद में निपटारा किया जाएगा। आरएडब्ल्यूडब्ल्यू सचिव और जीव विज्ञानी चिन्मय जोशी ने कहा कि हवाईअड्डा प्राधिकारियों को वन विभाग और वन्यजीव विशेषज्ञों के साथ ▶▶|शेष पेज 4 पर

### वन विभाग की टीम ने इकट्ठे किए सैंपल

एमिरेट्स एयरलाइन की उड़ान ईके 509 मुंबई में उतरने के लिए तैयार थी और पायलट ने विमान से पक्षियों के टकराने की घटना के बारे में एयर ट्रैफिक कंट्रोल को जानकारी दी थी। इस घटना के बाद महाराष्ट्र वन विभाग ने घटना की पूर्ण पैमाने पर जांच शुरू कर दी है और विभाग के अधिकारियों ने सैंपल इकट्ठे करना शुरू कर दिया है। घाटकोपर के लक्ष्मी नगर इलाके के लोगों से बात करते हुए घटनास्थल पर जांच की जा रही है।



### फ्लाइट की रिशेड्यूल

विमान से फ्लेमिंगो के टकराने की घटने के बाद एमिरेट्स एयरलाइन के विमान का निरीक्षण किया गया। घटना के बाद मुंबई से दुबई जाने वाली इस फ्लाइट ईके 509 को रद्द कर दिया गया। इसकी वजह से कई यात्री मुंबई में फंसे रहे। इसके बाद मुंबई-दुबई इस फ्लाइट एमिरेट्स 509 को मंगलवार रात 9 बजे के लिए रिशेड्यूल कर दिया गया। एयरलाइन की ओर से प्रक्रिया के अनुसार, सभी यात्रियों के रुकने की व्यवस्था भी की गई।

### एनजीओ ने उठाए सवाल

एक एनजीओ और वन्यजीव कल्याण संगठन ने घटना पर सवाल उठाए। कहा कि ऐसा माना जाता है कि फ्लेमिंगो का झुंड ठाणे राजहंस अभयारण्य की ओर उड़ रहा था। तभी झुंड विमान की चेपट में आ गया और इससे चालीस से ज्यादा फ्लेमिंगो मार गए। कार्यकर्ताओं ने यह भी कहा कि हो सकता है कि उनके निर्माण, प्रदूषण और अन्य कारकों के कारण फ्लेमिंगो अपना उड़ान मार्ग को बदल रहे हैं।

### इधर, विमान झटके से 6 हजार फीट नीचे आया, एक की मौत

**बैंकॉक।** लंदन से सिंगापुर की उड़ान में गंभीर झटकों (टर्बुलेंस) के कारण एक यात्री की मौत हो गई। वहीं 30 अन्य लोग घायल हो गए। सिंगापुर एरलाइंस ने मौत की पुष्टि की है। घटना के बाद विमान ने बैंकॉक में इमरजेंसी लैंडिंग की। हवाई जहाज में टर्बुलेंस खतरनाक झटकों को दिखाता है। इसके कारण विमान की ऊंचाई और दिशा में अचानक बदलाव हो सकता है। सिंगापुर एयरलाइंस ने कहा कि उड़ान संख्या एसक्यू 321, जिसने सोमवार को लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे से उड़ान भरी और सिंगापुर की ओर जा रही थी।



- सिंगापुर एयरलाइंस का प्लेन टर्बुलेंस में फंसा, 30 यात्री घायल

मार्च में हुई थी जांच पड़ताल

## लीजेण्ड डिस्टलरी का लाइसेंस सात दिन के लिए निलंबित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लीजेण्ड डिस्टलरी प्राइवेट लिमिटेड सिरगिट्टी बिलासपुर का लाइसेंस आबकारी विभाग ने सात दिनों के लिए निलंबित कर दिया है। यह आदेश मंगलवार को आबकारी आयुक्त ने जारी किया है। इस कंपनी की बॉटलिंग यूनिट का निरीक्षण उपायुक्त आबकारी संभागीय उड़नदस्ता बिलासपुर ने मार्च में किया था। यह कंपनी एफएल 9 बॉटलिंग यूनिट संचालित करती है। यहां जांच में कई अनियमितताएं पाई गई थीं।

- कई अनियमितताएं पाई गई थीं

आबकारी आयुक्त द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि लाइसेंसधारी द्वारा छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की सामान्य शर्तों तथा विदेशी मदिरा अधिनियम का पालन करना आवश्यक था, लेकिन कंपनी द्वारा आबकारी अधिनियम का उल्लंघन किया गया है। इसे दंडनीय मानते हुए प्रारूप एफएल 9 में धारित विदेशी मदिरा बोतल भराई अनुज्ञप्ति को एक सप्ताह के लिए निलंबित किया जाता है। निलंबन की अवधि में मदिरा का बॉटलिंग, आमद, प्रदाय, आदि कार्य नहीं किए जा सकेंगे। निलंबन की अवधि में किसी भी प्रकार की क्षतिपूर्त अथवा लायसेंस फीस छूट की पात्रता नहीं रहेगी। सहायक आयुक्त आबकारी जिला ▶▶|शेष पेज 4 पर

मातृ सम्मेलन में प्रधानमंत्री

## काशी में बोले मोदी- मां गंगा ही अब हमारी माता

एजेंसी ▶▶| वाराणसी

सातवें चरण में होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार की शाम को वाराणसी पहुंचे। एक सप्ताह में वाराणसी के अंदर पीएम मोदी का यह दूसरा दौरा है। पीएम मोदी वाराणसी में आयोजित मातृशक्ति सम्मेलन में 25 हजार से ज्यादा महिलाओं से सीधा संवाद किया। पीएम मोदी ने कहा, मां गंगा ही अब हमारी माता है। वाराणसी के संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में आयोजित मातृशक्ति सम्मेलन करीब डेढ़ घंटे तक चला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल ▶▶|शेष पेज 4 पर



### खुले वाहन में पहुंचे कार्यक्रम स्थल

इससे पहले, प्रधानमंत्री मोदी एक खुले वाहन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ लोगों का अभिवादन करते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। कार्यक्रम को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी संबोधित किया। उन्होंने महिला आरक्षण अधिनियम और महिलाओं पर केंद्रित अन्य योजनाओं का जिक्र करते हुए दावा किया कि इस बार मोदी को हर तरफ से आधी आबादी का पूरा समर्थन मिल रहा है।

## ईरानी राष्ट्रपति के जनाजे में शामिल होने सड़कों पर भीड़, लहराई रईसी की तस्वीरें

एजेंसी ▶▶| तेहरान

ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के अचानक निधन होने से पूरी दुनिया सदमे में है। ईरान में शोक की लहर है। हजारों लोग अपने राष्ट्रपति और उनके दल के सदस्यों के जनाजे के लिए मंगलवार को सड़कों पर दिखाई दिए। नम आंखों के साथ ईरानी झंडे और दिवंगत राष्ट्रपति की फोटो लहराते हुए लोग उत्तर-पश्चिमी शहर तबरीज के केंद्रीय चौक से रवाना हुए। ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के अचानक निधन होने से पूरी दुनिया सदमे में है। वहीं, ईरान में शोक की लहर है। इब्राहिम रईसी के पार्थिव शरीर को गुरुवार को दफनाया जाएगा।

### नम आंखों के साथ बड़ी संख्या में जुट रहे लोग, कल दफनाया जाएगा




### उपराष्ट्रपति धनखड़ कर सकते हैं भारत का प्रतिनिधित्व

इसी बीच, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ रईसी की अंतिम विदाई में भारत का प्रतिनिधित्व कर सकते हैं। धनखड़ के बुधवार को ईरान रवाना होने की उम्मीद है। रईसी के सम्मान में पूरे भारत में एक दिवसीय शोक रखा गया।

### इधर, अमेरिका ने जांच में मदद से किया इंकार

**वाशिंगटन।** ईरान की सरकार ने हेलीकॉप्टर दुर्घटना की जांच के लिए अमेरिका से मदद का आग्रह किया है, लेकिन अमेरिका 'लॉजिस्टिक' (साजो-सामान) कारणों से सहायता नहीं करेगा। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि अमेरिका उसकी किसी भी तरह की मदद कर पाने में सक्षम नहीं है।



## चिंतन

# भारत विरोधी रिपोर्टों को अमेरिका ने झूठा बताया

भारत चाहे चुनाव के मौके हों या भारत की उपलब्धियों के अवसर हों, पश्चिमी मीडिया और शोध संस्थान भारत के प्रति नकारात्मक रिपोर्ट करते रहे हैं। भारत की समावेशी संस्कृति, विविधता में एकता और आर्थिक समृद्धि के प्रति पश्चिम की उपनिवेशी मानसिकता हमेशा पक्षपातपूर्ण रही है, इसमें भारत में रह रहे पश्चिमी संस्कृति से सम्मोहित लोग आग में घी का काम करते हैं। अभी जब भारत में आम चुनाव चल रहे हैं, तो अमेरिका मीडिया समूहों ने सयास पीएम नरेंद्र मोदी और भाजपा की छवि भंजन के लिए भारत में अल्पसंख्यक दर्जा पाए मुस्लिमों को दरकिनार संबंधी पक्षपातपूर्ण रिपोर्ट प्रकाशित की है। हालांकि यह नई बात नहीं है, पश्चिमी मीडिया का आचरण भारत के प्रति नकारात्मक ही रहा है, लेकिन अमेरिकी सरकार ने भारत विरोधी रिपोर्ट्स को झूठी बता कर अमेरिकी मीडिया को जहां आईना दिखाया है, वहीं भारत के प्रति अपने संबंधों के महत्व को समझा है। अमेरिकी सरकार को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर किसी देश की छवि खराब करने वालों को आड़े हाथ लेना चाहिए। अमेरिकी विदेश मंत्रालय को अपने मीडिया समूहों की करतूतों पर दो बार भारत को लेकर सफाई देनी पड़ी है। इससे पहले 17 मई को व्हाइट हाउस ने कहा था कि दुनिया में भारत से ज्यादा जीवंत लोकतंत्र कहीं और नहीं हैं। अमेरिका और यूके के बड़े मीडिया समूह दशकों से भारत के खिलाफ प्रोपेगैंडा करते रहे हैं। अमेरिका ने स्पष्ट रूप से कहा है कि भारत में धार्मिक स्वतंत्रता है, जीवंत लोकतंत्र है, सरकारी स्तर पर कोई भेदभाव नहीं होता है। अमेरिकी मीडिया ने भ्रमित रिपोर्ट लिखी कि 'भारत में मुस्लिम दरकिनार हुए हैं, अगर मोदी जीते तो खतरा बढ़ेगा'। जबकि भारत अपने संविधान से शासित है, व्यापक कानून व्यवस्था है, धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है। शताब्दियों से सभी धर्म के लोग मिलजुल कर रहते हैं, मुस्लिम समुदाय को हर वो नागरिक अधिकार प्राप्त है जो दूसरे धर्म के लोगों को। न्यूयॉर्क टाइम्स ने 19 मई को एक रिपोर्ट प्रकाशित की थी, जिसमें कहा गया था कि 'भारत में रह रहे मुस्लिम परिवारों को हाशिए पर कर दिया गया है, वहां उनकी पहचान तक पर सवाल उठाए जा रहे हैं'। इस पर 20 मई को अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने सफाई देते हुए भारत की धार्मिक स्वतंत्रता की तारीफ की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि हम इन रिपोर्ट्स को सिरे से खारिज करते हैं। इस दौरान अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने अपनी अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता रिपोर्ट को भी खारिज कर दिया, जिसमें बताया गया था कि भारत में मुसलमानों का दमन हो रहा है। लोकसभा चुनाव शुरू होने के बाद से अमेरिकी मीडिया लगातार खबर छाप रहा है कि भारत में धर्मनिरपेक्ष ढांचे को खतरा है। अमेरिकी मीडिया रिपोर्टों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी खारिज कर चुके हैं। भारत में जब 1950 से 2015 के बीच मुस्लिम आबादी 43.15% तक बढ़ी हैं व इसके उलट, इसी दौरान हिंदुओं की आबादी में 7.82% की गिरावट देखी गई है, तो अल्पसंख्यकों पर जुल्म कैसे हो रहा है? भारत की छवि खराब करने और भ्रामक खबरों से भारत में धार्मिक विभाजन बढ़ाने की नाकाम कोशिश करने से अमेरिकी मीडिया समूहों की साख ही खत्म हो रही है। भारत के खिलाफ काम कर रही ताकतों को समझना चाहिए कि निगेटिव प्रोपेगैंडा से पीएम नरेन्द्र मोदी व उनकी राजग सरकार की छवि खराब नहीं की जा सकती है। अमेरि को अपने मीडिया समूहों पर लगाम लगानी चाहिए।

# मतदाता का मूड भांपना मुश्किल



चुनाव
प्रमोद भार्गव

> आम चुनाव के दौरान अब तक संपन्न हुए पांच चरणों के मतदान का प्रतिशत 2019 की तुलना में कम ही रहा है। पांचवें चरण में भी मतदान का प्रतिशत 59.14 रहा, जबकि 2019 में यह प्रतिशत 62 रहा था। राजनीतिक दलों और निर्वाचन आयोग के संयुक्त प्रयासों के बावजूद मतदान का न बढ़ना चिंताजनक है। शुरुआत में मतदाता जब बेफिक्र रहा, तो मतदान प्रतिशत कम रहा, किंतु जब वह चिंतित होकर मतदान के लिए घर से निकला तो मतदान-यज्ञ में अपने मत की आहूति देकर ही लौटा। अंत तक कोई भी चुनावी विश्लेषक या परिणाम से पूर्व हार-जीत का अनुमान लगाने वाली एजेंसियों के नतीजे शत-प्रतिशत खरे नहीं उतरते हैं।

लोकसभा चुनाव के दौरान अब तक संपन्न हुए पांच चरणों के मतदान का प्रतिशत 2019 की तुलना में कम ही रहा है। पांचवें चरण में भी मतदान का प्रतिशत 59.14 रहा, जबकि 2019 में यह प्रतिशत 62 रहा था। उत्तर प्रदेश जहां राम-मंदिर निर्माण के मुद्दे को लेकर भाजपा को उम्मीद थी कि यहां मतदान प्रतिशत बढ़ेगा, लेकिन यहां कि 14 लोकसभा सीटों पर हुए चुनाव में 57.79 प्रतिशत मतदान रहा, जबकि 2019 में यह प्रतिशत 58.53 था। यहां खुशी की बात है कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में मतदान का प्रतिशत उम्मीद से कहीं ज्यादा रहा है। जम्मू-कश्मीर में 59 तो लद्दाख में 67.15 प्रतिशत रहा। इससे पता चलता है कि तीन दशक तक आतंक और अलगाववाद की गिरफ्त में रही इस घाटी में जनता ने धारा-370 के खात्मे को स्वीकार कर लिया है। पश्चिम बंगाल में पांचवें चरण में सबसे ज्यादा 73.14 तो महाराष्ट्र में सबसे कम 53.67 प्रतिशत मतदान रहा। साफ है, राजनीतिक दलों और निर्वाचन आयोग के संयुक्त प्रयासों के बावजूद मतदान का न बढ़ना लोकतंत्र के लिए चिंताजनक पहलू है।

हालांकि अब तक हुए पांच चरणों में लगभग एक से दो प्रतिशत कम रहा मतदान कोई बहुत बड़ा अंतर नहीं है। अतएव एकाएक यह नहीं कह सकते कि यह घटा हुआ मतदान राजग को सत्ता से बाहर कर देगा, बल्कि अभी तक जितना मतदान हुआ है, वह सत्तापक्ष का ही समर्थन करता दिख रहा है। खासतौर से पहले दो चरणों में कम मतदान का कारण मतदाता की मतदान से बेफ्रिक्री भी रही थी। दरअसल, भाजपा और उसके सहयोगी संगठनों के समर्थक मतदाता और कार्यकर्ता इस सोच में हैं कि नरेन्द्र मोदी सरकार का फिर से सत्ता में आना तय है। दूसरी तरफ कांग्रेस और आईएनडीआईए गठबंधन का मतदाता इसलिए निराश है, क्योंकि वह जानता है कि इस गठबंधन के पास न तो कोई केंद्रीय नेतृत्व है, न ही राष्ट्रीय दृष्टिकोण और न ही प्रचार के संसाधन, इसलिए इंडी गठबंधन राजग से मुकाबले में बहुत पीछे है। यह सोचकर मतदाता मान बैठा है कि कांग्रेस या इंडी गठबंधन को वोट दे भी दिया जाए तो उससे इच्छित परिणाम निकलने वाला नहीं है। एक और कारण है, शुरूआती दो चरणों में हुए मतदान के दौरान बड़ी संख्या में विवाह हो रहे थे, इसलिए लोग अपने मतदान केंद्रों से दूर किसी शहर या गांव में थे, अतएव मतदान से वंचित रह गए। बावजूद इसके जिन सीटों पर मतदान कम रहा है, उसका प्रमुख कारण चुनाव का इकतरफा हो जाना भी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दूसरी बार सत्ता संभालने के बाद अनेक बुनियादी मुद्दों का संवैधानिक निराकरण तो किया ही, देशव्यापी लोक-कल्याणकारी योजनाओं को भी कामयाबी के साथ जमीन पर उतारा। इनके असर के चलते अधिकांश सीटों पर इकतरफा मतदान का रुख देखने को मिल रहा है। यही रुख नरेन्द्र मोदी के संकल्प अर्थात 400 सीटें राजग की झोली में डालता दिखाई दे रहा है। मोदी ने जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 और 35-ए के खात्मे के साथ देश में तीन तलाक कानून खत्म करने जैसे महत्वपूर्ण फैसले लिए। इसका परिणाम रहा कि जम्मू-कश्मीर में मतदान का प्रतिशत उछाल मार रहा



है। 10 वर्ष पहले के कश्मीर देखते हुए यह एक चमत्कार ही है। अयोध्या में श्रीराम मंदिर के निर्माण का रास्ता भी मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में ही खुला और रामलला की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न हुई। इस आयोजन के आमंत्रण को ठुकराकर कांग्रेस ने अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारने का काम किया। इसी के बाद से मतदाता की मानसिकता भाजपा के पक्ष में और अधिक झुकी दिखाई दे रही है। नतीजतन, मतदाता इस भ्रम में उदासीन रहा कि भाजपा तो जीत ही जाएगी, अतएव मेरे एक वोट डालने से कुछ बिगड़ने वाला नहीं है। इसी इकतरफा माहौल के चलते कुलीन मतदाता घरों से बाहर नहीं निकला।

दो चरणों में मतदान कम रहने से मोदी समर्थक मतदाता सचेत हो गया। एक बड़े वर्ग को लगा कि यदि वह मतदान करने घर से नहीं निकला, तो कम प्रतिशत कहीं मोदी सरकार को सत्ता में लौटने में परेशानी न पैदा कर दे? लोगों को वह कहानी भी याद आ गई होगी कि गांव का अकाल मिटाने के लिए जब ग्रामीणों को कहा गया कि सूखे तालाब में एक-एक लोटा दूध डालने से जब तालाब भर जाएगा, तो अकाल दूर हो जाएगा। किंतु यह सोचकर प्रत्येक ग्रामीण पानी का भरा लोटा डाल आया कि मेरे अलावा तो शेष मतदाता दूध का भरा लोटा डाल ही रहे हैं। शुरूआती दो चरणों के मतदान प्रतिशत के कम रहने पर तीसरे, चौथे और पांचों चरण के मतदाता ने यही सोचा कि यदि मैं अपना मत देने नहीं गया तो गांव के अकाल की तरह देश में स्पष्ट बहुमत वाली सत्ता का अकाल पड़ जाएगा। यह सोच भी मतदान प्रतिशत बढ़ाने का एक कारण रहा। कुछ लोग यह सोचकर भी सिहर गए होंगे कि कहीं स्पष्ट बहुमत न मिलने पर खिचड़ी सरकार का दौर न लौट आए, जिसमें उलझकर भारत ने अपने महत्वपूर्ण दो-तीन दशक बर्बाद कर दिए। नतीजनतन, मतदाता घर से निकला और वोट प्रतिशत बढ़ गया। सनद रहे कि यह बढ़त तब भी रही, जबकि मतदान वाले अधिकांश संसदीय क्षेत्रों में लोगों को चिलचिलाती धूप का सामना कराना पड़ रहा है। मतदान के शेष अगले चरणों में यदि मतदान 70 से 75 फीसदी से ऊपर पहुंचता है, तो यह स्थिति लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत रहेगी। यह वजह कालांतर में अल्पसंख्यक समुदायों व जातीय समूहों को वोट बैंक की लाचारगी से मुक्ति दिलाएगी। दलों को भी तुष्टिकरण की राजनीति से छुटकारा मिलेगा। बढ़ा हुआ मतदान उन सब मिथकों को तोड़ देता है, जो आजादी के बाद से ही तुष्टिकरण के कारक बने रहे हैं। कश्मीर में इसी तुष्टिकरण का परिणाम अलगाववाद और आतंकवाद का जनक रहा है, किंतु अब वहां हालात तेजी से बदल रहे है और कथित भटके हुए लोग मुख्यधारा में शामिल होकर लोकतंत्र का उत्सव मना रहे हैं। जाहिर है, मतदाताओं को ध्रुवीकरण करने की राजनीति को पलीता लगने जा रहा है। नतीजतन संप्रदाय, वंशवाद और जाति विशेष की राजनीति करने वाले नेताओं को झटका लग रहा है। उनका वर्चस्व सिमटता दिखाई दे रहा है। कश्मीर में फारूक अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती के दल संकट में दिखाई दे रहे हैं। तुष्टिकरण और जातिवाद के आधार पर खड़ा हुआ इंडी गठबंधन स्वयंमेव आपस में लड़-झगड़कर खत्म होने के कगार पर पहुंच गया है।

इस तरह मतदान का घटा या बढ़ा हुआ प्रतिशत न तो मोदी सरकार के प्रति एंटी इन्कमबेंसी का इशारा है और न ही कांग्रेस या इंडी गठबंधन के प्रति बढ़ती उम्मीद का कोई कारण है? यह विशुद्ध रूप से मतदाता की मनःस्थिति से उपजा प्रतिशत है, जो हर चरण के साथ बदलता गया है। शुरूआत में मतदाता जब बेफिक्र रहा, तो मतदान प्रतिशत कम रहा, किंतु जब वह चिंतित होकर मतदान के लिए घर से निकला तो मतदान-यज्ञ में अपने मत की आहूति देकर ही लौटा। भारतीय लोकतंत्र की यही विशेषता है, कि अंत तक कोई भी चुनावी विश्लेषक या परिणाम से पूर्व हार-जीत का अनुमान लगाने वाली एजेंसियों के नतीजे शत-प्रतिशत खरे नहीं उतरते हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



केरल के थिरु वेंकटचलपति मंदिर में भगवान बालाजी का निवास है, जो भगवान विष्णु का एक अवतार हैं। मंदिर का निर्माण भगवान के तेलुगु भक्तों द्वारा किया गया है। मंदिर परिसर में नवग्रह, लिंग के रूप में शिव, गणेश, और भगवती की मूर्ती स्थापित है।


## कर्मों से उपार्जित सुख



संकलित
**दर्शन**

संसार के सारे क्रियाकलाप, मानव-समाज में हो रही गति, यह सब केवल मन का ही खेल है। मनुष्य की इच्छा शक्ति का प्रकाश मात्र है। अनेक प्रकार के यंत्र, युद्धपोत आदि सभी मनुष्य की इच्छा शक्ति के विकास मात्र हैं। मनुष्य की यह इच्छाशक्ति चरित्र से उत्पन्न होती है और वह चरित्र कर्मों से गठित होता है। अतएव कर्म जैसा होगा, इच्छाशक्ति का विकास भी वैसा ही होगा। संसार में प्रबल इच्छा शक्ति संपन्न जितने महापुरुष हुए हैं, वे सभी उत्कृष्ट कर्मी थे। उनकी इच्छाशक्ति ऐसी थी कि वे संसार को भी उलट-पुलट कर सकते थे। यह शक्ति उन्हें युग-युगांतर तक निरंतर कर्म करते रहने से प्राप्त हुई थी। बुद्ध एवं ईसा मसीह में जैसी प्रबल इच्छाशक्ति थी, वह एक जन्म में प्राप्त नहीं की जा सकती और उसे हम आनुवंशिक शक्तिसंचार भी नहीं कह सकते, क्योंकि हमें ज्ञात है कि उनके पिता कौन थे। हम नहीं कह सकते कि उनके पिता के मुंह से मनुष्य जाति की भलाई के लिए शायद कभी एक शब्द भी निकला हो। जोसेफ (ईसा मसीह के पिता) के समान तो असंख्य बढ़ई आज भी हैं, बुद्ध के पिता के सदृश लाखों छोटे-छोटे राजा हो चुके हैं। अतः यदि वह बात केवल आनुवंशिक शक्तिसंचार के कारण हुई हो, तो इसका स्पष्टीकरण कैसे कर सकते हैं कि इस छोटे से राजा को, जिसकी आज्ञा का पालन शायद उसके स्वयं के नौकर भी नहीं करते थे। ऐसा एक सुंदर पुत्र-रत्न लाभ हुआ, जिसकी उपासना लगभग आधा संसार करता है?

## शांति चाहते हैं तो ईमानदारी से करें काम



संकलित
**प्रेरणा**

एक दिन गुरु नानक के पास एक गांव का जमींदार आया। जमींदार गुरु नानक के लिए भोजन लेकर आया था। गुरु नानक ने जमींदार से कहा कि भोजन यहां रख दीजिए। जमींदार बोला कि मैं आपको खाना परोसना चाहता हूं। कृपया आप खाना खा लीजिए। नानक जी ने उसे कुछ देर रुकने के लिए कहा। तभी वहां एक गरीब व्यक्ति आया। उसने गुरु नानक से कहा कि मैं आपके लिए रोटी लेकर आया हूं। जमींदार ने उसकी ओर देखकर कहा कि खाना तो आ चुका है, तुम ये रोटी वापस ले जाओ। नानक जी ने कहा कि नहीं, खाने का अपमान नहीं करना चाहिए। जमींदार ने कहा कि मैं भी आपके लिए खाने की बहुत सी चीजें लेकर आया हूं। मेरी थाली में रोटी के साथ ही अन्य पकवान भी हैं, मिठाई भी है। नानक जी बोले कि हम उसे भी चख लेंगे। गुरु नानक ने उस गरीब की आधी रोटी खा ली और आधी अपने हाथ में रख ली। ये देखकर जमींदार ने आपत्ति जताते हुए कहा कि आपने ये क्या किया? मेरा स्वादिष्ट भोजन छोड़कर इसकी साधारण रोटी खा ली। नानक जी ने गरीब की आधी रोटी को हाथों से मसला तो उसमें से दूध की बूंद गिरीं। इसके बाद नानक जी ने जमींदार की मिठाई को मसला तो उसमें खून की बूंद गिरीं। वहां मौजूद लोग ये सब बहुत ध्यान से देख रहे थे। नानक जी ने उस जमींदार से कहा कि इसकी सूखी रोटी में ईमानदारी है और तुम्हारी मिठाई में कहीं न कहीं बेईमानी है। इसलिए मैंने इस गरीब की रोटी खाई है और तुम्हारी मिठाई नहीं खाई।

## दिवस विशेष

रोहित कौशिक



# संकट में जैवविविधता

वर्ल्ड वाइड फंड फॉर नेचर(डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) की एक रिपोर्ट के अनुसार बीते पांच दशकों में धरती की 68 फीसदी जैवविविधता नष्ट हो गई है। इस दौरान हर दस में से सात जैव-प्रजातियां खत्म हो चुकी हैं। सबसे ज्यादा हानि मीठे पानी की प्रजातियों को हुई है, जिनकी आबादी में 84 फीसदी की गिरावट दिखाई दी है। रिपोर्ट के अनुसार अगर जैवविविधता के संरक्षण हेतु ईमानदारी से प्रयास किए गए, तो भी 2050 से पहले इसमें सुधार की कोई संभावना दिखाई नहीं देती। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ की भारत इकाई ने कहा है कि भारत में 12 फीसदी जंगली स्तनधारी जन्तु और चिड़ियों की तीन फीसदी प्रजातियां विलुप्त होने के कगार पर हैं, जबकि 19 फीसदी उभयचर गंभीर खतरे में हैं। इस अध्ययन में बताया गया है कि बीते चार दशकों में भारत की नमभूमि (वेटलैंड) का एक-तिहाई हिस्सा गायब हो चुका है। कटु सत्य तो यही है कि भारत समेत सम्पूर्ण विश्व की जैवविविधता तेजी के साथ घट रही है। जैवविविधता पर मंडराता यह खतरा हमारे पर्यावरण के लिए नित नई समस्याएं पैदा कर रहा है। स्वार्थ के चलते मनुष्य द्वारा किए गए प्राकृतिक दोहन का नतीजा यह हुआ कि बीते चालीस सालों में पशु-पक्षियों की संख्या घटकर एक तिहाई रह गई। इस दौरान पेड़-पौधों की विभिन्न प्रजातियां भी आश्चर्यजनक रूप से कम हुईं। पेड़-पौधों की अनेक प्रजातियां तो विलुप्त होने के कगार पर हैं। दरअसल समृद्ध जैवविविधता हमारे पर्यावरण को पोषकता तो प्रदान करती ही है, हमारे जीवन पर भी सकारात्मक प्रभाव डालती है। विडंबना यह है कि जैवविविधता के संकट को देखते हुए भी हम अपनी जीवन शैली को बदलने के लिए तैयार नहीं हैं। कुछ समय पहले संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी एक रिपार्ट में कहा गया था कि मानवता उसी प्राकृतिक दुनिया को तेजी से नष्ट कर रही है, जिस पर उसकी समृद्धि और अस्तित्व टिका है। वनों, महासागरों, भूमि और वायु के दशकों से हो रहे दोहन और उन्हें जहरीला बनाए जाने के कारण हुए बदलावों ने दुनिया को खतरे में डाल दिया है। विशेषज्ञों के अनुसार जानवरों और पौधों की 10 लाख प्रजातियां विलुप्त होने के कगार पर पहुंच गई हैं। ये प्रजातियां पिछले एक करोड़ वर्ष की तुलना में हजारों गुणा तेजी से विलुप्त हो रही हैं। जिस तेजी से ये प्रजातियां विलुप्त हो रही हैं, उसे देखते हुए इतनी बड़ी संख्या में प्रजातियों के विलुप्त होने का खतरा है। रिपोर्ट में इस मुद्दे पर चिन्ता व्यक्त करते हुए कहा गया था कि हम अर्थव्यवस्था, आजीविका, खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य व जीवन की गुणवत्ता के मूल को ही नष्ट कर रहे हैं। इस अध्ययन में इस बात पर भी विचार विमर्श किया गया था कि किस प्रकार हमारी प्रजातियों की बढ़ती पहुंच और भूख ने सभ्यता को बनाए रखने वाले संसाधनों के प्राकृतिक नवीनीकरण को संकट में डाल दिया है। दरअसल जब भी जीवों के संरक्षण की योजनाएं बनती हैं तो बाघ, शेर तथा हाथी जैसे बड़े जीवों के संरक्षण पर तो ध्यान दिया जाता है लेकिन पक्षियों के संरक्षण को अपेक्षित महत्व नहीं दिया जाता है। वृक्षों की संख्या में वृद्धि, जैविक खेती को प्रोत्साहित तथा माइक्रोवेव प्रदूषण को कम करके काफी हद तक पक्षियों को विलुप्त होने से बचाया जा सकता है। पक्षियों के संरक्षण के लिए सरकार को भी कुछ ठोस योजनाएं बनानी होगी। अब समय आ गया है कि सरकार और हम मिलकर जैवविविधता को बचाने का प्रयास करें। जैवविविधता पर मंडराता यह खतरा हमारे अस्तित्व पर भी प्रश्नचिह्न लगा सकता है।

(लेखक फ्रीलांसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अंतर्मन




## आज की पाती

### मानव जीवन को सुव्यवस्थित करते है धार्मिक सिद्धान्त

धार्मिक सिद्धान्त मानव जीवन में कोई बाधा नहीं पहुंचाते हैं वे तो जीवन को सुव्यस्थित कर देते हैं। उनका उपयोग जब तक मानव बना रहेगा, तब तक बना ही रहेगा। धर्म के सिद्धान्तों में प्रत्येक परिस्थिति जो जीवन में प्राय: बनती रहती है उन सारी समस्याओं का सम्यक निराकरण है। मानव के बहुमुखी विकास के लिये यह आवश्यक है, वह अपनी शक्तियों का न केवल व्यवस्थित संग्रह करे किन्तु उनका उपयोग भी मर्यादित ढंग से करे। अज्ञानता और अधर्म के प्रभाव से अक्सर देखा जाता है कि व्यक्ति अपनी अमूल्य जीवन शक्तियों को किसी आवेग के वश होकर बर्बाद किया करता है, परिणामस्वरुप जीवन के अनेक क्षेत्रों में वह व्यक्ति प्राय: असफल सिद्ध होता है। धार्मिक सिद्धान्त व्यक्ति को संयम की दिशा प्रदान करते हैं। *-कान्तिलाल मांडोत, सूरत*

## करंट अफेयर

### जापान के माउंट फूजी पर्वत पर चढ़ने नए नियम तय

जापान के माउंट फूजी पर्वत पर चढ़ने की इच्छा रखने वाले लोगों को अब एक स्लाट की बुकिंग करानी होगी और इसके लिए उन्हें शुल्क का भी भुगतान करना होगा। यह फैसला इसलिए लिया गया क्योंकि माउंट फूजी पर्वत पर लगातार पर्वतारोहियों की संख्या बढ़ती जा रही है, जिससे वहां गंदगी फैल रही है और ये सुरक्षा और संरक्षण संबंधी चिंताओं का कारण बन रही है। यह नए नियम, 3,776 मीटर (लगभग 12,300 फीट) ऊंचे पर्वत के यामानाशी किनारे पर योशिदा मार्ग से जाने वाले पर्वतारोहियों पर लागू होते हैं। माउंट फूजी पर्वत पर एक जुलाई से 10 सितंबर तक पर्वतारोही चढ़ाई कर सकते हैं। यामानाशी प्रान्त ने सोमवार को जापान के विदेशी प्रेस केंद्र के माध्यम से एक बयान में बताया कि नए नियम के अनुसार केवल 4,000 पर्वतारोहियों को मार्ग में प्रवेश करने की अनुमति दी जाएगी और इसके लिए प्रति दिन 2,000 येन (लगभग 18 अमेरिकी डॉलर) का शुल्क लिया जाएगा। 3,000 स्लॉट्स ऑनलाइन बुक किए जाएंगे और शेष 1,000 को चढ़ाई के दिन व्यक्तिगत रूप से बुक किया जा सकता है। पर्वतारोही माउंट फूजी क्लाइंबिंग वेबसाइट के माध्यम से अपने स्लॉट बुक कर सकते हैं।



## ऑफ बीट

### जैतून के अलावा क्या अन्य तेल का इस्तेमाल करें

यदि आप अपना जैतून तेल थोक में खरीदते हैं, तो आने वाले सप्ताहों में आपको झटका लगने की संभावना है। प्रमुख सुपरमार्केट जैतून के तेल के चार लीटर टिन के लिए 65 ऑस्ट्रेलियाई डॉलर तक और 750 मिलीलीटर की बोतल के लिए 26 डॉलर तक वसूल कर रहे हैं। हम वर्षों से जैतून के तेल के स्वास्थ्य लाभों के बारे में सुनते आ रहे हैं। और हम में से कई लोग इसे सलाद में शामिल कर रहे हैं, या इसे पकाने और तलने में इस्तेमाल कर रहे हैं। लेकिन जीवनयापन की लागत के संकट के दौरान, ये ऊंची कीमतें जैतून के तेल को पहुंच से बाहर कर सकती हैं। आइए देखें कि जैतून के तेल की मांग क्यों है, यह अभी इतना महंगा क्यों है और कीमतें कम होने तक क्या करना चाहिए। क्या आप जानते हैं, जैतून का तेल आपके लिए इतना अच्छा क्यों है? अपने आहार में जैतून का तेल शामिल करने से टाइप 2 मधुमेह के विकास का जोखिम कम हो सकता है और रक्तचाप, प्रदाह और कोलेस्ट्रॉल के स्तर में सुधार के माध्यम से हृदय स्वास्थ्य में सुधार हो सकता है। इसका मुख्य कारण यह है कि जैतून के तेल में मोनोअनसैचुरेटेड फैटी एसिड और पॉलीफेनोल्स (एंटीऑक्सिडेंट) प्रचुर मात्रा में होते हैं। कुछ शोधकर्ताओं ने सुझाव दिया है कि आप प्रतिदिन 20 ग्राम तक सेवन करने से ये लाभ प्राप्त कर सकते हैं।



## ट्रेंड

### जनता माफ नहीं करेगी



सपा-कांग्रेस वालों का सुशासन और सनातन से 36 का रिश्ता है। प्रभु श्री राम का अपमान करने वालों को प्रयागराज की जनता कभी माफ नहीं करेगी। त्रिवेणी की इस पवित्र धरती को मैं प्रणाम करता हूं।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### चुनौती का सामना करें



प्रत्येक चुनौती और कठिनाइयों का विवेक और साहस के साथ सामना करें। हर चुनौती शारीरिक, मानसिक सामर्थ्य वृद्धि और विकास के नूतन अवसर लाती है।कठिन परिस्थितियों में भी सहज स्थिर और संतुलित रहने का प्रयास करें।
**-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु**

### बीजेपी की सीटें घट रही



देशभर में अब तक पांच चरणों में चुनाव हो चुके है। बीजेपी की सीटें हर जगह घट रही हैं। इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। हरियाणा में भाजपा की सरकार एक अनैतिक सरकार है। यहां भी कांग्रेस की सरकार भारी बहुमत से बनने जा रही है। इसके संकेत साफ़ दिखाई दे रहे है।
**-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

### गाली का बदला वोट से



अमित शाह ने देश की जनता को पाकिस्तानी बोला। बिना बुलाए नवाज़ शरीफ का केक काटने वाले मोदी, जिन्ना की कब्र पर माथा टेकने वाले भाजपाई, अमित शाह देश की जनता को पाकिस्तानी बोल रहे हैं देश तुम्हारी इस गाली का बदला वोट से लेगा।
**-संजय सिंह, आप नेता**

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## जैकेट के शेष

### साथ जलीं 17 चिताएं.....

धुर्वे को लेकर तेंदूपत्ता तोड़ने गए थे। उन्होंने अपनी पत्नी और बेटी के साथ मिलकर भरपूर तेंदूपत्ता तोड़ा था। उम्मीद थी कि इस बार तेंदूपत्ता से अच्छी कमाई हो जाएंगी, लेकिन शायद किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। तेंदूपत्ता तोड़ने के बाद घर लौटने के दौरान हुए सड़क हादसे में फूलचंद ने अपनी पत्नी रामप्यारी और बेटी सोनम को खो दिया और स्वयं गंभीर रूप से घायल हो गए।

**पिता के बाद अब उठ गया मां का भी साया :** ग्राम सैमरहा के ही रहने वाले धन्नू यादव के पिता बजारी धुर्वे का काफी पहले निधन हो गया था। धन्नू का भरण पोषण उसकी मां मेहनत मजदूरी कर करती थी। सोमवार को धन्नू अपनी मां के साथ तेदूपत्ता तोड़ने गया था, लेकिन लौटते समय सड़क दुर्घटना में उसकी मां मीला बाई धुर्वे की मौत हो गई और धन्नू गंभीर रूप से घायल हो गया। होश आने के बाद जब उसे पता चला की पिता के बाद अब उसकी मां भी उसका साथ छोड़ गई है, तो फूट-फूट कर रोने लगा। अभी तक धन्नू का विवाह नहीं हुआ है और बह अपने परिवार में अकेला बच गया है।

**एक ही परिवार के दस की मौत :** इस हादसे में ग्राम सैमरहा निवासी श्रीराम धुर्वे सचिव ने अपने सगा परिवार के दस सदस्यों को खोया है। परिवार के इन दस सगा परिवारों को मुखाग्नि देने के बाद शोक में डूबे श्री धुर्वे ने बताया कि इस सड़क हादसे में उन्होंने अपने बड़े भाई सिद्धराम धुर्वे, भाभी धनिया बाई धुर्वे को खोया है। भैया-भाभी की मौत के बाद अपने उनके एक पुत्र और एक पुत्री की जिम्मेदारी उनके ऊपर है। इसी प्रकार श्रीराम धुर्वे ने बताया कि सगा परिवार में उनकी बहु टीकू बाई धुर्वे की मौत हो चुकी है, जबकि भाई गुलाब सिंह घायल है। इनका एक पुत्र है, जिसके सिर से अब मां का साया उठ चुका है। इसी प्रकार श्रीराम धुर्वे के सगा परिवारों में सिरदारी धुर्वे, धनिया बाई धुर्वे, कुमारी बाई घुर्वे, रामप्यारी धुर्वे, सोनम धुर्वे, मीला बाई धुर्वे, धान बाई धुर्वे तथा कुंती बाई धुर्वे की मौत हो चुकी है।

**ड्राइवर और गाड़ी मालिक गिरफ्तार :** हादसे के बाद पुलिस ने वाहन चालक और मालिक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की धारा 304 के तहत मामला दर्ज करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव ने जानकारी देते हुए बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर सभी मृतकों के शवों को बरामद कर लिया है। वहीं घायलों को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

**हाईकोर्ट ने लिया संज्ञान, शासन, प्रशासन को जारी किया नोटिस :** कवर्धा जिला अंतर्गत पिकअप के गड्ढे में गिरने से 19 लोगों की मौत मामले को हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है। इस मामले में हाईकोर्ट ने शासन सहित कवर्धा प्रशासन को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। इस मामले की सुनवाई अगले सप्ताह होगी। कवर्धा जिले के कुकदूर थाना क्षेत्र के बाहपानी गांव के पास :शेष पेज 4 पर सोमवार को दोपहर तेज रफ्तार पिकअप पलटकर गहरी खाई में गिर गई। इस हादसे में 19 लोगों की मौत हो गई और सात से ज्यादा लोग घायल हो गए। हादसे में जिनकी मौत हुई है और जो घायल हुए हैं सभी आदिवासी समाज से हैं। दरअसल सेमहारा गांव के 30-35 ग्रामीण पिकअप क्रमांक सीजी 09 जेडी 5670 में सवार होकर तेंदूपत्ता तोड़ने कुकदूर थाना क्षेत्र के जंगलों में गए थे। तेंदूपत्ता तोड़ाई करने के बाद दोपहर में उसी वाहन से वापस अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान ग्राम बाहपानी के पास तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर करीब 20 फीट गहरे गड्ढे में जा गिरी। इस पूरे मामले को हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान में लिया है और शासन सहित कवर्धा प्रशासन को नोटिस जारी किया है। इस मामले में अगले सप्ताह सुनवाई होगी।

### विधायक भावना ने मृतकों .....

परिवार की भांति स्नेह व सहयोग दिया है। आज यहां इस दुख की घड़ी में, मैं उन सभी परिवारजनों के साथ हूं, इसलिए हमने निर्णय लिया है कि इस हादसे में जिन बच्चों के सिर से परिजनों का साया उठ गया हैं, जिनके माता-पिता ने इस हादसे में अपनी जान गंवाई है। उनके परिजन की भूमिका हम निभाएंगे। भावना बोहरा ने बताया कि हादसे में दिवंगत हुए 19 लोगों के करीब 24 बेटा-बेटियों के आगे की शिक्षा, उनके रोजगार एवं विवाह तक कि सारी जिम्मेदारी वे स्वयं अपने भावना समाजसेवी संस्थान के माध्यम से उठाएंगी।

### मैंने अपने परिवार के ....

न हो। उन्होंने कहा इस दुर्घटना में सर्वाधिक माताओं का देहावसान हुआ है, पूरे गांव में सबने अपना कोई नजदीकी खोया है। मुझे भी ऐसा लग रहा है कि मैंने अपने परिवार के सदस्य को खोया है। मैं बूढ़ा देव से प्रार्थना करता हूं इस दुःख की घड़ी से निकलने के लिए ईश्वर संबल प्रदान करें। स्थानीय विधायक भावना बोहरा बाहर है वे भी अपने ओर से मदद कर रही है।

### मुख्यमंत्री साय ने कवर्धा ....

घटित हुई है, लेकिन होनी को टाला नहीं जा सकता। हम सब आपके साथ हैं, पूरी सरकार आप लोगों के साथ खड़ी है। घटना की जानकारी मिलते ही गृहमंत्री भी आप सभी से मुलाकात करने पहुंचे हैं। आप लोगों को हर संभव मदद की जाएगी। तेंदूपत्ता संग्रहण की राशि के अलावा हमारी सरकार आप सभी को पांच-पांच लाख रुपए देगी। आप सभी बहुत कष्ट में हैं, लेकिन हमारी शोक संवदेनाएं आप सभी के साथ है। आप सभी हमें अपना समझें। कुछ भी परेशानी हो तो गृह मंत्री को बताइये। वे त्वरित आपकी मदद करेंगे। हमारी सरकार आप सभी के लिए उचित मुआवजा की घोषणा कर रही है।

### एक और जांच ....

में गड़बड़ी करने वाले फंसेंगे। जांच रिपोर्ट के आधार पर संस्कृत विद्या मंडल की परीक्षा प्रणाली में बदलाव का आधार भी तैयार हो सकता है।

### रईसजादे ने दो पर ....

सोशल मीडिया से लेकर मीडिया तक में सवाल उठाए जाने के बाद पुलिस ने पहले तो नाबालिग आरोपी के बिल्डर पिता को गिरफ्तार कर लिया। फिर होटल के मालिक और मैनेजरों को भी गिरफ्तार कर लिया, जहां नाबालिगों को कानून ताक पर रखकर शराब परोसी जा रही थी और इसी शराब के नशे में एक नाबालिग रईसजादे ने दो युवा इंजीनियरों की जान ले ली। अब पुणे के आबकारी विभाग ने भी बड़ी कारवाई की है। वहीं अब जब मामले ने तूल पकड़ा तो महाराष्ट्र सरकार तो को हस्तक्षेप करना पड़ा है। डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने खुद इस मामले का संज्ञान लिया है और कार्रवाई की बात कही है। इसके साथ ही वह इस केस को लेकर पुलिस कमिश्नर से मिलने भी पहुंचे।

**सीसीटीवी फुटेज से हुआ था बड़ा खुलासा :** बार के सीसीटीवी फुटेज से ही यह बात सामने आई थी कि घटना से पहले आरोपी ने अपने दोस्तों संग बैठकर शराब पी थी। हालांकि पुलिस ने मेडिकल रिपोर्ट में दावा किया था की उसने शराब नहीं पी थी, जिसके बाद कोर्ट ने आरोपी को मामूली शर्तों पर जमानत दे दी थी। पुलिस ने मामले में आरोपी के पिता और बार मालिक व मैनेजरों को भी आरोपी बनाया है।

### 3500 रुपए का ....

आज 22 मई से शुरू कर दी जाएगी। अभी आईपीएल 2024 के फाइनल के टिकट का शुरुआती प्राइस 3,500 रुपये रखा गया है। स्टैंड्स के हिसाब से सबसे महंगे टिकट की कीमत 7,500 रुपये तय की गई है। माना जा रहा है कि मंगलवार को ही बड़ी संख्या में टिकटों की बुकिंग हुई।

**मोबाइल एप से मिलेगा टिकट :** फाइनल मैच देखना चाहते हैं तो आप पेटीएम इनसाइडर मोबाइल एप पर जाकर टिकट खरीद सकते हैं। टिकट बुक कराने के लिए सबसे पहले पेटीएम इनसाइडर एप डाउनलोड करना होगा। उसके बाद 'चेन्नई' शहर का चयन करें क्योंकि फाइनल मुकाबला चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेला जाएगा। शहर पर क्लिक करने के बाद आईपीएल 2024 फाइनल का ऑप्शन ढूंढिए और उस पर क्लिक कर दीजिए। फाइनल मैच के टैब पर क्लिक करने के बाद खरीदें का ऑप्शन दिखाई देने लगेगा। इसके बाद आप अपने अनुसार स्टेडियम में उपलब्ध सीटों में से कोई भी सीट चुन सकते हैं। सीटों की संख्या सेट करने के बाद आपको 'एड टू कार्ट' पर क्लिक करना होगा। इसके बाद आपको केवल पेमेंट करनी होगी और तुरंत आपका ई-टिकट बुक हो जाएगा।

### नीट में गलत प्रश्नपत्र, हाईकोर्ट ....

की तारीख पर दोपहर 2 बजे भारतीय स्टेट बैंक, बालोद से प्राप्त प्रश्न पत्रों का पहला सेट वितरित किया गया था जो सही नहीं था। परीक्षा आयोजित कर रहे केन्द्र को जब अपनी गलती का एहसास हुआ तो उसने केनरा बैंक, बालोद से प्राप्त प्रश्न पत्रों का एक और सेट 40-50 मिनट बाद फिर से वितरित किया। प्रश्न पत्र के दूसरे सेट में ओएमआर शीट का एक अलग सेट जुड़ा हुआ था जिसे उम्मीदवारों द्वारा दोबारा भरना था, जिसमें उम्मीदवारों का समय नष्ट हो गया। इसे लेकर लिपिका सोनबोइर व अन्य ने एडवोकेट अदिति सिंघवी के माध्यम से याचिका लगाई। याचिका में बताया गया कि अभ्यर्थी प्रश्न पत्र के दूसरे सेट को समय पर हल नहीं कर सके। क्योंकि उन्हें कोई अतिरिक्त समय नहीं दिया गया था।

**राजस्थान में हुई थी ऐसी ही घटना :** यह भी बताया गया कि यही घटना राजस्थान में भी हुई थी, जिसमें राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी ने संबंधित केंद्र की दोबारा परीक्षा आयोजित करने 5 मई 2024 को एक सार्वजनिक सूचना जारी की थी। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी एनटीए की ओर से उपस्थित उप महाधिवक्ता डॉ. सौरभ कुमार पांडे के अनुरोध पर चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डिवीजन बेंच ने इस मामले में आवश्यक निर्देश प्राप्त करने के लिए तीन दिन का समय प्रदान किया है। मामले में अगली सुनवाई शुक्रवार को रखी गई है।

# सारण में चुनाव के बाद हंगामा गोलीबारी में एक मरा, दो घायल

## 2 दिन के लिए इंटरनेट भी हुआ बैन

एजेंसी ▶▶| पटना



बिहार में पांचवें चरण में पांच सीटों पर वोटिंग हुई थी। पांचवें चरण के मतदान के बाद बिहार की सारण लोकसभा सीट पर जमकर हिंसा हुई है। बीजेपी और आरजेडी के समर्थक आपस में भिड़ गए। वहीं मंगलवार को दोनों पक्षों के बीच गोलीबारी भी हुई। इस घटना में तीन लोगों को गोली लगी है। एक व्यक्ति की गोली लगने के कारण मौत हो गई जबकि दो गंभीर रूप से घायल हैं। सोमवार को वोटिंग के दौरान छपरा के भिखारी ठाकुर चौक इलाके में आरजेडी उम्मीदवार रोहिणी आचार्य भी पहुंची थीं। इस दौरान भी बवाल हुआ था। घटना के बाद सारण एसपी गौरव मंगला ने कहा, "आरजेडी और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच विवाद हुआ था। उसी को लेकर आज कुछ लोगों ने गोलीबारी की है। कार्यवाही की जा रही है। दो दिन के लिए इंटरनेट को भी बंद कर दिया गया है।"घटनास्थल पर बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है। सोमवार को सारण के बूथ संख्या 318 पर रोहिणी आचार्य पहुंची थीं और यही से विवाद की शुरुआत भी हुई थी। वहीं आज फायरिंग का आरोप भाजपा कार्यकर्ताओं पर लगाया गया है।

### तेजस्वी ने साधा बीजेपी पर निशाना, रूडी ने किया पलटवार

घटना पर तेजस्वी यादव ने कहा, "दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है और बाकी दो लोग फरार हैं। मुझे आश्वासन दिया गया है कि उन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। कुछ लोग हार के डर से ऐसी हरकतें करते हैं। चुनाव के दौरान ऐसी घटनाएं नहीं होनी चाहिए।" वहीं बीजेपी उम्मीदवार राजीव प्रताप रूडी ने कहा, "यह घटना काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। मैं तो किसी बूथ पर गया भी नहीं और इस समय चुनाव आयोग ही सरकार है। पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया है। सेल्फ डिफेंस में ही गोलियां चली हैं।" सोमवार को वोटिंग के दौरान छपरा के भिखारी ठाकुर चौक इलाके में आरजेडी उम्मीदवार रोहिणी आचार्य भी पहुंची थीं। इस दौरान भी बवाल हुआ था। घटना के बाद सारण एसपी गौरव मंगला ने कहा, "आरजेडी और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच विवाद हुआ था।

### इमरान को अयोग्य ठहराने की मांग खारिज



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक अदालत ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को एक मामले में अयोग्य ठहराने की मांग करने वाली एक याचिका मंगलवार को खारिज कर दी। याचिका में दावा किया गया था खान ने 2018 के आम चुनाव में अपना नामांकन पत्र दाखिल करते हुए कथित रूप से गलत सूचना प्रदान की थी और इस आधार पर उन्हें अयोग्य ठहराने का अदालत से अनुरोध किया गया था।

**श्रीलंका के विदेश मंत्री अली साबरी ने कहा**

## यदि भारत को कोई नुकसान होगा तो चीन से नहीं बनाएंगे रिश्ते

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



श्रीलंका ने कहा है कि भारत की सुरक्षा उनके लिए बेहद जरूरी है। न्यूज़ एजेंसी एएनआई को दिए इंटरव्यू में श्रीलंका के विदेश मंत्री अली साबरी ने कहा कि उनका देश भारत की सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्ध है। एक जिम्मेदार पड़ोसी के तौर पर वह किसी को भी भारत को नुकसान पहुंचाने नहीं देंगे। श्रीलंका के पोर्ट पर रुकने वाले चीन के रिसर्च जहाजों से जुड़े सवाल पर साबरी ने कहा- हम सभी देशों के साथ मिलकर काम करना चाहते हैं, लेकिन इसके लिए हम किसी दूसरे देश की सुरक्षा को ताक पर नहीं रखेंगे। अगर भारत इस मामले में अपनी सुरक्षा को लेकर सवाल उठाएगा, तो हम उस पर जरूर ध्यान देंगे। हम किसी को भी उन्हें चोट नहीं पहुंचाने देंगे।

## पेज एक के शेष

### ट्रैक्टर 500 की...

और वायदे किए जा रहे हैं, लेकिन देश में लगातार बढ़ रही महंगाई से अब खेती-किसानी भी झुलस रही है। खेती-किसानी की तैयारियों में जुटे किसानों को खाद-बीज महंगे दामों पर खरीदना पड़ रहा है। अक्ती त्यौहार के निपटने के बाद किसानों ने अपना रूख खेतों की ओर कर दिया है। खेती-किसानी के लिए खाद और बीज की खरीदी के साथ-साथ किसानों ने खेतों की सफाई का काम भी शुरू कर दिया है। अगले माह मानसून के सक्रिय होते ही बुआई की प्रक्रिया शुरू होगी। इस बीच बीज के दामों में इस साल की गई बढ़ोत्तरी से किसानों के चेहरे मायूस दिखाई दे रहे हैं। किसानों का कहना है कि पिछले पांच साल पहले धान का बीज 30 से 40 रुपए किलो में मिल जाता था, लेकिन अब यह 70 से 80 रुपए प्रति किलो मिल रहा है। वही हाल खाद का है। पहले यूरिया खाद 160 रुपए में मिलती थी, लेकिन अब यह 300 रुपए में मिल रही है। पांच साल पहले डीएपी का रेट 1700 रुपए था, लेकिन अब यह 2400 रुपए हो गया है। पोटाश के दाम में भी काफी बढ़ोत्तरी हुई है। कीटनाशक के दाम भी पांच सालों में 20 फीसदी तक बढ़ गए हैं। किसानों ने बताया कि प्रति एकड़ उन्हें पहले 12 हजार रुपए का खर्च आता था, लेकिन अब यह बढ़कर 25 हजार रुपए तक हो गया है।

### राजहंस के झुंड से...

मिलकर स्थिति के उचित मूल्यांकन के आधार पर वन्यजीव संघर्ष शमन और प्रबंधन योजना की समीक्षा करने और उसमें सुधार करने की आवश्यकता है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके। 'नैटकनेक्ट फाउंडेशन' के निदेशक बी एन कुमार ने एक विज्ञप्ति में कहा कि उन्होंने डीजीसीए को एक ईमेल भेजा है और यह पता लगाने के लिए उच्च स्तरीय जांच की मांग की है कि कैसे पक्षी अमीरात एयरलाइन के विमान की चपेट में आए और क्या पायलट अपने रडार पर पक्षियों के झुंड को देख नहीं पाया। 'बॉम्बे नैचुरल हिस्ट्री सोसायटी' (बीएनएचएस) के अनुसंधानकर्ता मृगंक प्रभु ने कहा कि ऐसा लगता है कि फ्लेमिंगो मुंबई से गुजरात लौट रहे थे और उनकी मौत मानव जाति के लिए आसन्न आपदाओं की चेतावनी है। नैटकनेक्ट ने बताया कि ठाणे क्रीक फ्लेमिंगो सैंक्चुरी में लगभग एक लाख फ्लेमिंगो उड़ान भरते रहते हैं जो कि एक रामसर स्थल है।

### काशी में बोले...

इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) की मानसिकता को 'महिला विरोधी' करार दिया। उन्होंने मंगलवार को दावा किया कि आज कांग्रेस की सरकार होती तो रसोई का खर्च दो तीन गुना ज्यादा होता, जबकि इसके विपरीत भाजपा की सरकार ने विभिन्न योजनाओं के जरिए जनता को हजारों रुपयों की बचत कराई है। प्रधानमंत्री ने अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र वाराणसी में आयोजित नारी शक्ति सम्मेलन में कहा कि उनके नेतृत्व में पहली बार केंद्र में ऐसी सरकार आई है जिसने महिलाओं के सम्मान की चिंता की है। उन्होंने कहा, बीते 10 साल में पहली बार सरकार की नीतियों से लेकर निर्णयों तक के केंद्र में माताएं, बहनें और महिलाएं आई हैं। इस पर उतनी चर्चा भले ही न हुई हो लेकिन यह भारत की सफलता की कहानी का एक बहुत बड़ा कारक है। उन्होंने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) की सरकारों पर महिलाओं की उपेक्षा करने का आरोप लगाते हुए कहा, जब घर आपके बिना नहीं चलता है तो देश आपके बगैर कैसे चल जाता, यह बात 60 वर्षों तक सरकारों को समझ ही नहीं आई।

### लीजेण्ड डिस्टलरी का...

बिलासपुर को तत्काल आदेश का पालन कराने कहा गया है। आबकारी आयुक्त द्वारा जारी निलंबन आदेश से साफ होता है कि लीजेण्ड डिस्टलरीज के निरीक्षण के दौरान कई अनियमितताएं पाई गई थीं। इस संबंध में कंपनी को नोटिस जारी किया गया था। कंपनी की ओर से नोटिस का जवाब भी दिया गया।

HMS शिव सायटिका तेल — सिरप, कैप्सुल व ऑयल उपलब्ध है
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डियों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
सीला मलहम® — अंदर की खुजली व बदबू के लिये, चिंगार पानी, शिला, छितरी सफेद दाग, पुरानी खुजली एवं शरीर में जलन तथा मिठी खुजली में केवल तीन दिनों में असर देखें .... HMS देखकर खरीदें 94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE — छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ
सिंघानिया स्किन केयर — सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट — 36, प्रथम तल, गुरुकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 — Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre — मो. 94252-14479, 0771-4020411 — www.makeoverraipur.com — त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक — सुविधाएं: पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी — दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ — स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद — गरचा कॉम्पलेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029
डॉ. जाऊलकर — कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर), कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल — ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified) — सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) — फोन: 0771-4044551 — समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक — मनोरोग, नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ — मो. 9977247553 — नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर — समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियलिटी सेन्टर) — लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध — OPD समय - शाम 4 से 6 बजे — डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
डायबिटिक क्लीनिक — डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता। — Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre — Appointments No. 7724035770, 9329004557, 9303724304
अष्टविनायक हॉस्पिटल — बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं। — बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन) — आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425
वात, स्पाइन एवं पाइल्स केयर — मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध — राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर मो. 9039050422
मोतियाबिंद — आयुष्मान कार्ड सुविधा — SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल — छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508133

## राशिफल

**मेष** — संगीत में रुचि बढ़ेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विदेश जाने के योग बन रहे हैं। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचने का प्रयास करें।

**वृष** — खर्चों की अधिकता रहेगी। कला एवं संगीत में रुचि हो सकती है। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पठन-पाठन में रुचि बढ़ सकती है। परिवार में आपसी वाद-विवाद की स्थितियां बन सकती हैं।

**कर्क** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। उच्च शिक्षा के लिए विदेश प्रवास हो सकता है। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा।

**सिंह** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**कन्या** — कार्यभार में वृद्धि होगी। बौद्धिक कार्यों से धन प्राप्त होगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। क्रोध के अतिरेक से बचें। बातचीत में संतुलन बनाकर रखें।

**तुला** — लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**वृश्चिक** — संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ेंगे।

**धनु** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कला एवं संगीत के प्रति रुझान बढ़ेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। किसी दूसरे स्थान पर जाना पड़ सकता है।

**मकर** — आलस्य की अधिकता हो सकती है। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — क्रोध से बचें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। बातचीत में संयत रहें। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मीन** — किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है। कारोबारी कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

## शब्द पहेली - 5518



**बाएँ से दाएँ**
1.होठ,अधर-2
3.बड़ी सवारी गाड़ी-2
5.डोर-2
7.हरे रंग का-2
9.शक,संदेह-3
11.विस्फोटक -2
13.बड़ी नाली-2
15.नमस्कार,नमस्ते-3
17.प्राण-2
19.लक्ष्मी,कमला-2
22.बल,दम-3
24.ठाठ-बाट-2
26.पिता-2
28.कसर-2
30.कुमारी,तरुणी-3
32.जी,चित-2
34.नाखून-2
36.पढ़ने वाला-3
38.उद्देश्य-2
41.मोटा आटा-2
43.नामित-3
45.नर का विलोम-2
47.उर्वरक-2
49.भीगा हुआ-2
51.गिरवी वस्तु-3
53.मनमौजी-2
55.सम्मान-2
57.ले जाने वाला-3
60.आनंद,मजा-2
62.दोस्त,सखा-2
64.निर्माण-3
66.सदैव,हमेशा-2
67.नेत्र,नयन-2
68.आकाश,गगन-2
69.लाख,गोंद-2

**ऊपर से नीचे**
1.प्यार (अंग्रेजी-2)
2.भगिनी,दीदी-3
4.सभी-2
6.गीत गायन-2
8.मार्ग,रास्ता-2
10.मां का दुलार-3
12.आनंद,रस-2
14.थूक,लेस-2
16.अनुकृति-3
18.सरुर,खुमार-2
20.मां,मदर-2
21.घ्राणेंद्रिय-2
23.चरण तल-3
25.भीगा हुआ-2
27.देह,काया-2
29.मछली-2
31.नृत्य करना-3
33.टौंटी,नलका-2
35.गधा,गर्दभ-2
37.कटि-3
39.माफी-2
40.दोस्त,मित्र-2
42.वायु,गैस-2
44.कॉफी-3
46.मूल्य-2
48.जोर,बल-2
50.लक्ष्मी-2
52.जलमार्ग-3
54.स्थिति-2
56.नवीन-2
58.कूड़ा-3
59.नौकर-2
61.सत्य-2
63.दौड़ना-2
65.गर्भनाड़ी-2


**शब्द पहेली- 5517 का हल**



## सूडोकु नववाल - 5529



**सूडोकु नववाल - 5528 का हल**



- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।



# वेलकम-3 से बाहर हुए संजय दत्त ...

**मुंबई।** संजय दत्त से जुड़ी बहुत बड़ी खबर सामने आ रही है। कहा जा रहा है कि संजय दत्त ने अहमद खान के निर्देशन में बन रही 'वेलकमः टू द जंगल' को बीच में ही छोड़ दिया है। अभी तक आधिकारिक तौर पर इस बात की पुष्टि तो नहीं हुई है, लेकिन सूत्र ने इसके पीछे का कारण जरूर बताया है। कहा जा रहा है कि संजय दत्त ने फिल्म छोड़ने से पहले अक्षय कुमार से बात की थी। संजय दत्त ने अक्षय के सामने अनप्लान्ड शूटिंग शेड्यूल और स्क्रिप्ट में किए गए बदलावों पर निराशा व्यक्त की और फिर फिल्म छोड़ने का फैसला लिया।

लाइफ Style

# सोनम


## भारतीय फैशन पर है गर्व

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

एक्ट्रेस और फैशन आइकन सोनम कपूर ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर देश की समृद्ध विरासत, इतिहास और विविधता का प्रतिनिधित्व करने में गर्व महसूस करती है। एक्ट्रेस ने कहा कि वह देश की विरासत को उजागर करने की कोशिश करती है।

'अगर मुझे किसी न किसी रूप में भारत का प्रतिनिधित्व करना होता है, तो मैं देश की विविधता पर प्रकाश डालती हूं। हमारे पास इतनी मजबूत सांस्कृतिक विरासत और प्राचीन सभ्यता है। इसका मतलब है कि भारत में जो कुछ भी बनाया जाता है, उसका बहुत मूल्य होता है।' सोनम कपूर ने कहा, 'यह एक बहुसांस्कृतिक जगह है, जहां कई धर्मों के लोग एक साथ सद्भाव से रहते हैं और इसका प्रतिनिधित्व करना अत्यंत महत्वपूर्ण है।' उन्होंने कहा, 'योग और अध्यात्म की भूमि होने के अलावा, भारत अपने संगीत और कारीगर शिल्प-कौशल के लिए भी प्रसिद्ध है। यह आभूषण और कढ़ाई का क्षेत्र है।'

सोनम इंडियन क्राफ्ट्समैनशिप को चैंपियन बनाने के लिए अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग करती है। एक्ट्रेस ने कहा, 'जब आपके पास एक प्लेटफॉर्म होता है, तो आप पर बड़ी जिम्मेदारी होती है। यह देखना दिलचस्प होता है कि लोग इसकी सराहना कैसे करते हैं और खुद को इससे कैसे जोड़ते है।' एक्टिंग की बात करें तो सोनम 'बैटल फॉर बिटोरा' की तैयारी कर रही है।




हॉलीवुड मसाला



# 'द अप्रेंटिस' को लेकर हुआ विवाद

**पेरिस।** अभिनेता सेबेस्टियन स्टैंन की फिल्म 'द अप्रेंटिस' डोनाल्ड ट्रंप की बायोपिक फिल्म है। फिल्म निर्माता अली अब्बासी के निर्देशन में बन रही 'द अप्रेंटिस' में सेबेस्टियन स्टैंन ने ट्रंप की भूमिका निभाई है। फिल्म के कलाकारों में जेरेमी स्ट्रॉन्ग और मारिया बाकालोवा भी शामिल हैं। बीते दिन 'कान फिल्म फेस्टिवल' में फिल्म का प्रीमियर हुआ। इसके एक सीन को लेकर 'कान्स' में विवाद खड़ा हो गया है। फिल्म के एक सीन में ट्रंप का किरदार निभा रहे सेबेस्टियन अपनी तत्कालीन पत्नी इवाना यानी कि मारिया बाकालोवा को जमीन पर गिरा देते हैं।





# स्कारलेट जोहानसन ने चैटजीपीटी पर उतारा गुस्सा

**लॉस एंजिलिस।** स्कारलेट जोहानसन हॉलीवुड की मशहूर अदाकारा हैं। स्कारलेट एक अमेरिकन अभिनेत्री हैं। स्कारलेट ने अपने फिल्मी करियर में कई बेहतरीन फिल्में की हैं। 2018-2019 में दुनिया की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली अभिनेत्री रह चुकी हैं। अभिनेत्री फोर्ब्स सेलिब्रिटी 100 की सूची में कई बार शामिल हो चुकी हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार स्कारलेट ने कहा है कि उन्हें इस बात से बेहद हैरानी, गुस्सा और विश्वास नहीं हो पा रहा है कि कंपनी ने एक ऐसी आवाज का इस्तेमाल किया जो उनकी आवाज से मिलती-जुलती है। अभिनेत्री स्कारलेट ने यह भी कहा कि उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कंपनी ओपनएआई के चैटबॉट चैटजीपीटी-40 के लिए अपनी आवाज देने से साफ इनकार कर दिया था, क्योंकि कंपनी ने एक ऐसी आवाज का इस्तेमाल किया है, जो उनकी आवाज से बिल्कुल ही मिलती-जुलती है।


# साझा किया घाटी में शूटिंग का अनुभव

**मुंबई।** अभिनेता जैकी श्रॉफ फिल्म 'सिंघम अगेन' की शूटिंग में व्यस्त हैं। उन्होंने फिल्म की शूटिंग जम्मू-कश्मीर में की। उन्होंने घाटी में शूटिंग का अनुभव साझा किया। उन्होंने घाटी में जाकर फिल्म और अन्य प्रोजेक्ट की शूटिंग करने वालों का सहयोग करने के लिए जम्मू-कश्मीर सरकार का आभार जताया। साथ ही वहां के स्थानीय लोगों की भी तारीफ की। अभिनेता ने कहा कि यहां के लोग काफी विनम्र और मददगार हैं।



जैकी श्रॉफ ने जम्मू-कश्मीर में मिले प्यार और सहयोग की तारीफ करते हुए कहा, 'यहां के लोग अविश्वसनीय रूप से मददगार हैं। बेहद विनम्र हैं। इसके अलावा प्रशासन भी काफी सहयोगी है'। एक्टर ने आगे कहा, 'जिस तरह यह जगह खूबसूरत है, उसी तरह यहां के लोग भी खूबसूरत हैं। यह बहुत मजेदार था। यहां हमें पुलिस से, सेना से, स्थानिय लोगों से और हर किसी से सहयोग मिला है।

# आवाज के जादू से जीता दिल



**मुंबई।** मोनाली ठाकुर अपनी जादुई आवाज से देश ही नहीं, बल्कि विदेश में भी लाखों लोगों को अपना दीवाना बना चुकी हैं।अपनी गायकी के लिए नेशनल अवॉर्ड जीतने वाली मोनाली ठाकुर सिंगिंग में अपना लोहा मनवाने से पहले अभिनय में भी किस्मत आजमा चुकी हैं। मोनाली ठाकुर ने 10 साल पहले आई एक फिल्म से अपनी किस्मत आजमाई थी। उन्होंने बेहद सेंसिटिव टॉपिक पर आधारित फिल्म 'लक्ष्मी' में लीड रोल निभाया था। महिलाओं की समग्लिंग और रेड लाइट एरिया में उन्हें बेचने पर आधारित इस फिल्म में मोनाली ठाकुर ने अपनी एक्टिंग से दर्शकों को काफी प्रभावित किया था।

# सुमोना चक्रवर्ती खुद बना रहीं नेटवर्किंग



**मुंबई।** कपिल शर्मा संग 'कॉमेडी सर्कस' से लेकर 'द कपिल शर्मा शो' तक सुमोना चक्रवर्ती ने काम किया, लेकिन वह नेटफ्लिक्स पर आ रहे 'द ग्रेट इंडिया कपिल शो' में काम नहीं कर रही हैं। उनका कहना है कि शो को मिल रहे प्यार से खुश हैं। फैंस शो को पसंद कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह शो में क्यों नहीं है, इसका कोई जवाब नहीं है। वह अपनी जर्नी खुद तय कर रही हैं। वह 'खतरों के खिलाड़ी 14' में नजर आने वाली हैं। सुमोना ने 'कॉमेडी नाइट्स विद कपिल' (2013-2016) और 'द कपिल शर्मा शो' (2016-23) में काम किया। सुमोना चक्रवर्ती ने एक इंटरव्यू में कहा, 'मेरे पास इसका कोई जवाब नहीं है। जिस शो का मैं हिस्सा थी, जो दूसरे चैनल पर था, वह पिछले साल जुलाई में ख़त्म हो गया। तब से, मैं अपनी जर्नी खुद तय कर रही हूं, अपने काम खुद कर रही हूं, नेटवर्किंग कर रही हूं और लोगों से मिल रहा हूं।' उन्होंने कहा कि लोग उनके पास आते हैं, तो बोलते हैं कि वह 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में उन्हें मिस करते हैं। शो में अभी सुनील ग्रोवर, कृष्णा अभिषेक, कीकू शारदा, राजीव ठाकुर और अर्चना पूरन सिंह शामिल हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे पता है कि फैंस ने मुझे शो में मिस किया है, मैंने उनके संदेश देखे हैं। मैं हर जगह लोगों से मिलती हूं, जैसे ही आप घर से बाहर निकलते हैं, आपके पड़ोसी आपको बताते हैं।'


बीएचईएल BHEL

सपनों को करे साकार
नवप्रवर्तन को प्रेरणा अपार



31 मार्च, 2024 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए स्टैंडएलोन एवं कंसोलिडेटेड अनंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार (₹करोड़ में)

| क्र. सं. | विवरण | स्टैंडएलोन – (अंकेक्षित) 03 माह समाप्त 31.03.2024# | 03 माह समाप्त 31.03.2023 (पुनः कहा गया)^ | समाप्त वर्ष 31.03.2024# | समाप्त वर्ष 31.03.2023 (पुनः कहा गया)^ | कंसोलिडेटेड – (अंकेक्षित) 03 माह समाप्त 31.03.2024# | 03 माह समाप्त 31.03.2023 (पुनः कहा गया)^ | समाप्त वर्ष 31.03.2024# | समाप्त वर्ष 31.03.2023 (पुनः कहा गया)^ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रचालनों से कुल आय | 8260.25 | 8226.99 | 23892.78 | 23364.94 | 8260.25 | 8226.99 | 23892.78 | 23364.94 |
| 2 | अवधि के लिए निवल लाभ/(हानि) (कर, अपवादत्मक मदों से पूर्व) | 631.06 | 926.97 | 220.33 | 685.77 | 622.73 | 926.97 | 178.68 | 659.59 |
| 3 | कर पूर्व अवधि के लिए निवल लाभ/(हानि) (अपवादात्मक मदों एवं समेकित परिणामों में संयुक्त उद्यमों के निवल लाभ/(हानि) के शेयर के बाद) | 631.06 | 926.97 | 220.33 | 685.77 | 636.32 | 939.86 | 242.66 | 715.61 |
| 4 | कर पश्चात अवधि के लिए निवल लाभ/(हानि) | 484.36 | 645.13 | 259.89 | 624.28 | 489.62 | 658.02 | 282.22 | 654.12 |
| 5 | अवधि के लिए कुल व्यापक आय {अवधि के लिए लाभ/(हानि) (कर पश्चात) और अन्य व्यापक आय (कर पश्चात) शामिल} | 438.49 | 507.55 | 177.48 | 607.01 | 443.58 | 521.03 | 199.67 | 637.44 |
| 6 | प्रदत्त इक्विटी शेयर पूंजी (अंकित मूल्य रु. 2 प्रति शेयर) | 696.41 | 696.41 | 6996.41 | 696.41 | 696.41 | 696.41 | 696.41 | 696.41 |
| 7 | अन्य इक्विटी | 24154.18 | 24115.98 | 24154.18 | 24115.98 | 23742.24 | 23681.85 | 23742.24 | 23681.85 |
| 8 | निवल मूल्य | 24850.59 | 24812.39 | 24850.59 | 24812.39 | 24438.65 | 24378.26 | 24438.65 | 24378.26 |
| 9 | प्रति शेयर मूल तथा डाइल्यूटेड अर्जन | 1.39 | 1.85 | 0.75 | 1.79 | 1.41 | 1.89 | 0.81 | 1.88 |
| 10 | पूंजी विमोचन रिजर्व | 37.87 | 37.87 | 37.87 | 37.87 | 37.87 | 37.87 | 37.87 | 37.87 |




# भारत के C&AG द्वारा कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(6) के तहत ऑडिट के अधीन।
^पुनर्कथित संदर्भ नोट–6

नोट :
1 वर्तमान अवधि के वर्गीकरण के अनुरूप जहां भी आवश्यक समझा गया, आंकड़ों को पुनर्समूहित/पुनर्व्यवस्थित किया गया है।
2 उपरोक्त परिणाम लागू सेबी (लिस्टिंग दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के अनुसार तैयार किए गए हैं। इन परिणामों की समीक्षा ऑडिट समिति द्वारा की गई है और 21.05.2024 को आयोजित बैठक में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया है।
3 उपरोक्त सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों के साथ दायर किए गए त्रैमासिक और वार्षिक लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक उद्धरण है। त्रैमासिक और वार्षिक लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप यहां उपलब्ध है। स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइटें: **www.nseindia.com** और **www.bseindia.com** और कंपनी की वेबसाइट के "वित्तीय सूचना" अनुभाग के अंतर्गत: **www.bhel.com**
4 पिछली तिमाही के आंकड़े पूरे वित्तीय वर्ष के संबंध में लेखापरीक्षित आंकड़ों और वित्तीय वर्ष की तीसरी तिमाही तक प्रकाशित वर्ष के आंकड़ों के बीच संतुलन के आंकड़े हैं।
5 निदेशक मंडल ने रु.0.25 प्रति शेयर (अंकित मूल्य रु. 2 प्रति शेयर) के अंतिम लाभांश की सिफारिश की है।
6 31.03.2024 को समाप्त वर्ष के दौरान, कंपनी ने संविदागत परिसंपत्तियों के संबंध में संभावित क्रेडिट हानि की गणना करते समय मुद्रा के मूल्य को ध्यान में रखते हुए, आईसीएआई से वर्ष के दौरान प्राप्त ईएसी राय के अनुरूप अपनी लेखांकन नीति में बदलाव किया है। परिवर्तन को पूर्वव्यापी प्रभाव से लागू किया गया है और इंड एएस 8 के अनुपालन में वित्तीय विवरणों को पुनः प्रस्तुत करने के लिए बैलेंस शीट (01.04.2022 को) उपलब्ध कराई गई है। 1 अप्रैल 2022 तक संविदागत परिसंपत्तियों पर संभावित क्रेडिट हानि के कारण कुल इक्विटी में 2,626.50 करोड़ रुपये की कमी आई, वित्त वर्ष 2022–23 के लिए ईसीएल के प्रावधान में 236.17 करोड़ रुपये की निकासी हुई और वर्तमान वर्ष 2023–24 के लिए ईसीएल के प्रावधान में 1,093.50 करोड़ रुपये की निकासी है। (विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया नोट संख्या 3 देखें)
7 ऐतिहासिक अनुभव/तकनीकी मूल्यांकन के आधार पर, कंपनी ने बोर्ड द्वारा अनुमोदित लेखांकन नीतियों के अनुरूप वारंटी (संविदात्मक दायित्वों) के लिए अपने प्रावधान की समीक्षा की है, जिसके परिणामस्वरूप वर्ष के दौरान राजस्व में 92.47 करोड़ रुपये और प्रावधानों में 1356.12 करोड़ रु की कमी आई है।. (विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया नोट संख्या 3 देखें)
8 व्यापार प्राप्तियों में ग्राहक एसटीपीजी (भूतपूर्व एनईसी सूडान) से 211 करोड़ रुपये (यूएसडी 25.5 मिलियन) की अतिदेय राशि शामिल है, जो गृहयुद्ध के कारण रुकी हुई है और अर्जनशोध्य है और बोर्ड द्वारा अनुमोदन के अनुसार इस के लिए प्रावधान नहीं किया गया है।
9 उपरोक्त रिपोर्टिंग अवधि के लिए प्रतिभूति प्रीमियम खाता ऋण पूंजी, वरीयता शेयर, डिबेंचर मोचन रिजर्व ऋण इक्विटी अनुपात् ऋण सेवा कवरेज अनुपात और ब्याज सेवा कवरेज अनुपात के संबंध में जानकारी शून्य/एनए नहीं है। लिस्टिंग विनियमों के विनिमय 52 (4) में संदर्भित अन्य लाइन आइटमों के लिए प्रासंगिक खुलासे स्टॉक एक्सचेजों की वेबसाइटों **www.nseindia.com** और **www.bseindia.com** पर व कपनी की वेबसाइट **www.bhel.com** के "वितीय सूयना" अनुभाग के तहत किए गए हैं।

कृते भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड
हस्ता/–
(के. सदाशिव मूर्ति)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
अतिरिक्त प्रभार, निदेशक (वित्त)

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 21.05.2024

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड
सीआईएनः L74899DL1964GOI004281
पंजीकृत कार्यालयः बीएचईएल हाउस, सीरी फोर्ट, नई दिल्ली–110049 फोन नं.: 011–66337000, फैक्सः 011–26493021 ई–मेलः shareholderquery@bhel.in

शेयरधारकगण इस संबंध में नेषनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट (www.nseindia.com), बीएसई वेबसाइट (www.bseindia.com) तथा हमारी वेबसाइट (www.bhel.com) पर निवेषक संबंध पेज का अवलोकन कर सकते हैं।

www.bhel.com BHELOfficial BHEL_India BHEL_India bhel.india company/bhel

प्रगति को गति ... जीवन को ज्योति   भारत के हर घर से जुड़ा





## 12 लाख रुपए की धोखाधड़ी का मामला

# केंद्रीय मंत्री सिंधिया के बेटे की कंपनी को मैनेजर ने लगाया चूना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर



■ कंपनी के मैनेजर पर पर मामला दर्ज

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के बेटे महाआर्यमन की कंपनी में धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। धोखाधड़ी का आरोप महाआर्यमन की कंपनी के मैनेजर पर लगा है। फर्म के कर्मचारी ने तत्कालीन मैनेजर शिवम गुप्ता समेत दो लोगों पर जनकगंज थाने में धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है। जनकगंज थाना प्रभारी विपेंद्र सिंह चौहान के अनुसार 12 लाख रुपए का गबन सामने आया है। मामला हाई प्रोफाइल होने की वजह से पुलिस एक्टिव हो गई।

## पर्यटन में बढ़ रही भारत की धाक, 2021 में भारत 54वें स्थान पर था

# ग्लोबल ट्रैवल और टूरिज्म इंडेक्स में भारत की रैंक 39वीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आज मंगलवार को वार्षिक रिपोर्ट में दिखाया गया है कि विश्व आर्थिक मंच के यात्रा एवं पर्यटन विकास सूचकांक 2024(ग्लोबल ट्रैवल और टूरिज्म इंडेक्स 2024)में भारत की रैंक बढ़कर 39वें स्थान पर पहुंच गई है, वैश्विक पर्यटन गतिविधियां महामारी से पहले के स्तर पर लौट आई हैं। डब्ल्यूईएफ ने कहा कि जहां अमेरिका इस सूची में सबसे ऊपर है, वहीं भारत दक्षिण एशिया और निम्न-मध्यम-आय वाली अर्थव्यवस्थाओं में सर्वोच्च स्थान पर है। 2021 में पहले प्रकाशित सूचकांक में भारत 54वें स्थान पर था, हालांकि सूचकांक मापदंडों में किए गए बदलाव पहले के वर्षों की तुलना में इसकी तुलना को सीमित करते हैं।



### यात्रा और पर्यटन मांग में स्थिरता

*इसके अलावा, 2019 की तुलना में गिरावट के बावजूद, देश अभी भी यात्रा और पर्यटन मांग स्थिरता के मामले में अच्छा स्कोर कर रहा है, विशेष रूप से आने वाले आगंतुकों के बीच अधिक टिकाऊ लंबे प्रवास के लिए धन्यवाद। इसमें आगे कहा गया है कि कई अर्थव्यवस्थाओं की तरह, भारत में यात्रा और पर्यटन सक्षम स्थितियां इस क्षेत्र के लिए वैश्विक मुद्रास्फीति आपूर्ति-पक्ष के रुझान से प्रभावित हुई हैं, जिससे मूल्य प्रतिस्पर्धात्मकता में गिरावट आई है, जबकि हवाई परिवहन और पर्यटन सेवाओं का बुनियादी ढांचा अभी भी 2019 के स्तर तक नहीं पहुंच पाया है।*

### जीडीपी ग्रोथ में योगदान

*डब्ल्यूईएफ ने कहा कि वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में यात्रा और पर्यटन क्षेत्र का योगदान इस साल महामारी-पूर्व के स्तर पर लौटने की उम्मीद है, जो कि कोविड-19 से संबंधित यात्रा प्रतिबंधों को हटाने और मजबूत मांग में वृद्धि के कारण है। मध्य पूर्व में अंतर्राष्ट्रीय पर्यटक आगमन में रिकवरी दर सबसे अधिक (2019 के स्तर से 20 प्रतिशत ऊपर) थी, जबकि यूरोप, अफ्रीका और अमेरिका सभी ने 2023 में लगभग 90 प्रतिशत की मजबूत रिकवरी दिखाई।, विवार्षिक सूचकांक ने विभिन्न कारकों और नीतियों के आधार पर 119 देशों के यात्रा और पर्यटन क्षेत्रों का विश्लेषण किया। जर्मनी छठे स्थान पर था, उसके बाद शीर्ष दस में यूके, चीन, इटली और स्विट्जरलैंड थे।*

### ये देश भी लिस्ट में शामिल

अमेरिका के बाद, स्पेन, जापान, फ्रांस और ऑस्ट्रेलिया 2024 की सूची में शीर्ष पांच में शामिल हैं। सरे विश्वविद्यालय के सहयोग से तैयार किए गए सूचकांक से पता चलता है कि भारत अत्यधिक मूल्य-प्रतिस्पर्धी (18वां) है और प्रतिस्पर्धी वायु परिवहन (26वां) और ग्राउंड और पोर्ट (25वां) बुनियादी ढांचे का दावा करता है। विशेष रूप से भारत के मजबूत प्राकृतिक (छठे), सांस्कृतिक (9वें) और गैर-अवकाश (9वें) संसाधन यात्रा को आगे बढ़ाने में मदद करते हैं, और देश के लिए टॉप 10 में स्कोर करने वाले तीन में से केवल एक है।

**रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामला**

# एनआईए ने कई राज्यों में कई ठिकानों पर डाले छापे

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

रामेश्वरम कैफे में हुए विस्फोट के मामले की जांच के संबंध में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने कई राज्यों में छापेमारी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। रामेश्वरम कैफे में एक मार्च को हुए विस्फोट में कई ग्राहक और कर्मचारी घायल हो गए थे। इनमें से कुछ लोगों को गंभीर चोटें आई थीं। अधिकारी ने बताया कि अपराध में शामिल लोगों के साथ कुछ संदिग्धों के संबंधों की जानकारी के आधार पर छापेमारी की गई। अधिकारियों ने कहा कि जिन जगहों पर छापेमारी की गई उनमें बेंगलुरु के कुमारस्वामी लेआउट और बानाशंकरी भी शामिल थे। एनआईए के एक वरिष्ठ



अधिकारी ने बताया कि काई राज्यों के विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की जा रही है। बता दें कि एनआईए को तीन मार्च को यह मामला सौंपा गया था। एजेंसी ने 12 अप्रैल को इस मामले के सरगना अब्दुल मथीन अहमद ताहा सहित दो प्रमुख आरोपियों को गिरफ्तार किया था। ताहा, मुसाविर हुसैन शाजिब और अन्य एक आरोपी को कोलकाता के पास एक लॉज से गिरफ्तार किया गया था। वे यहां पर फर्जी पहचान के साथ रह रहे थे।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र..... अ/2, वर्ष, 2023-24
वाद भूमि ग्राम खिलोरा प.ह.नं. 25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता ग्राम खिलोरा प.ह.नं. 25 तहसील सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा को सूचित किया जाता है कि आवेदक रौनक अग्रवाल पिता सीताराम अग्रवाल जाति बनिया निवासी 270 बाजार पारा 16/8 शीतला पारा नेवरा-तिल्दा तहसील तिल्दा जिला रायपुर (छ.ग.) कृषक ग्राम खिलोरा प.ह.नं. 25 तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम खिलोरा प.ह.नं. 25 तहसील सिमगा स्थित भूमि खसरा नम्बर 826/1 रकबा 0.1580 हे. भूमि आवेदक के नाम पर भूमिस्वामी हक में राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक उक्त भूमि खसरा नम्बर 826/1 रकबा 0.1580 हे. भूमि को औद्योगिक प्रयोजन हेतु पुर्न निर्धारण किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय शपथ पत्र बी-1, खसरा नक्शा की प्रति एवं बैनामा की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है। अतः उक्त आवेदित भूमि को औद्योगिक प्रयोजन हेतु परिवर्तित कर पुर्न निर्धारण किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण नियत सुनवाई पेशी दिनांक 30/05/2024 तक अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। अतएव आज दिनांक 14/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

(मुहर) अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सिमगा

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-2 तहसील रायपुर जिला रायपुर**

**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम जरवाय उर्फ हीरापुर प.ह.नं. 35 रा.नि.मं. रायपुर-2 तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि के संबंध में आवेदक सहायक अभियंता छ.ग. गृह निर्माण मंडल उपसंभाग क्रमांक 01 रायपुर के द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 704/5 रकबा 0.1160 का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरान्त न्यायालय अति.तहसीलदार 01, रायपुर के रा.प्र.क्र. /.. / अ-12/ वर्ष / 2023-24 आदेश दिनांक 26.04.2024 के परिपालन में दिनांक 19.06.2024 को 3.00 पूर्वाहन किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय पर हल्का पटवारी कार्यालय में उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी उजर, दावा अथवा आपत्ति हो तो समक्ष प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगा।

सो सूचना जाने।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं.-रायपुर-2 हीरापुर
तह. व जिला रायपुर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**-:: ईश्तहार ::-**

रा.प्र. क्र...... अ / 2, वर्ष, 2023-24
वाद भूमि ग्राम खिलोरा प.ह.नं. 25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता ग्राम खिलोरा प.ह.नं. 25 तहसील सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा, को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सुनीता अग्रवाल पति स्व. सीताराम अग्रवाल जाति बनिया निवासी 270 बाजार पारा 16/8 शीतला पारा नेवरा-तिल्दा तहसील तिल्दा जिला रायपुर (छ.ग.) कृषक ग्राम खिलोरा प.ह.नं. 25 तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम खिलोरा प.ह.नं. 25 तहसील सिमगा स्थित भूमि खसरा नम्बर 826/2 रकबा 0.1250 हे. भूमि आवेदिका के नाम पर भूमिस्वामी हक में राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक उक्त भूमि खसरा नम्बर 826/2 रकबा 0.1250 हे. भूमि को औद्योगिक प्रयोजन हेतु पुर्न निर्धारण किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय शपथ पत्र बी-1, खसरा नक्शा की प्रति एवं बैनामा की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त आवेदित भूमि को औद्योगिक प्रयोजन हेतु परिवर्तित कर पुर्न निर्धारण किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण नियत सुनवाई पेशी दिनांक 30/05/2024 तक अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतएव आज दिनांक 14/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

(मुहर) अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सिमगा

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा, जिलाबलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र. क्र....... अ/2, वर्ष, 2023-24
वाद भूमि ग्राम खिलोरा प.ह.नं. 25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता ग्राम खिलोरा प.ह.नं. 25 तहसील सिमगा, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा, को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण दीपक शर्मा पिता राजकुमार शर्मा, श्रीमती मोनिका शर्मा पति दीपक शर्मा निवासी नेवरा-तिल्दा तहसील तिल्दा जिला रायपुर (छ.ग.) कृषक ग्राम खिलोरा प.ह.नं. 25 तहसील सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम खिलोरा प.ह.नं. 25 तहसील सिमगा स्थित भूमि खसरा नम्बर 28 रकबा 0.4860 हे. भूमि आवेदकगण के संयुक्त नाम पर भूमिस्वामी हक में राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदकगण उक्त भूमि खसरा नम्बर 28 रकबा 0.4860 हे. भूमि को औद्योगिक प्रयोजन हेतु पुर्न निर्धारण किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय शपथ पत्र बी-1, खसरा, नक्शा की प्रति एवं बैनामा की छायाप्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त आवेदित भूमि को औद्योगिक प्रयोजन हेतु परिवर्तित कर पुर्न निर्धारण किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रकरण नियत सुनवाई पेशी दिनांक 30/05/2024 तक अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतएव आज दिनांक 14/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

(मुहर) अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
सिमगा

## पूर्व तट रेलवे

### निविदा आमंत्रण सूचना

**1) निविदा सं. 30246113, दिनांक : 14.05.2024**

कार्य का नाम : 01. मानव रहित एरियल वाहन (UAV) छोटी दूरी, दिन और रात की निगरानी के लिए उड़ान का समय 40 से 60 मिनट। 2. 03Kg तक भार का वहन करें। 3. रेंज 05KM से 08 KM। 4. फुल पे लोड पर उड़ान का समय 40 मिनट से 60 मिनट। 5. क्रूज गति - 35 से 50 किमी और उड़ान की ऊंचाई 400 मीटर से 3000 मीटर। 6. सर्वोत्तम पवन प्रतिरोध, धूल और ड्रिजल रिजिस्टन्स IP54। 7. उड़ान भरने से लेकर लैंडिंग तक पूरी तरह से स्वचालित, वेप्वाइंट नेविगेशन, वीडियो आधारित नेविगेशन के लिए दूर से संचालित मोड, मैन्युअल नियंत्रण और होवर। 8. जियो फेंसिंग और जीपीएस, संचार विफलता, कम बैटरी और तेज हवाओं के होने पर लौटने योग्य। 9. कैमरा : 4K छवि रिजॉल्यूशन 3840 x 2160 पिक्सेल, 360 डिग्री पर प्रदर्शित होता है। 10. बैटरी : प्रत्येक 25.2DC की 03 LI-ION बैटरी, 1-10Ah, वारंटी - 02 वर्ष। 11. कर्मचारियों के लिए आवश्यक परिचालन प्रशिक्षण। 12. GCS (ग्राउंड कंट्रोल स्टेशन) सॉफ्टवेयर : मिशन प्लानर। 13. फ्लाइट मोड : स्टेबिलाइज मोड, एल्टीट्यूड होल्ड मोड, लोइटर मोड, पोजिशन मोड, मिशन मोड, आरटीएल (रिटर्न टू लॉच) मोड। 14. जलरोधक पैकेजिंग में ले जाने और संचालन योग्य। (वारंटी अवधि : डिलीवरी की तारीख के 36 महीने बाद)।

मात्रा : 02 संख्यक।

द्रष्टव्य : सामग्री 60 दिन के भीतर आपूर्ति की जानी चाहिए।

निविदा खुलने की तिथि एवं समय : दिनांक 11.06.2024 को 1500 बजे।

**2) निविदा सं. 30246071, दिनांक : 14.05.2024**

कार्य का नाम : पीएससी स्लीपर, Alt-1 पर फिश प्लेटेड जॉइंट इंसुलेटेड ग्लूड जॉइंट (RT-8258) के लिए उच्च TOE लोड के साथ इलास्टिक रेल क्लिप्स J टाइप का निर्माण और आपूर्ति (यह एक सुरक्षा आइटम है)। विशिष्टता : इलास्टिक रेल क्लिप्स J टाइप को शुद्धिपत्र संख्या 02 के साथ आईआरएस / T-31-2021 (पांचवें संशोधन) की पुष्टि करनी चाहिए। (वारंटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के 30 महीने बाद)

मात्रा : 25000 संख्यक।

द्रष्टव्य : सामग्री 60 दिन के भीतर आपूर्ति की जानी चाहिए।

निविदा खुलने की तिथि एवं समय : दिनांक 11.06.2024 को 1500 बजे।

सभी का निरीक्षण TPI एजेंसी द्वारा किया जाता है।

संपूर्ण विस्तृत विवरण : www.ireps.gov.in में उपलब्ध होंगे।

वरिष्ठ मण्डल सामग्री प्रबंधक/वाल्टियर
PR-138/P/24-25

## आम सूचना

मै अपने पक्षकार कि ओर से अधिकृत होकर उनसे प्राप्त सूचना के आधार पर आम जनता को सूचित करता हूँ कि :- यह कि ग्राम लिंगियाडीह रा.नि.मं. मोपका, ह.प.नं.-31, तह. व जिला बिलासपुर में स्थित खसरा न. 49/1 क्षेत्रफल क्रमशः 0.2830 हेक्टयेर जो कि राजस्व अभिलेखों में श्री अखिलेश राय पिता श्री गेंदलाल राय के नाम पर दर्ज है। यह कि, उपरोक्त सम्पत्ति को क्रय करने का अनुबंध मेरे पक्षकार एवं उपरोक्त भूमि स्वामियों के मध्य निष्पादित हो गया है, जिसकी रजिस्ट्री भविष्य में होना तय है।

उपरोक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी न्यायालय में कोई विवाद उत्पन्न हो अथवा सम्पत्ति पर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, शासकीय, अर्धशासकीय, वित्तीय संस्थान, सहकारी संस्था, प्रायवेट बैंक का कोई अधिकार निहित हो अथवा बंधक/भार द्वारा ऋण प्राप्त किया गया हो, तो इस आम सूचना के प्रकाशन के 07 दिवसों के भीतर मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर दस्तावेज सहित अपनी आपत्ति दर्ज करावें। समयावधि पश्चात की गई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मेरा पक्षकार भूमि का पंजीयन कराने हेतु स्वतंत्र होगा। अस्तु सूचना जाने।

भवदीय
आयुष अग्रवाल (अधिवक्ता)
कार्यालय - बैंक ऑफ़ बड़ौदा बिल्डिंग, लिंक रोड बिलासपुर (छ.ग.)
मो. न. - 9893101191

## आम सूचना

मै अपने पक्षकार कि ओर से अधिकृत होकर उनसे प्राप्त सूचना के आधार पर आम जनता को सूचित करता हूँ कि :- यह कि ग्राम लिंगियाडीह रा.नि.मं. मोपका, ह.प.नं.-31,तह. व जिला बिलासपुर में स्थित खसरा न. 49/2, 49/3, 49/4 क्षेत्रफल क्रमशः 0.2430, 0.2430, 0.2510 हेक्टयेर जो कि राजस्व अभिलेखों में श्रीमती नमिता राय पिता श्री प्रेमशंकर जायसवाल (पति-श्री अखिलेश राय) के नाम पर दर्ज है। यह कि, उपरोक्त सम्पत्ति को क्रय करने का अनुबंध मेरे पक्षकार एवं उपरोक्त भूमि स्वामियों के मध्य निष्पादित हो गया है, जिसकी रजिस्ट्री भविष्य में होना तय है।

उपरोक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी न्यायालय में कोई विवाद उत्पन्न हो अथवा सम्पत्ति पर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, शासकीय, अर्धशासकीय, वित्तीय संस्थान, सहकारी संस्था, प्रायवेट बैंक का कोई अधिकार निहित हो अथवा बंधक/ भार द्वारा ऋण प्राप्त किया गया हो, तो इस आम सूचना के प्रकाशन के 07 दिवसों के भीतर मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर दस्तावेज सहित अपनी आपत्ति दर्ज करावें।

समयावधि पश्चात की गई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मेरा पक्षकार भूमि का पंजीयन कराने हेतु स्वतंत्र होगा। अस्तु सूचना जाने।

भवदीय
आयुष अग्रवाल (अधिवक्ता)
कार्यालय - बैंक ऑफ़ बड़ौदा बिल्डिंग, लिंक रोड बिलासपुर (छ.ग.)
मो. न. - 9893101191

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री नगर संभाग पूर्व रायपुर छ.ग.
## छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड
### ( छत्तीसगढ शासन का एक उपक्रम)

**:: सूचना ::**

आम नागरिकों एवं सम्मानित विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि 33/11 के.व्ही. दलदल सिवनी -1 उपकेन्द्र से निर्गमित होने वाली 11 के.व्ही. युफोरिया फिडर जो कि दलदल सिवनी - 1 उपकेन्द्र से वी.वी.डी. सिटी, अशोका आईकॉन, अशोका इन्प्रेशन, बैडमिंटन एरिना, युफोरिया अपार्टमेंट से होते हुये चन्द्रा स्क्वायर बिल्डिंग तक कार्य पूरा किया जा चुका है।

अतः उक्त 11 के.व्ही. युफोरिया फिडर दिनांक 22.05.2024 के पश्चात कभी भी उर्जीकृत किया जा सकता है।

अतः सम्माननिय नागरिको को अवगत कराया जाता है कि उक्त 11 के.व्ही. लाईन एवं खम्भों से छेडखानी न करें तथा सुरक्षित दूरी बनायें रखे।

( विनय चन्द्राकर- 9511031)
कार्यपालन यंत्री, न.सं. पूर्व
छ.स्टे.पॉ.डि.कं.लिमि., रायपुर

## साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
**"मिनी रत्न कम्पनी"**
**(कोल इंडिया लिमिटेड का उपक्रम)**

साईकोलि / मप्र / कुस / भू.रा. / 2024 / 423 — दिनांक 13.05.2024

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि एसईसीएल, कुमसुण्डा क्षेत्र द्वारा ग्राम जटराज की सम्पूर्ण भूमि का अर्जन किया जा चुका है, जिसमें 180 खातेदारों में से अब तक 119 खातेदारों द्वारा अपना भूमि का मुआवजा एसईसीएल महाप्रबंधक कार्यालय से प्राप्त किया जा चुका है। बचे हुए शेष 61 खातेदारों से आग्रह है, कि वे महाप्रबंधक कार्यालय में आकर अपना आवेदन प्रस्तुत कर 15 दिनों में अपनी भूमि का मुआवजा प्राप्त कर सकते है। यह अवगत कराना आवश्यक है, उक्त भूमि का मुआवजा दिनाँक 24.05.2011 को केन्द्र शासन द्वारा अनुमोदित किया गया है। जिसके तहत् भूमि का मुआवजा हेतु दिनांक 24.02.2012, 25.09.2019, 06.11.2019 एवं 02.03.2023 को नोटिस दिया जा चुका है एवं दिनांक 03.08.2020 को दैनिक समाचार पत्र (दैनिक भास्कर) में प्रकाशन किया जा चुका है, परंतु अब तक निम्नलिखित तालिकानुसार बचे हुए शेष खातेदारों की मुआवजा राशि एसईसीएल के राजकोष में जमा है तथा किसी भूस्वामी द्वारा मुआवजा राशि प्राप्त करने हेतु किसी भी प्रकार से अब तक आवेदन नहीं किया गया है।

| सी. क्र. | खातेदार का नाम / पिता का नाम | खाता नम्बर | खसरा नम्बर | अर्जित भूमि रकबा एकड़ | | किस्म जमीन | दर प्रति एकड़ | राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अलग राम पिता बिसाहू मरार | 1 | 63/6) | 0.08 | 0.08 | उरकहा | 800000.000 | 64000.000 |
| | | | 95/6) | 0.07 | 0.07 | उरकहा | 800000.000 | 56000.000 |
| | | | 192/6 | 0.14 | 0.14 | उरकहा | 800000.000 | 112000.000 |
| | | | | 0.29 | 0.29 | | | 232000.000 |
| 2 | अशोक कुमार पिता बहोरिक | 7 | 259/11 | 0.02 | 0.02 | बहरा | 800000.000 | 16000.000 |
| 3 | उदेराम, शोभाराम, चमरू राम,उदेमति, पिता चमरू राम, नेपाबाई पिता चमरा राम, बुंदकुंवर पिता चमरा राम | 8 | 141/1 | 0.13 | 0.13 | उरकहा | 800000.000 | 104000.000 |
| 4 | कृष्णा पिता चैतराम | 10 | 60/4 | 0.13 | 0.13 | बहरा | 800000.000 | 104000.000 |
| | | | 159/2 | 0.15 | 0.15 | उरकहा | 800000.000 | 120000.000 |
| | | | | 0.28 | 0.28 | | | 224000.000 |
| 5 | कचरा बाई पिता अन्त राम | 16 | 235/22 | 0.03 | 0.03 | टिकरा | 600000.000 | 18000.000 |
| | | | 235/27 | 0.02 | 0.02 | टिकरा | 600000.000 | 12000.000 |
| | | | | 0.05 | 0.05 | | | 30000.000 |
| 6 | गुलाल पिता नारायण | 18 | 261 | 0.05 | 0.05 | बहरा | 800000.000 | 40000.000 |
| 7 | गोपाल प्रसाद पिता सुरजभान प्रसाद | 19 | 111/1 | 0.10 | 0.10 | बहरा | 800000.000 | 80000.000 |
| 8 | गोवर्धन सिंह पिता मेकु सिंह | 21 | 235/18 | 0.17 | 0.17 | टिकरा | 600000.000 | 102000.000 |
| 9 | गोवर्धन सिंह पिता रघुनाथ सिंह | 22 | 259/5 | 0.02 | 0.02 | बहरा | 800000.000 | 16000.000 |
| 10 | घासीराम पिता कन्हैया | 26 | 141/4 | 0.12 | 0.12 | उरकहा | 800000.000 | 96000.000 |
| 11 | चंद्रिका सिंह पिता बिष्णु सिंह | 27 | 127/2 | 0.09 | 0.09 | बहरा | 800000.000 | 72000.000 |
| | | | 156/5 | 0.19 | 0.19 | गभार | 800000.000 | 152000.000 |
| | | | | 0.28 | 0.28 | | | 224000.000 |
| 12 | चन्द्रशेखर पिता जगदीश | 29 | 65/5 | 0.05 | 0.05 | बहरा | 800000.000 | 40000.000 |
| 13 | चिन्ता राम पिता बिसाहू | 31 | 144/5 | 0.03 | 0.03 | गभार | 800000.000 | 24000.000 |
| | | | 250/5 | 0.03 | 0.03 | बहरा | 800000.000 | 24000.000 |
| | | | | 0.06 | 0.06 | | | 48000.000 |
| 14 | जगदीश प्रसाद पिता बद्री प्रसाद | 42 | 259/7 | 0.02 | 0.02 | बहरा | 800000.000 | 16000.000 |
| 15 | जोधिन पिता मोहन सिंह, बुधवारा बाई पति मोहन सिंह | 45 | 188/1 | 0.25 | 0.25 | उरकहा | 800000.000 | 200000.000 |
| | | | 188/2 | 0.25 | 0.25 | उरकहा | 800000.000 | 200000.000 |
| | | | | 0.50 | 0.50 | | | 400000.000 |
| 16 | तेजकुवर पति पुनी राम | 50 | 259/1) | 0.02 | 0.02 | बहरा | 800000.000 | 16000.000 |
| | | | 259/2) | 0.02 | 0.02 | बहरा | 800000.000 | 16000.000 |
| | | | 259/3 | 0.02 | 0.02 | बहरा | 800000.000 | 16000.000 |
| | | | 259/4 | 0.02 | 0.02 | बहरा | 800000.000 | 16000.000 |
| | | | 259/6 | 0.02 | 0.02 | बहरा | 800000.000 | 16000.000 |
| | | | 259/8 | 0.02 | 0.02 | बहरा | 800000.000 | 16000.000 |
| | | | 259/10 | 0.02 | 0.02 | बहरा | 800000.000 | 16000.000 |
| | | | 259/12 | 0.02 | 0.02 | बहरा | 800000.000 | 16000.000 |
| | | | 259/13 | 0.02 | 0.02 | बहरा | 800000.000 | 16000.000 |
| | | | 259/14 | 0.02 | 0.02 | बहरा | 800000.000 | 16000.000 |
| | | | 259/15 | 0.02 | 0.02 | बहरा | 800000.000 | 16000.000 |
| | | | | 0.22 | 0.22 | बहरा | | 176000.000 |
| 17 | देशुराम पिता बंधन | 56 | 260/3 | 0.09 | 0.09 | बहरा | 800000.000 | 72000.000 |
| | | | 262/3 | 0.04 | 0.04 | बहरा | 800000.000 | 32000.000 |
| | | | | 0.13 | 0.13 | | | 104000.000 |
| 18 | दुर्गेश्वरी पिता भोलू राम | 57 | 117/11 | 0.14 | 0.14 | गभार | 800000.000 | 112000.000 |
| 19 | देसु राम पिता शिवचरण | 60 | 142/3 | 0.11 | 0.11 | बहरा | 800000.000 | 88000.000 |
| 20 | धर्मेन्द्र सिंह पिता जवाहर सिंह | 64 | 235/9 | 0.25 | 0.25 | टिकरा | 600000.000 | 150000.000 |
| 21 | पटैतराम पिता चुन्नी लाल | 72 | 144/3 | 0.03 | 0.03 | गभार | 800000.000 | 24000.000 |
| | | | 144/8 | 0.03 | 0.03 | गभार | 800000.000 | 24000.000 |
| | | | 144/9 | 0.02 | 0.02 | गभार | 800000.000 | 16000.000 |
| | | | | 0.08 | 0.08 | | | 64000.000 |
| 22 | परसराम, जगतराम, बंधूराम देवराम, बगुदल पिता चमरू | 78 | 242/1 | 0.07 | 0.07 | उरकहा | 800000.000 | 56000.000 |
| 23 | प्रताप सिंह, बिष्णु सिंह | 79 | 156/2 | 0.04 | 0.04 | गभार | 800000.000 | 32000.000 |
| | | | 158/2 | 0.10 | 0.10 | उरकहा | 800000.000 | 80000.000 |
| | | | 169/2 | 0.11 | 0.11 | उरकहा | 800000.000 | 88000.000 |
| | | | | 0.25 | 0.25 | | | 200000.000 |
| 24 | फगनी बाई पति ईतवार | 83 | 152/2 | 0.23 | 0.23 | गभार | 800000.000 | 184000.000 |
| 25 | फिरू राम पिता चुन्नी लाल | 87 | 63/4) | 0.09 | 0.09 | उरकहा | 800000.000 | 72000.000 |
| | | | 95/4) | 0.07 | 0.07 | उरकहा | 800000.000 | 56000.000 |
| | | | | 0.16 | 0.16 | | | 128000.000 |
| 26 | बैजनाथ पिता भोगी | 91 | 181/5) | 0.10 | 0.10 | उरकहा | 800000.000 | 80000.000 |
| | | | 181/6) | 0.04 | 0.04 | उरकहा | 800000.000 | 32000.000 |
| | | | | 0.14 | 0.14 | | | 112000.000 |
| 27 | बिष्णु कुमारी पिता छेदीलाल सावित्री देवी छोटेलाल | 92 | 145/3 | 0.03 | 0.03 | गभार | 800000.000 | 24000.000 |
| 28 | विनोद पिता पिताम्बर | 93 | 142/10) | 0.05 | 0.05 | उरकहा | 800000.000 | 40000.000 |
| | | | 142/11) | 0.05 | 0.05 | उरकहा | 800000.000 | 40000.000 |
| | | | | 0.10 | 0.10 | | | 80000.000 |
| 29 | बेदुराम पिता शिवचरण | 100 | 142/4 | 0.22 | 0.22 | बहरा | 800000.000 | 176000.000 |
| 30 | बहारन पिता कुंजल सिंह | 101 | 116/4 | 0.34 | 0.34 | बहरा | 800000.000 | 272000.000 |
| | | | 163/4 | 0.04 | 0.04 | बहरा | 800000.000 | 32000.000 |
| | | | 263/3 | 0.02 | 0.02 | बहरा | 800000.000 | 16000.000 |
| | | | | 0.40 | 0.40 | | | 320000.000 |
| 31 | मीना पिता चन्द्रपाल | 111 | 235/17 | 0.17 | 0.17 | टिकरा | 600000.000 | 102000.000 |
| 32 | मनोरमा पिता शिवनारायण सिंह | 112 | 235/14 | 0.13 | 0.13 | टिकरा | 600000.000 | 78000.000 |
| 33 | मनीराम पिता संतराम | 113 | 186/4 | 0.18 | 0.18 | उरकहा | 800000.000 | 144000.000 |
| 34 | मंगलीबाई पति बनउ, मुन्ना राम, बाबूलाल, रामलाल राधेलाल, संतलाल पिता बनउ मंजन बाई पति सुना राम, तीजराम, राजकुमार, ललिता लता पिता सुन राम सुरजबाई पति पंचराम गंगा राम,सागर, संगीता ज्याति पिता पंचराम | 117 | 97/1 | 0.05 | 0.05 | गभार | 800000.000 | 40000.000 |
| 35 | यमुना देवी पिता रामायण प्रसाद | 118 | 235/21 | 0.04 | 0.04 | टिकरा | 600000.000 | 24000.000 |
| | | | 235/24 | 0.03 | 0.03 | टिकरा | 600000.000 | 18000.000 |
| | | | | 0.07 | 0.07 | | | 42000.000 |
| 36 | रमेश कुमार पिता हिमांचल सिंह | 123 | 168/10 | 0.04 | 0.04 | उरकहा | 800000.000 | 32000.000 |
| 37 | रामलाल पिता रामदेव | 125 | 142/9 | 0.03 | 0.03 | उरकहा | 800000.000 | 24000.000 |
| 38 | रामस्वरूप पिता कन्हैया लाल | 126 | 142/8 | 0.03 | 0.03 | उरकहा | 800000.000 | 24000.000 |
| 39 | रामकिशोर पिता माने सिंह | 127 | 259/9 | 0.02 | 0.02 | बहरा | 800000.000 | 16000.000 |
| 40 | रामप्रसाद पिता पुनीत राम | 133 | 161 | 0.20 | 0.20 | उरकहा | 800000.000 | 160000.000 |
| | | | 173 | 0.18 | 0.18 | उरकहा | 800000.000 | 144000.000 |
| | | | | 0.38 | 0.38 | | | 304000.000 |
| 41 | राजकुमार पिता देशु राम | 134 | 142/5 | 0.11 | 0.11 | बहरा | 800000.000 | 88000.000 |
| 42 | लखन लाल पिता अंतराम | 140 | 179/1 | 0.25 | 0.25 | उरकहा | 800000.000 | 200000.000 |
| | | | 192/3 | 0.14 | 0.14 | उरकहा | 800000.000 | 112000.000 |
| | | | 250/2 | 0.04 | 0.04 | बहरा | 800000.000 | 32000.000 |
| | | | | 0.43 | 0.43 | | | 344000.000 |
| 43 | सुधीर पिता डी0एस0मिश्रा | 145 | 183/6 | 0.05 | 0.05 | उरकहा | 800000.000 | 40000.000 |
| 44 | सुरमीत सिंह पिता गोपाल सिंह | 146 | 156/4 | 0.04 | 0.04 | गभार | 800000.000 | 32000.000 |
| 45 | सीता राम पिता अंतराम | 147 | 178/1) | 0.29 | 0.29 | उरकहा | 800000.000 | 232000.000 |
| | | | 178/2) | 0.25 | 0.25 | उरकहा | 800000.000 | 200000.000 |
| | | | | 0.54 | 0.54 | | | 432000.000 |
| 46 | सुरजीत सिंह पिता गोपाल सिंह | 148 | 117/10 | 0.14 | 0.14 | उरकहा | 800000.000 | 112000.000 |
| | | | 165/1 | 0.41 | 0.41 | बहरा | 800000.000 | 328000.000 |
| | | | | 0.55 | 0.55 | | | 440000.000 |
| 47 | श्याम कुंवर पति जीवन लाल | 150 | 178/3 | 0.05 | 0.05 | उरकहा | 800000.000 | 40000.000 |
| | | | 179/2 | 0.20 | 0.20 | उरकहा | 800000.000 | 160000.000 |
| | | | | 0.25 | 0.25 | | | 200000.000 |
| 48 | सहारन पिता कुंजल | 154 | 163/1 | 0.13 | 0.13 | बहरा | 800000.000 | 104000.000 |
| | | | 263/1 | 0.11 | 0.11 | बहरा | 800000.000 | 88000.000 |
| | | | | 0.24 | 0.24 | | | 192000.000 |
| 49 | सत्यनारायण पिता केदार | 157 | 115/17) | 0.04 | 0.04 | गभार | 800000.000 | 32000.000 |
| | | | 115/18) | 0.04 | 0.04 | गभार | 800000.000 | 32000.000 |
| | | | 152/1 | 0.04 | 0.04 | गभार | 800000.000 | 32000.000 |
| | | | 152/4 | 0.04 | 0.04 | गभार | 800000.000 | 32000.000 |
| | | | 152/5 | 0.04 | 0.04 | गभार | 800000.000 | 32000.000 |
| | | | 152/6 | 0.02 | 0.02 | गभार | 800000.000 | 16000.000 |
| | | | 152/7 | 0.02 | 0.02 | गभार | 800000.000 | 16000.000 |
| | | | 152/8) | 0.04 | 0.04 | गभार | 800000.000 | 32000.000 |
| | | | 152/9) | 0.04 | 0.04 | गभार | 800000.000 | 32000.000 |
| | | | 152/10 | 0.04 | 0.04 | गभार | 800000.000 | 32000.000 |
| | | | 168/1 | 0.04 | 0.04 | उरकहा | 800000.000 | 32000.000 |
| | | | 168/2 | 0.04 | 0.04 | उरकहा | 800000.000 | 32000.000 |
| | | | 168/3 | 0.04 | 0.04 | उरकहा | 800000.000 | 32000.000 |
| | | | 168/4 | 0.04 | 0.04 | उरकहा | 800000.000 | 32000.000 |
| | | | 168/5 | 0.04 | 0.04 | उरकहा | 800000.000 | 32000.000 |
| | | | 168/6 | 0.04 | 0.04 | उरकहा | 800000.000 | 32000.000 |
| | | | 168/7 | 0.04 | 0.04 | उरकहा | 800000.000 | 32000.000 |
| | | | 168/8 | 0.04 | 0.04 | उरकहा | 800000.000 | 32000.000 |
| | | | 168/9 | 0.04 | 0.04 | उरकहा | 800000.000 | 32000.000 |
| | | | 245/1 | 0.01 | 0.01 | टांगर | 600000.000 | 6000.000 |
| | | | | 0.73 | 0.73 | | | 582000.000 |
| 50 | सुमित्रा पति पुरन | 158 | 260/4 | 0.12 | 0.12 | बहरा | 800000.000 | 96000.000 |
| 51 | साहेब लाल पिता ननकी | 160 | 162 | 0.25 | 0.25 | उरकहा | 800000.000 | 200000.000 |
| 52 | सुखमति पिता बिसाहू | 161 | 144/6 | 0.15 | 0.15 | गभार | 800000.000 | 120000.000 |
| 53 | सिया राम पिता अन्त राम | 162 | 144/2 | 0.18 | 0.18 | गभार | 800000.000 | 144000.000 |
| 54 | संतोष पिता गणेश सिंह | 166 | 235/16 | 0.17 | 0.17 | टिकरा | 600000.000 | 102000.000 |
| 55 | हरि राम पिता फुल सिंह | 170 | 140/3 | 0.06 | 0.06 | बहरा | 800000.000 | 48000.000 |
| | | | 145/1 | 0.14 | 0.14 | गभार | 800000.000 | 112000.000 |
| | | | 170/1 | 0.23 | 0.23 | बहरा | 800000.000 | 184000.000 |
| | | | 177/1 | 0.14 | 0.14 | बहरा | 800000.000 | 112000.000 |
| | | | | 0.57 | 0.57 | | | 456000.000 |
| 56 | सरवन कुमार पिता धरम लाल | 173 | 171/3 | 0.25 | 0.25 | उरकहा | 800000.000 | 200000.000 |
| 57 | नारायण प्रसाद हीरा लाल | 176 | 186/5 | 0.18 | 0.18 | उरकहा | 800000.000 | 144000.000 |
| 58 | पुनी राम | 178 | 245/3 | 0.05 | 0.05 | गभार | 800000.000 | 40000.000 |
| 59 | समारू | 179 | 245/4 | 0.05 | 0.05 | टिकरा | 600000.000 | 30000.000 |
| 60 | बहारन | 180 | 245/5 | 0.04 | 0.04 | टिकरा | 600000.000 | 24000.000 |
| 61 | सुरजीत सिंह पिता गोपाल सिंह | 181 | 156/1 | 0.10 | 0.10 | गभार | 800000.000 | 80000.000 |

अतः उपरोक्तानुसार समस्त भूस्वामियों से निवेदन है, कि वे अपनी भूमि का मुआवजा एसईसीएल, कुसमुण्डा क्षेत्र में अपना आवेदन एवं वांछित दस्तावेज जमा कर तत्काल प्राप्त करने का कष्ट करें। नोटः– यह अवगत कराना आवश्यक है, कि कोल बियरिंग अधिनियम (A&D) अधिनियम 1959 के अंतर्गत मुआवजा राशि यदि धारक या भूमि स्वामी द्वारा निश्चित अवधि तक नहीं लिया जाता है तो मुआवजा राशि को Tribunal में जमा करने का प्रावधान है। यदि भूमिस्वामी द्वारा भूमि का मुआवजा आवेदन पेपर प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर नहीं किया गया तो प्रबंधन उस मुआवजा राशि को Tribunal में जमा करने के लिए बाध्य होगी।

SECL/24-25/54 — महाप्रबंधक,एसईसीएल,कुसमुण्डा क्षेत्र

## मुद्रास्फीति में आ रही गिरावट अब थम रही

# वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए परिदृश्य अब नाजुक होता जा रहा : आरबीआई

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारत सकल मांग और गांवों में गैर-खाद्यान्न वस्तुओं पर खर्च बढ़ने के साथ बहुप्रतीक्षित आर्थिक उड़ान भरने की दहलीज पर है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के मंगलवार को जारी मई बुलेटिन में यह कहा गया है। बुलेटिन में प्रकाशित 'अर्थव्यवस्था की स्थिति' पर एक लेख में कहा गया है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए परिदृश्य नाजुक होता जा रहा है। इसका कारण एक तरफ मुद्रास्फीति में में जो गिरावट आ रही थी, वह अब थमती जा रही है, वहीं दूसरी तरफ वैश्विक वित्तीय स्थिरता के लिए जोखिम फिर से बढ़ रहा है।

### पूंजी प्रवाह अस्थिर हो गया

इसमें कहा गया है कि पूंजी प्रवाह अस्थिर हो गया है क्योंकि घबराए निवेशक जोखिम लेने से बचने लगे हैं। यह लेख रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर माइकल देबब्रत पात्रा की अगुवाई वाली टीम ने लिखा है।

**खास बातें**

- भारत आर्थिक उड़ान की दहलीज पर
- वैश्विक वित्तीय स्थिरता के लिए जोखिम फिर से बढ़ रहा
- घबराए निवेशक जोखिम लेने से बचने लगे हैं




### देश में मांग की गति में तेजी की और इशारा

*लेख में कहा गया है, 'यह उम्मीद बढ़ रही है कि भारत बहुप्रतीक्षित आर्थिक उड़ान की दहलीज पर है। इसका कारण हाल के संकेत है जो कुल मांग की गति में तेजी की ओर इशारा कर रहे हैं।' इसमें कहा गया है कि कम से कम दो वर्षों में पहली बार पिछली तिमाही में दैनिक उपयोग की उपभोक्ता वस्तुओं (एफएमसीजी) की गांवों में मांग शहरी बाजारों से आगे निकल गई है।*

### मजबूत मांग से एफएमसीजी में वृद्धि दर्ज

*घरेलू और व्यक्तिगत देखभाल से जुड़े उत्पादों की मजबूत मांग से एफएमसीजी वस्तुओं की मात्रा में वृद्धि 6.5 प्रतिशत रही। इस वृद्धि को 7.6 प्रतिशत की ग्रामीण वृद्धि से गति मिली। वहीं शहरी क्षेत्रों में वृद्धि 5.7 प्रतिशत थी।*

### कंपनियों ने तिमाही आधार पर राजस्व में वृद्धि पाई

*लेख में निजी निवेश के बारे में लिखा गया है कि सूचीबद्ध निजी विनिर्माण कंपनियों ने कमाई का कुछ हिस्सा जो अपने पास रखा, वह 2023-24 की दूसरी छमाही में कोष का प्रमुख स्रोत बना रहा। सूचीबद्ध कंपनियों के अबतक घोषित वित्तीय परिणाम बताते हैं कि उन्होंने वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही में सालाना और तिमाही आधार पर राजस्व में जो वृद्धि हासिल की, वह सर्वाधिक थी।*

### मुद्रास्फीति अप्रैल में मामूली कम हुई

*लेख में लिखा गया है कि हेडलाइन (सकल) मुद्रास्फीति में इस साल अप्रैल में मामूली कमी आई। यह हमारी उम्मीदों के अनुरूप है। ईंधन के दाम में नरमी और मुख्य मुद्रास्फीति के नीचे आने तथा ऐतिहासिक रूप से निचले स्तर पर पहुंचने के बावजूद खाद्य श्रेणी में सब्जियों, अनाज, दाल, मांस और मछली की कीमतें निकट अवधि में खुदरा मुद्रास्फीति को ऊंची और पांच प्रतिशत के करीब रख सकती हैं। यह अप्रैल में मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के अनुमान के अनुरूप है।*



## मुनाफावसूली से सोने चांदी के भाव रिकॉर्ड स्तर से नीचे फिसले

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को सोने और चांदी की कीमतें अपने रिकॉर्ड ऊंचाई से नीचे आईं। कमजोर वैश्विक रुख और मुनाफावसूली के कारण सोने की कीमत में 550 रुपये प्रति 10 ग्राम की गिरावट दर्ज हुई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार, सोने की कीमतें अमेरिकी फेडरल रिजर्व के सदस्यों में से एक की तीखी टिप्पणियों से प्रभावित हुईं, जिन्होंने सुझाव दिया कि मुद्रास्फीति को लक्ष्य पर वापस लाने के लिए ब्याज दरों को लंबी अवधि तक मौजूदा स्तर पर जारी रखने की आवश्यकता होगी। सोने की कीमत 550 रुपये गिरकर 74,650 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। पिछले सत्र में सोना 75,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। राष्ट्रीय राजधानी में चांदी की कीमतें 1,600 रुपये टूटकर 94,500 रुपये प्रति किलोग्राम रह गईं। पिछले सत्र में यह 96,100 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, 'दिल्ली में हाजिर सोना (24 कैरेट) 74,650 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था। जो पिछले बंद भाव से 550 रुपये की गिरावट दर्शाता है।'

# बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का पूंजीकरण पहली बार पांच लाख करोड़ डॉलर के पार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 21 मई को नई ऊंचाई पर पहुंच गया। इस दौरान पहली बार कंपनियों का मार्केट कैप 5 लाख करोड़ डॉलर को पार कर गया। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) की वेबसाइट के मुताबिक, एक्सचेंज में लिस्टेड सभी कंपनियों का मार्केट कैप 21 मई को 5.01 लाख करोड़ डॉलर यानी 412 लाख करोड़ रुपए को पार कर गया। इस साल के शुरू से अब तक मार्केट कैपिटल में 633 अरब डॉलर से भी ज्यादा की बढ़ोतरी देखने को मिली है। हालांकि, बीएसई सेंसेक्स अब भी अपने ऑल टाइम हाई से 1.66 पर्सेंट नीचे है, जबकि बीएसई का मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांक 21 मई को रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया। नवंबर 2023 में बीएसई का कुल मार्केट कैपिटल 4 लाख करोड़ डॉलर पर पहुंच गया था और अब महज 6 महीनों में यह 5 लाख करोड़ डॉलर को पार कर गया है। बीएसई में लिस्टेड फर्मों का मार्केट कैप मई 2007 में 1 लाख करोड़ डॉलर को पार कर गया था। इसके बाद इसे 2 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचने में एक दशक का समय लगा और जुलाई 2017 को मार्केट कैप ने यह आंकड़ा पार कर लिया। मई 2021 में मार्केट कैप ने 3 लाख करोड़ डॉलर के आंकड़े को पार कर लिया।

### चार देशों के बाजार 5 लाख करोड़ डॉलर पार

*फिलहाल, दुनिया भर में सिर्फ 4 देशों के स्टॉक मार्केट का मार्केट कैप 5 लाख करोड़ डॉलर से ज्यादा रहा है। इन देशों में अमेरिका, चीन, जापान और हॉन्गकॉन्ग शामिल हैं। अमेरिका 55.65 लाख करोड़ डॉलर के मार्केट कैप के साथ सबसे आगे है। इसके बाद क्रमशः चीन (9.4 लाख करोड़ डॉलर), जापान (6.42 लाख करोड़ डॉलर) और हॉन्गकॉन्ग (5.47 लाख करोड़ डॉलर) शामिल हैं।*


epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## Appointment आवश्यकता

### विद्युत कर्मी

आवश्यकता है- 33 के.वी/ 11 के.वी सब स्टेशन, रायपुर में कार्य करने के लिए, आई.टी.आई. पास अनुभवी विद्युत कर्मियों की शीघ्र आवश्यकता है। **संपर्क करें नंबर 9414083494 .**(RO-1171)

### टीचर

आवश्यकता है- गुरु राम दास स्कूल तुलसी बाराडेरा रायपुर अंग्रेजी माध्यम हेतु शिक्षक/ शिक्षिकाओं -05, प्रचार प्रसार प्रतिनिधि -02, सहायिका -02, घरेलू कार्य हेतु महिला **(पचपेड़ी नाका प्रियदर्शनी नगर) की आवश्यकता है संपर्क:- 6263349364. (RO-986)**

आवश्यकता है-धरसींवा के घोढ़ी ग्राम में समवेत संस्था में प्राथमिक विद्यालय में योग्य शिक्षक चाहिए। चित्रकला या संगीत में निपुण को वरीयता दी जाएगी तत्काल आवेदन दें। उत्तम कुमार साहू 9691691012.(RO-985)

### सेल्समैन/ऑपरेटर

आवश्यकता है- थोक वस्त्र व्यवसाय की लाइन में कार्य किया हुआ अनुभवी सेल्समैन व कंप्यूटर ऑपरेटर तथा दुकान में कार्य हेतु लड़कों की आवश्यकता है **संपर्क चुन्नीलाल केसरीमल बरलोटा शॉप नंबर 29- 30 प्रथम गेट टैक्सटाइल मार्केट पंडरी रायपुर 9425506658, 9424200658.** (RO-1641)

### नर्सिंग स्टाफ

आवश्यकता है- दुर्ग अस्पताल मे कार्य हेतु नर्सिंग स्टॉफ, ओटी स्टॉफ एवं सोशल मिडिया कार्य हेतु स्टॉफ की आवश्यकता है **सम्पर्क :- 88782-66633, 74711-26283.**(Ro-480)

### सिक्योरिटीगार्ड

आवश्यकता है- सिक्योरिटी गार्ड की 10वीं पास उम्र 18 से 45 वर्ष ड्यूटी समय 12 घंटे, 30 दिन, वेतन 14000/- PF और ESI के साथ **संपर्क सड्डू रायपुर- 6261704334, 8497964446.** (RO-3983)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### सिविल इंजीनियर

WANTED- ए.सी.सी. सीमेंट (थर्ड पार्टी पेरोल) में काम करने के लिए 02पद - सिविल इंजीनियर डिप्लोमा / बी.टेक, 02पद सेल्स मार्केटिंग - एम.बी.ए / ग्रेजुएट, वेतन योग्यतानुसार, **संपर्ककरे : राजा स्टील ट्रेडर्स, रिसाली दिनांक 23/05/2024 शाम 05:00बजे से 07:00बजे तक, बायोडाटा तुरंत व्हाट्सएपकरे - 73899-51109 या संपर्ककरे 98264-98036.** (Ro-474)

### सेल्समैन/सेल्सगर्ल

आवश्यकता है- रायपुर में एसी साड़ी शोरूम के लिए सेल्समेन, सेल्सगर्ल, हेल्पर, कम्प्यूटर ऑपरेटर की वेतन योग्यतानुसार अनुभवी को प्राथमिकता, ड्यूटी टाइम 10:30 -9:30 **शीघ्र सम्पर्क करें विरदीचंद मानकलाल जैन कं का ली पा रा 9340477419, 9425216364.** (RO-2760)

### कुक

आवश्यकता है- जयस्तंभ चौक स्थित रेस्टोरेंट में किचन में कार्य करने हेतु कुक एंव हेल्पर की आवश्यकता है, आकर्षक वेतन दोपहर 12 से शाम 5:00 के मध्य संपर्क करें. गिरनार रेस्टोरेंट, जयस्तंभ चौक, रायपुर(RO-1615)

### ड्रायवर

आवश्यकता है- ड्राइवर की आवश्यकता है जिसे ऑटोमेटिक एवं मैनुअल गाड़ी चलाने का अनुभव हो। संपर्क करें लक्ष्मी मेडिकल एजेंसी शॉप नंबर 42-43 ओल्ड मेडिकल कंपलेक्स रजबंधा रोड रायपुर मोबाइल नंबर- 9425250777.(RO-4417)

### ऑफिस बॉय

आवश्यकता है- रायपुर एफएमसीजी कंपनी में ऑफिस ब्वॉय की आवश्यकता है। शैक्षणिक योग्यता- 10वीं पास. सैलरी Rs. 8000-10,000, पीएफ ईएसआईसी इंश्योरेंस के लाभ भी मिलेंगे। साक्षात्कार हेतु **संपर्क करें : 9399024415, 8827775033.** (RO-254)

हरिभूमि क्लासीफाईड

### दुकान कार्य

आवश्यकता है- दुकान में कार्य करने हेतु ईमानदार एवं मेहनती लड़कों की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार। संपर्क करें- अनमोल सीट कवर सिंधी बाजार एम.जी रोड, रायपुर मोबाइल नंबर- 93295-84946, 78697-60604.(RO-1615)

### क्लिनिक कार्य

आवश्यकता है- डेंटल क्लिनिक में कार्य करने हेतु लड़की की आवश्यकता है **संपर्क करें: सुबह 11 से 1 बजे डेंटल केयर क्लिनिक चंद्राकर हॉस्टल के बाजू ,रायपुरा चौक रायपुर 9926161822** dr Thakur (RO-1446)

### अकाउंटेन्ट/ऑफिस वर्क

आवश्यकता है- 02पद जूनियर अकाउंटेंट एम. कॉम / बी. कॉम टैलीप्राइम / एम.एस.ऑफिस, 03पद ऑफिसवर्क - बी.कॉम / ग्रेजुएट / 12th, 01पद ड्राईवर / हमाल सीमेंट गाड़ी टाटा DI के लिए. 01पद सुपरवाइजर कम ड्राइवर, वेतन योग्यतानुसार। **राजा स्टील ट्रेडर्स, रिसाली, 23/5/ 2024 शाम 05:00बजे से 07:00बजे तक, बायोडाटा तुरंत व्हाट्सएपकरे 73899-51109 या संपर्ककरे 98264-98036.**(Ro-475)

### गोडाउन/ड्रायवर

आवश्यकता है- डाबर की एजेंसी के गोडाउन एवं कम्पुटर पर कार्य करने हेतु लडके एवम टाटा एस चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है । **सम्पर्क करें किसन मार्केटिंग, महेश कालोनी, श्रीनगर रोड गुढियारी, रायपुर फोन 4092158.** (RO-meeth)

### सेल्स/मीर्केटिंग

आवश्यकता है- रायपुर, भिलाई, दुर्ग में दवाईयों की मार्केटिंग हेतु 10वीं, 12वीं पास सेल्स प्रतिनिधि लड़के/ लड़कियों की आवश्यकता है। वेतन- 8000 से 10000 +टीए +डीए +इंसेंटिव योग्यतानुसार। मेडिकल लाइन के अनुभवी को प्राथमिकता। **संपर्क करें- मो.-62643-03125, 90983-53333.**(आरो नं.-6335)

हरिभूमि

### घरेलु/ऑफिस कार्य

आवश्यकता है- घरेलू कार्य, खाना बनाना ऑफिस में टेली कॉलिंग घर बैठे मार्केटिंग और फील्ड वर्किंग हेतु लड़की /महिला चाहिए खाना रहना फ्री पार्ट/फुल टाइम सैलरी 5000 /10000 **पता:- गोकुल टावर गुढ़ियारी रायपुर नेहा - 7000804678, 9039321951.** (RO-2756)

### सुपरवाइजर

आवश्यकता है- मेटल पार्क उरला में कार्य करने हेतु स्मार्ट लोडिंग सुपरवाईजर की आवश्यकता है। वेतन 20 हजार, उरला आसपास के रहवासी को प्राथमिकता **संपर्क:- क्लासिक स्पार्कलर्स, जय गोपाल सोसायटी, बीएसएनएल आफिस, फाफाडीह चौक, रायपुर l** (RO-494)

### घरेलु कार्य

आवश्यकता है- बंगलो मे कार्य करने हेतु घरेलू नौकर (पुरुष) की अनुभव- 2 से 3 वर्ष 24-घंटे रहना खाना साथ मे उम्र 20 से 30 वर्ष वेतन योग्यतानुसार कृपया अनुभवी ही **संपर्क करें:- 9109222000.** (RO-2759)

### आवश्यकता

आवश्यकता है- एक अंग्रेजी कंप्यूटर का अच्छा जानकर लड़के की जरूरत है ट्रांसपोर्ट office के लिए वेतन 15000 **संपर्क करे सुबह 10 के बाद 9425219226, 31/250 सिविल लाइन्स मुख्य मंत्री निवास के सामने** (RO-2755)

### ऑफिस कार्य

आवश्यकता है- ऑफिस सहायक हेतु 10वी पास युवकों की जो बाहर जाकर काम कर सके। सैलरी- 10,000 +कमीशन +बोनस +आवास फ्री, ट्रेनिंग के बाद कमाए 25,000 से 30,000 महीने मे। **संपर्क:- 8180068616, 9171336699.** (RO-2746)

आवश्यकता है- रीवा, सतना ऑफिस में कार्य हेतु 18-28 वर्ष के 10वीं, 12वीं पास अविवाहित लड़के चाहिए वेतन 10000 कमीशन+ बोनस ट्रेनिंग पश्चात 15000 से 25000 रहना फ्री **सम्पर्क करें- 7987711297, 7000361880.** (RO-34179)

### हेल्पर

आवश्यकता है- बिस्कुट पैकिंग कार्य एवं अन्य कार्य करने हेतु , रहकर काम करने वाले हेल्पर लड़को की आवश्यकता है रूम-बिजली की सुविधा फ्री है **पता बंजारी मंदिर के पास रावाभाटा रायपुर** Mobile **7471176423** (RO-990)

### नर्सिंग स्टाफ

आवश्यकता है- शाखा बलरामपुर रामानुजगंज वाड्रफ नगर राथेनपुर बगीचा जशपुर कुनकुरी पाली बैकुंठपुर मनेन्द्रगढ़ सरायपाली धरमजयगढ़ घरघोड़ा सरिया अंबिकापुर प्रतापपुर सीतापुर सूरजपुर ओड़गी मरवाही पेंड्रा पत्थलगांव गुंडरदेही जगदलपुर, भानुप्रतापपुर केशकाल अम्बागढ़ सिमगा कुरुद नगरी गरियाबन्द राजिम रायपुर-2 लोकेशन में ई क्लीनिक हेतु नर्सिंग स्टाफ सिर्फ महिलाओं की आवश्यकता है योग्यता- ANM, GNM, Bsc nursing वेतन 8500 **सम्पर्क करें- 9098171239.** (RO-34199)

### कुक/सेफ/वेटर

आवश्यकता है- रेस्टोरेंट में कार्य करने हेतु इंडियन कुक-3, सेफ-1, तंदुरी कुक - 2, कैप्टन -2, वेटर-4, किचन हेल्पर-4, वाटर ब्वाय-2 की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार **संपर्क करें:- द गोल्डन ढाबा एंड फैमली रेस्टोरेंट नियर टोल प्लाजा तरपोंगी जिला- रायपुर मो- 70004-28368, 98271-66974.**(Ro-481)

### अन्य

आवश्यकता है- एयरपोर्ट (HEAD OFFICE) हेतु तुरंत आवश्यकता कम्पनी द्वारा (सीधी भर्ती) पक्की परमानेंट नौकरी (लड़के- लड़कियां) अनपढ़, 8वीं, 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएट (वेतन 32500-81300/-) ग्राउंड स्टाफ, सुपरवाइजर, चेकर, हेल्पर, गार्ड, ड्राइवर (फ्री रहना + खाना + मेडिकल) रायपुर संपर्क:- **09205883119.** (Ro-2723)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

## Education शिक्षण

प्रवेश प्रारंभ - *फेल विद्यार्थी समय बचाए* :- पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी निश्चित सफलता के साथ पास करेः- B.ED, B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, M.A, M.COM, M.SC, MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLY-TECHNIC, B.Tech, (*अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करे*) सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा **संपर्क:-** *Bharti Education Academy* Sector-6 Bhilai Mo.- **9826196515, 9826896515** (RO -6334)

## Property प्रापर्टी

### आवश्यकता

मकान बेचना है- महासमुंद में डबल स्टोरी मकान 2000 फीट एकता चौक के पास दुकान सहित 95 लाख में, एवं 2000 फीट कलेक्टरेट रोड के पास 85 लाख में बेचना है । **9907826124, 7974486019.**(RO-07)

मकान बेचना है-हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सड्डू स्थित एलआईजी कॉर्नर का सिंगल स्टोरी मकान दो साईड रोड दोनों साईड गेट लगभग 910 स्क्वेयर फीट **संपर्क करें मोबाइल नंबर:- 9993059700, 8358030320.** (RO-2752)

## Purchase खरीदना

खरीदना है- छत्तीसगढ़ में आरा मिल खरीदना/ किराये में लेना है। अनुभवी आरा मिस्त्री एवं लोडिंग हेतु मजदूरों की टीम भी तुरन्त **सम्पर्क करें- 8871044001.**(RO-34190)

## Business व्यापार


व्यापार- अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना किसी रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000 प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट **संपर्क:-APS इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447, बिलासपुर - 8359913999, 9589288936, रायगढ़- 7869755871.**(Ro-2741)

## Finance फायनेंस

फाइनेंस - राज्य ग्रामीण बैंकों द्वारा सभी प्रकार के लोन, बिजनेस, मार्कशीट, आधारकार्ड, प्रॉपर्टी, कृषि, होमलोन 1% सालाना ब्याज व 40% सब्सिडी के साथ प्राप्त करे, नोट- धोखेबाजों से सावधान।, हेडऑफिस लोन डिपार्टमेंट **हेल्पलाइन नंबर:- 9991177208, 9991177208.** (RO-2745)

फाइनेंस- मुद्रा योजना के अंतर्गत आधारकार्ड से मुद्रालोन, समस्त लोन, आसान किस्तों पर पाएं, 50,000 से 5 लाख तक, 2% ब्याज, 50% छूट, **संपर्क करे:- 09599838780.**(RO-2736)

## Astrology ज्योतिष



आपके घर किसी ने किया कराया, भूत प्रेत, वशीकरण, पति-पत्नि में अनबन, गृह कलेश, दवाई का ना लगना या और कोई भी बाधा हो तो खुली आँखो से दिखाऊंगा। दुःखिया एक बार फोन जरूर करें।
पता- दुर्ग, भिलाई।
मो.-7404178317

अब आप पायेंगे अपना एक सच्चा हमसफर...



हरिभूमि वैवाहिकी (प्रति रविवार)
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश में आपका वैवाहिकी विज्ञापन एक साथ प्रकाशित किया जायेगा।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें- 7987119756, 6263818152

### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

## Healthcare

ईलाज की गारंटी पैसा ठीक होने के बाद



- गुप्त रोग नामर्दी, लिंग में छोटापन ।
- शीघ्र पतन पेशाब से धातु जाना ।
- लिंग में ढीलापन, शुक्राणु की कमी ।
- शुगर से आयी हुई सेक्स में कमी ।
- आयुर्वेदिक द्वारा खोई हुई शक्ति पुन: प्राप्त करें ।
- चर्मरोग व वात रोग का ईलाज किया जाता है।
- नि:संतान दम्पति आज ही मिले ।

आज ही संपर्क करें
श्रीकांत आयुर्वेदिक जड़ीबुटी भण्डार
दुर्ग में शॉप नं. 16, पारख कॉम्पलेक्स, पेट्रोल पम्प के सामने, ग्रीन चौक
रायपुर में स्टेशन रोड, सीमरन होटल के सामने
9174440077
9009330088

सोरियासिस (Psoriasis)

सोरायसिस रोग एक लाईलाज बीमारी को किसी तरह अपनी मर्जी से कोई चुटकुले दवा या मोबाइल देखकर खुद ईलाज ना करे। क्योकि यह वात, पित्त, कफ, किसी एक विकृति के कारण यह रोग होता है। आप कैसे जानेंगे कि किस विकृति से रोग हुआ हैं। परंतु कारण को जाने बिना स्टेराइड इत्यादि दवा से इसे दबाने की कोशिश करते हैं जो रोग बाद में जिद्दी एवं पुराना हो जाता है। यह आटो इम्यून डिसआर्डर रोग है। सोरियासिस लाईलाज एक जटिल रोग है इसकी चिकित्सा केवल आयुर्वेद के रस-रसायन के अलावा दूसरी चिकित्सा हैं ही नहीं। इसमे वायरस बैक्टीरिया दोनों नहीं होते । इसलिये यह छूत की बीमारी भी नहीं है। सिर मे रुसी का भ्रम, शरीर में तांबे रंग के पपड़ीयुक्त छिलकेनुमा छाले, दाग, नाखूनो का सड़ना उंगलियों का टेढ़ा होना, जोड़ो में सूजन-दर्द, अकड़न होकर रोगी अपंग हो जाता है। यह सोरियासिस के गंभीर लक्षण है। इसमे कोई चमड़ी रोग नाशक दवा या इस्टेराईड एवं पंचकर्म क्रिया से रोग नहीं जाता दब जाता है इससे कईयों के लीवर एवं किडनी खराब हो गये यदि समस्त लाईलाज चमड़ी रोगों से परेशान हो तो मिलें।

वायरो रिसर्च एन्ड स्किन केयर क्लीनिक
आई.एस.ओ. सर्टिफाईड
सुविख्यात चिकित्सक
डॉ. एच.सी.अग्रवाल (एम.डी.)
भारत चिकित्सा रत्न व राष्ट्रीय चिकित्सा सम्मान पुरुस्कार, नेशनल एवार्ड से सम्मानित
9425555659, 9617789223
डॉ. वी. के. अग्रवाल (बीएएमएस)
(आयुर्वेद विज्ञान विशेषज्ञ) रजि. 00255)
9303948500
निशांत अग्रवाल(फार्मासाईटिस्ट)
9303242200
रेल्वे स्टेशन रोड, स्वरुप टाकीज के सामने, बजाज(गोल्ड) फाइनेंस के पीछे दुर्ग (छत्तीसगढ़)समय - शाम 4 से 7 बजे।
अपाईटमेंट फोन से (गुरुवार अवकाश)

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर
परखनली शिशु केन्द्र



1994 से आपकी सेवा में
उपलब्ध सुविधाएं
- आई.व्ही.एफ.
- इक्सी
- आई.यू.आई.
- लेप्रोस्कोपी
- हिस्ट्रोस्कोपी

संपर्क
डॉ. विजया वाकोडकर
वाकोडकर नर्सिंग होम
नेहरू नगर वेस्ट भिलाई
फोन : 9329029731

# विनेश, पंघाल, हुड्डा, मलिक सहित 6 पहलवानों को नहीं देना होगा ट्रायल, डायरेक्ट एंट्री

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय कुश्ती संघ ने विनेश फोगाट सहित 6 पहलवानों को पेरिस ओलंपिक में बिना ट्रायल के डायरेक्ट एंट्री देने का निर्णय लिया है। 2024 में पेरिस ओलंपिक्स करीब आते जा रहे हैं, जिसकी शुरुआत 26 जुलाई को होगी और ये खेल 11 अगस्त तक चलेंगे। भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष संजय सिंह ने मंगलवार को कहा कि आगामी ओलंपिक खेलों के लिए कुश्ती में कोई ट्रायल नहीं होगा।˘

इस फैसले का मतलब है कि कोटा मिले हुए रेसलर्स को ओलंपिक खेलों में सीधी एंट्री दी जाएगी। पुराने अधिकारियों ने ट्रायल का नियम बनाया था, लेकिन अब कुछ एथलीट्स की मांग पर ट्रायल ना करवाने का निर्णय लिया गया है।संघ ने कहा कि यह विशेष परिस्थितियों में लिया गया फैसला है और इसे भविष्य के लिये परिपाटी नहीं माना जाना चाहिये।

### फॉर्म व फिटनेस का आकलन हंगरी में

संघ ने कहा कि इन पहलवानों के फॉर्म और फिटनेस का आकलन आगामी रैंकिंग सीरिज टूर्नामेंट और हंगरी में अभ्यास शिविर में होगा। डब्ल्यूएफआई ने यह भी कहा कि अगर किसी भी पहलवान की फिटनेस में कमी पाई गई तो महासंघ आठ जुलाई से पहले ट्रायल के जरिये विकल्प के बारे में सोचेगा। प्रविष्टियां भेजने की आखिरी तारीख आठ जुलाई है। भारत ने पेरिस ओलंपिक के लिये छह कोटा हासिल किये हैं।



### इनको मिली कोटा से एंट्री

कोटा के तहत ओलंपिक खेलों के लिए भारतीय जत्थे में शामिल पहलवानों में विनेश फोगाट (50 किग्रा), अंतिम पंघाल (53 किग्रा), रितिका हुड्डा (76 किग्रा), निशा दहिया (68 किग्रा), अंशु मलिक (57 किग्रा) शामिल हैं। वहीं पुरुष पहलवानों में कोटा से ओलंपिक खेलों में जाने वाले एकमात्र पहलवान अमन सहरावत होंगे, जो 57 किग्रा स्पर्धा में भाग लेंगे।

### अमन-निशा का बेहतर प्रदर्शन

अमन सहरावत और निशा दहिया ने इसी साल इस्तांबुल में हुए रेसलिंग क्वालीफायर्स में अच्छा करते हुए कोटा हासिल किया था। यानी कोटा मिलने वाले 6 रेसलर्स अब बिना ट्रायल प्रक्रिया से गुजरे ओलंपिक खेलों में दावेदारी पेश कर पाएंगे।







### क्यों मिल रही डायरेक्ट एंट्री

कुश्ती संघ के अध्यक्ष संजय सिंह ने अपनी स्टेटमेंट में डायरेक्ट एंट्री का कारण बताते हुए कहा कि पांच पहलवानों ने हमसे आग्रह किया था कि ट्रायल ना करवाए जाएं क्योंकि इससे उनकी तैयारियों पर असर पड़ेगा। ऐसे में उन्हें वजन घटाना पड़ता और पूरा ध्यान ट्रायल्स पर चला जाता। चूंकि पेरिस ओलंपिक खेलों में बहुत कम समय बचा है इसलिए चयन समिति ने ट्रायल ना करवाने का निर्णय लिया है और ओलंपिक टीम में कोटा मिले रेसलर्स जाएंगे। कुश्ती संघ पहले भी ऐसा ही करता आया है।

---

### आईपीएल

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
**708 रन**
बेंगलोर

पर्पल कैप



हर्षल पटेल
**24 विकेट**
पंजाब

### बाउंड्री मीटर

**2099** चौके
**1224** छक्के

### खबर संक्षेप



#### एकता ने क्लब थ्रो में स्वर्ण पदक जीता

**कोबे (जापान)।** भारत की एकता भयान ने सत्र का सर्वश्रेष्ठ 20.12 मीटर का थ्रो फेंककर विश्व पैरा एथलेटिक चैम्पियनशिप में महिलाओं की एफ51 क्लब थ्रो स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया। इससे पहले दीप्ति जीवनजी ने महिलाओं की 400 मीटर टी20 श्रेणी की रेस में स्वर्ण पदक जीता था। एकता के स्वर्ण के अलावा कशिश लाकड़ा ने 14.56 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता। अल्जीरिया की नाजेत बूशेर्फ ने 12.70 मीटर के साथ कांस्य पदक हासिल किया। भारत के अब दो स्वर्ण, तीन रजत और दो कांस्य पदक हो गए हैं।

#### चंद्रू ने जसकरण को हराकर डब्ल्यूबीसी इंडिया राष्ट्रीय खिताब जीता

**हैदराबाद।** तमिलनाडु के उभरते हुए मुक्केबाज चंद्रू जी ने पंजाब के जसकरण सिंह को चौथे दौर में नॉकआउट करते हुए डब्ल्यूबीसी इंडिया क्रूजरवेट चैंपियनशिप खिताब जीता। इस मुकाबले में 10-0 के जीत-हार के रिकॉर्ड के साथ उतरे चंद्रू उम्मीद के मुताबिक जीत दर्ज करने में सफल रहे। उन्होंने हालांकि धीमी की शुरुआत की और जसकरण (9-3) ने अपनी लंबाई का फायदा उठाते हुए बढ़त बना ली। दूसरे दौर से हालांकि चंद्रू ने दबदबा बनाना शुरू किया और फिर विरोधी मुक्केबाज को कोई मौका नहीं दिया। रैफरी केविन डेविड ने इसके बाद मुकाबला रोककर चंद्रू को विजेता घोषित किया। इस बीच अक्षय चहल और राम सिंह के बीच आठ दौर का मुकाबला बराबरी पर छूटा जबकि हरियाणा के आशीष चौधरी ने पंजाब के मनीष शर्मा को सर्वसम्मत फैसले से हराया।



#### त्रिसा-गायत्री मलेशिया मास्टर्स के दूसरे दौर में

**कुआलालंपुर।** भारत की त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला युगल के दूसरे दौर में पहुंच गई। राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता भारतीय जोड़ी ने चीनी ताइपै की हुआंग यू सुन और लियांग जिंग यू को 21-14, 21-10 से हराया। पुरूष एकल क्वालीफिकेशन दौर में भारत के चारों खिलाड़ी हार गए। पिछले साल दिसंबर में ओडिशा मास्टर्स जीतने वाले सतीश कुमार करूणाकरन ने मलेशिया के चीम जून वेइ को 21-15, 21-19 से हराया।

---

## आईपीएल : गंभीर के नेतृत्व में 2012 और 2014 में टीम जीत चुकी है ट्रॉफी

# सनराइजर्स को आठ विकेट से रौंदकर कोलकाता नाइट राइडर्स पहुंची तीसरा खिताब जीतने के करीब

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

मिचेल स्टार्क (34 रन पर तीन विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद कप्तान श्रेयस अय्यर (24 गेंद में नाबाद 58) और वेंकटेश अय्यर (28 गेंद में नाबाद 51) की आक्रामक पारियों से कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल के पहले क्वालीफायर मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद को 38 गेंद शेष रहते आठ विकेट से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। सनराइजर्स की पारी को 159 रन पर समेटने के बाद केकेआर ने महज 13.4 ओवर में दो विकेट पर 164 रन बना कर चौथी बार इस लीग में फाइनल का टिकट कटाया। सनराइजर्स को 26 मई को खेले जाने वाले फाइनल में जगह बनाने के लिए, राजस्थान रॉयल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच बुधवार को खेले जाने वाले एलिमिनेटर के विजेता से शुक्रवार (24 मई) को भिड़ना होगा।



### केकेआर ने आसानी से हासिल किया लक्ष्य

सनराइजर्स से ट्रेविस हेड (0) और अभिषेक शर्मा (3) जल्दी आउट हुए। खराब शुरुआत के बाद राहुल त्रिपाठी ने अर्धशतक (55) लगाया। उनके अलावा हेनरिक क्लासेन (32) और कप्तान पैट कमिंस (30) ने टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। जवाब में रहमानुल्लाह गुरबाज (23) और सुनील नरेन (21) ने टीम को सधी हुई शुरुआत दिलाई। इसके बाद वेंकटेश और श्रेयस की पारियों की मदद से केकेआर ने लक्ष्य हासिल किया।

### दो बार खिताब जीत चुकी है नाइटराइडर्स

गौरतलब है कि केकेआर ने 2021 के बाद फाइनल में प्रवेश किया है। गौतम गंभीर के नेतृत्व में 2012 और 2014 में केकेआर की टीम ट्रॉफी जीत चुकी है। दिलचस्प यह है कि गौतम गंभीर इस समय भी केकेआर की टीम के मेंटोर हैं।

### एसआरएच के पास होगा एक और मौका

इस हार के बावजूद एसआरएच के पास फाइनल में पहुंचने का एक और मौका होगा। एसआरएच की टीम अब 24 मई को होने वाले क्वालीफायर-2 में हिस्सा लेगी। इसमें दूसरी टीम आरसीबी और आरआर के बीच होने वाले एलिमिनेटर मैच की विजेता टीम होगी।

### गुरबाज ने पूरे किए अपने 4,000 टी-20 रन

केकेआर से पारी की शुरुआत करने आए अफगानिस्तान के विकेटकीपर रहमानुल्लाह गुरबाज ने 14 गेंदों पर 23 रन बनाए। उन्होंने अपनी इस पारी में 2 चौके और इतने ही छक्के लगाए। इस बीच उन्होंने अपने टी-20 क्रिकेट करियर के 168 मैचों में 4,000 रन भी पूरे किए।

### स्कोर बोर्ड

| हैदराबाद | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| ट्रेविस हेड बो स्टार्क | 00 | 02 | 0 | 0 |
| अभिषेक शर्मा का रसेल बो अरोड़ा | 03 | 04 | 0 | 0 |
| राहुल त्रिपाठी रन आउट | 55 | 35 | 7 | 1 |
| नीतिश रेड्डी का रहमानुल्लाह बो स्टार्क | 09 | 10 | 1 | 0 |
| शाहबाज अहमद बो स्टार्क | 00 | 01 | 0 | 0 |
| क्लासेन का रमनदीप बो चक्रवर्ती | 32 | 21 | 3 | 1 |
| अब्दुल समद का अय्यर बो हर्षित | 16 | 12 | 0 | 2 |
| सनवीर सिंह बो नारायण | 00 | 01 | 0 | 0 |
| पैट कमिंस का रहमानुल्लाह बो रसेल | 30 | 24 | 2 | 2 |
| भुवनेश्वर कुमार पगबाधा चक्रवर्ती | 00 | 04 | 0 | 0 |
| विजयकांत व्यासकांत नाबाद | 07 | 05 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 07, कुल : 19.3 159/10 रन
गेंदबाजी: स्टार्क 4-0-34-3, अरोड़ा 2-0-17-1, हर्षित 4-0-27-1, नारायण 4-0-40-1, रसेल 1.3-0-15-1, चक्रवर्ती 3-0-15-2

| कोलकाता | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रहमानुल्लाह का व्यासकांत बो नटराजन | 23 | 14 | 2 | 2 |
| सुनील व्यासकांत बो कमिंस | 21 | 16 | 4 | 0 |
| वेंकटेश अय्यर नाबाद | 51 | 28 | 5 | 4 |
| श्रेयस अय्यर नाबाद | 58 | 24 | 5 | 4 |

अतिरिक्त: 11, कुल योग: 13.4 ओवर में 164/2 रन
गेंदबाजी: भुवनेश्वर 3-0-28-0, कमिंस 3-0-38-1, नटराजन 3-0-22-1, व्यासकांत 2-0-22-0, रेड्डी 1.4-0-32-0, शाहबाज 1-0-13-0

---

### आईपीएल एलिमिनेटर

# राजस्थान के सामने आत्मविश्वास से लबरेज बेंगलोर की कठिन चुनौती





एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

संजू सैमसन की कप्तानी वाली राजस्थान रॉयल्स के सामने बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग प्लेऑफ में आत्मविश्वास से भरी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू की कठिन चुनौती होगी जो चमत्कारिक प्रदर्शन करके यहां तक पहुंची है। आरसीबी प्लेऑफ से बाहर होने की कगार पर पहुंचने के बाद सनसनीखेज तरीके से चौथे स्थान तक पहुंची। रॉयल्स चार हार और एक वर्षाबाधित मैच रद्द होने के बाद यहां पहुंची है तो आरसीबी ने लगातार छह जीत दर्ज करके अपने प्रतिद्वंद्वी के लिये खतरे की घंटी बजा दी है। मैच आज 22 मई को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में शाम 7:30 बजे से खेला जाएगा।

### आरसीबी ने जीते हैं ज्यादा मुकाबले

अब तक दोनों टीमें कुल 31 मैचों में आमने-सामने हुई है, जिसमें से 15 में आरसीबी ने जीत दर्ज की है और 13 मैच आरआर ने जीते हैं। इस बीच 3 मैच बेनतीजा रहे हैं। आईपीएल 2024 की इकलौती भिड़ंत में आरआर ने जीत दर्ज की थी। आईपीएल 2023 में दोनों टीमें 2 मुकाबलों में आपस में भिड़ी थी और दोनों में आरसीबी ने जीत हासिल की थी। दोनों टीमों के बीच सर्वोच्च स्कोर (217) आरआर ने बनाया है।

### आरआर के इन खिलाड़ियों का रहा उम्दा प्रदर्शन

संजू सैमसन ने आरसीबी के विरुद्ध 23 मैच की 22 पारियों में 452 रन बनाए हैं, जिसमें 3 अर्धशतक भी शामिल हैं। रियान पराग ने इस टीम के विरुद्ध 5 पारियों में 110 रन बनाए हैं, जिसमें 1 अर्धशतक भी शामिल हैं। रविचंद्रन अश्विन ने 28 मैच में 22 विकेट झटके हैं। ट्रेंट बोल्ट के नाम 12 मैच में 16 विकेट हैं। आरसीबी के विराट कोहली ने आरआर के खिलाफ 30 मैच खेले हैं। इसकी 29 पारियों में उन्होंने 731 रन बनाए हैं। दिनेश कार्तिक ने आरआर के खिलाफ 33 मुकाबले खेले हैं। इसकी 28 पारियों में 630 रन बनाए हैं। उनके बल्ले से 3 अर्धशतक भी निकले हैं।

---

# धोनी के सिक्स की बॉल गई थी स्टेडियम के बाहर, क्लासेन डीके ने भी लगाए हैं लंबे सिक्स



### महेंद्र सिंह धोनी : 110 मीटर

एमएस धोनी ने आईपीएल 2024 के 68वें मैच में आरसीबी के खिलाफ 110 मीटर का छक्का लगाया था। गेंदबाज यश दयाल थे। धोनी ने उनकी गेंद पर ऐसा हिट लगाया कि गेंद स्टेडियम के बाहर जाकर गिरी थी। ये वही ओवर था, जिसमें सीएसके को क्वालीफाई करने के लिए 17 रनों की दरकार थी, लेकिन छक्का लगाने के बाद धोनी आउट हो गए थे और आरसीबी मैच जीतकर प्लेऑफ में पहुंच गई।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2024 अब अपने समाप्ति की ओर अग्रसर हो चुका है। लीग स्टेज के अब तक हुए 70 मैचों के बाद प्लेऑफ के मुकाबले शुरू हो गए हैं। लीग स्टेज में हुए सभी 70 मैचों के दौरान कुल 1208 छक्के लगे हैं। आईपीएल के इतिहास में यह किसी भी सीजन के सबसे ज्यादा सिक्स हैं। इन मैचों में ऐसे भी खिलाड़ी हैं, जिन्होंने सबसे लंबे छक्के लगाए हैं। इस सीजन महेंद्र सिंह धोनी के नाम सबसे बड़ा छक्का है। उन्होंने 110 मीटर दूर गेंद को भेजा था, जो स्टेडियम के बाहर जाकर गिरी थी। यश दयाल के खिलाफ लगा यह सिक्स इस सीजन फैंस को खूब पसंद आया।

**दिनेश कार्तिक : 108 मीटर**

दिनेश कार्तिक ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ इस सीजन के 30वें मैच में 108 मीटर दूर गेंद को फेंका था, यह छक्का एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में लगा था, जिसकी लंबाई 108 मीटर दर्ज की गई थी।

**हेनरिक क्लासेन : 106 मीटर**

आईपीएल 2024 के 30वें मुकाबले में हेनरिक क्लासेन ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 106 मीटर का छक्का ठोक सभी को हैरान कर दिया था।

**वेंकटेश अय्यर : 106 मीटर**

आईपीएल 2024 के शुरुआत में बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने आरसीबी के खिलाफ एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में 106 मीटर का सिक्स जमाया थो, जो इस सीजन का चौथा सबसे बड़ा सिक्स है।

**निकोलस पूरन : 108 मीटर**

लखनऊ टीम के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज निकोलस पूरन ने आरसीबी के खिलाफ 106 मीटर लंबा छक्का लगाया था, ये इस सीजन का 15वां मैच था।


---

# पांच अद्भुत रिकॉर्ड, आईपीएल के इस सीजन को बना दिया ऐतिहासिक

## पावरप्ले के 6 ओवरों में बने 125 रन, लगे सबसे ज्यादा शतक

एजेंसी ▶▶| मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग का 17वां सीजन यानी आईपीएल 2024 अब अपने आखिरी पड़ाव पर है। लीग स्टेज के सभी 70 मैच हो चुके हैं। आईपीएल 2024 कई मायनों में खास है। लीग स्टेज के हर मैच में ऐसा कुछ न कुछ हुआ, जिसने रिकॉर्ड बना दिया। इस सीजन 5 ऐसे अद्भुत रिकॉर्ड बने, जिन्होंने इस सीजन को ऐतिहासिक बना दिया है। ये रिकॉर्ड बताते हैं कि साल 2008 से लेकर अब तक पिछले 16 साल में यह लीग कितना बदल गया है।



### अब तक 1208 छक्के, 1 मैच में औसतन 17 लगे

आईपीएल 2024 इस सीजन छक्कों की बारिश हुई है। आपको जानकर हैरानी होगी कि 2008 से 2023 तक 16 साल को मिलाकर औसतन हर 1 मैच में 12 छक्के लग रहे थे, लेकिन इस सीजन हर एक मैच में छक्कों की औसत 17 है। लीग स्टेज खत्म होने तक इस सीजन 1208 छक्के लग चुके हैं, जो एक आईपीएल सीजन में सबसे ज्यादा हैं।

### हर 5वें मैच में लगा शतक



आईपीएल 2024 ऐसा सीजन रहा, जिसमें सबसे ज्यादा शतक लगे हैं। अब तक 14 शतक लग चुके हैं, जो पिछले 17 साल के इतिहास में एक सीजन के सबसे ज्यादा हैं। इस बार 1 शतक के लिए मैचों का औसत 5 रहा। यानी हर 5 वें मुकाबले में एक सेंचुरी बनी।

### पावरप्ले का हाई स्कोर बना

आईपीएल 2024 में पावरप्ले का बेस्ट स्कोर भी बना। इस सीजन एसआरएच ने दिल्ली के खिलाफ 6 ओवरों में 125 रन कूटे। यह टी 20 इतिहास में पावरप्ले का सबसे बड़ा स्कोर है। साल 2008 में 78 रन हाई स्कोर था।

### पहली पारी का एवरेज स्कोर 191

पहली पारी का एवरेज स्कोर भी इस सीजन पिछले 17 सालों में सबसे ज्यादा रहा। इस सीजन 191 रन बने हैं। साल 2008 में यह आंकड़ा 161 रन था। पिछले साल 183 रन पहली पारी का औसत स्कोर था, लेकिन इस सीजन सबसे हाई रहा।

### पावरप्ले औसत स्कोर 55

बता दें कि आईपीएल 2024 में सभी टीमों का पावरप्ले स्कोर एवरेज 55 रहा है। साल 2008 में यह 46 का था। 17 साल के इतिहास में यह सबसे ज्यादा है

---

# जूनियर हॉकी : भारत ने बेल्जियम को हराकर की शानदार शुरूआत



एजेंसी ▶▶| एंटवर्प

श्रद्धानंद तिवारी के दो गोल की मदद से भारतीय जूनियर पुरूष हॉकी टीम ने बेल्जियम को पेनल्टी शूटआउट के जरिये हराकर यूरोप दौरे की रोमांचक जीत के साथ शुरूआत की।

तिवारी ने तीसरे और 27वें मिनट में गोल किये। निर्धारित समय तक स्कोर 2-2 था लेकिन भारत ने पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से जीत दर्ज की। तिवारी ने पेनल्टी स्ट्रोक पर गोल करके भारत को बढत दिलाई और पहले क्वार्टर तक यह बढत कायम रही। भारत को अब बुधवार को नीदरलैंड के ब्रेडा में बेल्जियम से ही खेलना है।

तीसरे क्वार्टर की शुरूआत में ही बेल्जियम ने दो पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर स्कोर बराबरी पर ला दिया। पेनल्टी शूटआउट में भारत के लिये गुरजोत सिंह, सौरभ आनंद कुशवाह, दिलराज सिंह और मनमीत सिंह ने गोल किये। भारतीय गोलकीपर प्रिंस दीप सिंह ने दो शानदार गोल बचाकर भारत की जीत में सूत्रधार की भूमिका निभाई।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com